राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 155
लखनऊ, गुरुवार 23 जनवरी 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



महाकुम्भ में जल्द शुरू होगी एक और हेलीकाप्टर सेवा : जयवीर सिंह 03

नौसेना की झांकी में दिखेंगे दो युद्धपोत व आईएनएस वाग्शीर 12

महाकुम्भ नगर में मुख्यमंत्री योगी की अध्यक्षता में आयोजित हुई मंत्रिमंडल की बैठक, 10 प्रस्तावों को मिली मंजूरी

# यूपी बनेगा एयरोस्पेस का महारथी

▸ 50 हजार करोड़ के निवेश को आकर्षित करने का लक्ष्य

समृद्धि न्यूज

**महाकुम्भ नगर।** विश्व के सबसे बड़े धार्मिक-सामाजिक समागम महाकुम्भ 2025 में जहां एक तरफ दुनियाभर के आस्थावानों का जुटान हो रहा है, वहीं प्रदेश की योगी सरकार ने भी इस महाकुम्भ के जरिए सूबे को महा सौगात दे दी है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में बुधवार को तीर्थराज प्रयागराज में मंत्रिमंडल की बैठक आयोजित की गई, जिसमें योगी सरकार ने प्रदेश के विकास को गति देने के लिए 10 अहम प्रस्तावों को मंजूरी दी। इसमें उत्तर प्रदेश को एयरोस्पेस और डिफेंस सेक्टर में महारथी बनाने के उद्देश्य से नई नीति को मंजूरी दी गई है। इसके अंतर्गत 50 हजार करोड़ के निवेश को आकर्षित करने का लक्ष्य है। इस नीति के लागू होने के बाद प्रदेश के 1 लाख युवाओं को सीधे-सीधे रोजगार मिलने की प्रबल संभावना है।

महाकुम्भ नगर से प्रदेश को महासौगात देने के क्रम में अन्य अहम प्रस्तावों में विदेशी कंपनियों को उद्योग स्थापित करने के लिए एफडीआई नीति में योगी कैबिनेट ने अपनी मुहर लगा दी है। इसके अंतर्गत योगी सरकार भूमि पर 80 प्रतिशत तक सब्सिडी देगी। इसके अलावा यूपी औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति में भी बड़े सुधारों की तरफ योगी सरकार ने कदम बढ़ाए हैं। महाकुम्भ नगर के त्रिवेणी संकुल में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन हुआ। इस दौरान उत्तर प्रदेश एयरोस्पेस तथा रक्षा इकाई एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति 2024 को मंजूरी दी गई।



### मेडिकल कॉलेज संचालित करने के लिए निविदादाता तय

प्रदेश के असेवित जनपद हाथरस, बागपत एवं कासगंज में भारत सरकार की वायबिलिटी गैप फण्डिंग के अन्तर्गत पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप मोड पर मेडिकल कॉलेज संचालित करने के लिए सफल निविदादाता के चयन को मंजूरी मिल गई। प्राप्त निविदाओं के तकनीकी एवं वित्तीय मूल्यांकन के बाद न्यूनतम निविदादाता के रूप में जनपद-हाथरस में राजश्री एजुकेशनल ट्रस्ट, जनपद-कासगंज में राजश्री एजुकेशनल ट्रस्ट एवं जनपद- बागपत में जयपाल सिंह शर्मा ट्रस्ट को न्यूनतम निविदादाता (एल-1 बिडर) के रूप में उपयुक्त पाया गया। योजना के तहत सरकार की प्राथमिकता उन जिलों में मेडिकल कालेज खोलने की है, जहां शासकीय अथवा निजी क्षेत्र के अंतर्गत कोई भी मेडिकल कॉलेज स्थापित नहीं है। इसी क्रम में प्रदेश के असेवित जनपदों में पीपीपी मोड के अन्तर्गत मेडिकल कॉलेज की स्थापना करने के संबंध में नीति निर्गत की गई है।

### निशुल्क वितरण के लिए 25 लाख स्मार्टफोन खरीदेगी सरकार

स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तीकरण योजना के अन्तर्गत नि:शुल्क स्मार्टफोन वितरण के लिए योगी सरकार 25 लाख स्मार्टफोन क्रय करेगी। इसके लिए अन्तिम बिड डाक्यूमेंट पर अनुमोदन प्रदान कर दिया गया। यह योजना 5 वर्ष के लिए लागू है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 4000 करोड़ रुपए के बजट का प्राविधान किया गया है। युवाओं को तकनीकी रूप से सशक्त बनाए जाने के लिए स्मार्ट फोन वितरित किए जाने की यह एक अभिनव योजना है। प्रस्ताव पर अनुमोदन से प्रदेश के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, स्वास्थ्य शिक्षा, कौशल विकास प्रशिक्षण एवं आईटीआई में पंजीकृत कुशल युवावर्ग तकनीकी रूप से सशक्त बनेंगे।

### एयरोस्पेस तथा रक्षा उत्पादन को दोगुना करने का लक्ष्य

रक्षा मंत्रालय द्वारा देश में 2025-26 तक एयरोस्पेस तथा रक्षा उत्पादन को दोगुना करके 25 बिलियन यूएस डॉलर और निर्यात को 5 बिलियन यूएस डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। 2047 तक एयरोस्पेस तथा रक्षा विनिर्माण क्षेत्र देश के सकल घरेलू उत्पाद में 25 प्रतिशत का योगदान होगा। देश में दो रक्षा औद्योगिक गलियारे उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु में स्थापित किये गये हैं।

### सीएम योगी ने मंत्रियों के साथ लगाई संगम में डुबकी



मुख्यमंत्री योगी ने अपने मंत्रियों के साथ संगम में आस्था की डुबकी लगाई, गंगा स्नान का वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें मुख्यमंत्री और उनके सहयोगी डुबकी लगाते समय बहुत प्रसन्न दिखाई दे रहे हैं, वे सब कितने प्रफुल्लित थे इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि कई डुबकी लगाने एक बाद सीएम और उनके मंत्री बालकों की तरह एक दूसरे पर पानी की बौछार करते और हंसी ठिठोली करते दिखाई दिए।

# पुष्पक एक्सप्रेस में आग की अफवाह से कूदे कई यात्री, 16 लोगों की मौत

▸ सीएम फडणवीस ने जताया दुख, बढ़ सकता है मौतों का आंकड़ा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के जलगांव में शाम को बड़ा हादसा हो गया। लखनऊ से मुंबई जा रही पुष्पक एक्सप्रेस में आग लगने की अफवाह फैल गई। इससे ट्रेन में सफर कर रहे यात्री इतना डर गए कि वह चलती ट्रेन से ही कूदने लगे। बगल की पटरी पर कर्नाटक एक्सप्रेस आ रही थी। ट्रेन से कूदे लोगों को कर्नाटक एक्सप्रेस ने रौंद दिया। करीब 30 से 40 लोग अफवाह के बाद ट्रेन से नीचे कूद गए। मंत्री गिरीश महाजन घटनास्थल पर कुछ ही समय में पहुंचेंगे।

यह हादसा जलगांव की पाचोरा तहसील के परधाडे गांव के पास हुआ। घटना में 16 लोगों के हताहत होने की जानकारी मिली है। बता दें कि पुष्पक एक्सप्रेस मुंबई सीएसटी की ओर जा रही थी, तभी यह हादसा हो गया। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने घटना पर दुख जताया है। महाराष्ट्र के मंत्री गुलाब राव पाटिल ने कहा कि घटना स्थल पर सीनियर अधिकारी पहुंच रहे हैं, जिसके बाद ज्यादा जानकारी उपलब्ध हो पाएगी। गुलाब राव पाटिल जलगांव के गार्जियन मिनिस्टर भी हैं। नासिक के डिविजनल कमिश्नर प्रवीण गेडाम ने कहा कि हादसे के बाद एसपी, कलेक्टर और अन्य अधिकारी मौके पर पहुंच रहे हैं। डीआरएम और रेलवे अधिकारियों से संपर्क किया जा रहा है। घटनास्थल पर 8 एंबुलेंस पहुंच चुकी हैं। उन्होंने कहा कि रेस्क्यू वैन और अतिरिक्त एंबुलेंस घटनास्थल पर पहुंच रही हैं।



### कर्नाटक : 50 मीटर गहरी खाई में गिरा ट्रक, 10 की मौत

**बेंगलुरु।** उत्तर कन्नड़ कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले के येल्लापुरा में बुधवार सुबह एक ट्रक 50 मी. गहरी खाई में गिर गया। इसमें 10 लोगों की मौत हो गई। वहीं, 15 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि सावनूर से फल और सब्जियां ले जा रहे ट्रक में 25 से ज्यादा लोग सवार थे। येल्लापुर में लगे मेले में इन फल-सब्जियों को पहुंचाया जा रहा था। इसी दौरान सुबह करीब 5 बजे सावनूर-हुबली हाइवे पर ट्रक ड्राइवर दूसरे वाहन को साइड देने के चक्कर में कंट्रोल खो दिया और खाई में गिर गया। एसपी एम नारायण ने बताया कि हादसे की जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची। 10 लोगों की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। 15 घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। इनमें कुछ गंभीर रूप से घायल हुए। सड़क पर घाटी की ओर कोई सुरक्षा दीवार नहीं थी। पुलिस ने बताया कि शवों को बाहर निकालने के लिए क्रेन बुलाई गई। मृतकों की पहचान फैयाज जमखंडी (45), वसीम मुदगेरी (35), एजाज मुल्ला (20), सादिक बाशा (30), गुलाम हुसैन जावली (40), इम्तियाज मुलाकेरी (36), अल्फाज जाफर मंडक्की (25), जिलानी अब्दुल जखाती (25), असलम बाबुली बेनी (24) के रूप में हुई है।

## संक्षिप्त समाचार

### मंत्रिमंडल की मंजूरी : अमनदीप होंगे सीपीसीबी के अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय में अपर सचिव अमनदीप गर्ग केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं। बुधवार को मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय में अपर सचिव अमनदीप गर्ग, आईएएस (एचपी:99) को केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के अध्यक्ष के पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपने को मंजूरी दे दी है। यह कार्यभार नियमित पदाधिकारी की नियुक्ति होने तक या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, सौंपा जाएगा।

### प्रयागराज-चित्रकूट विकास क्षेत्र के प्रस्ताव को मिली मंजूरी

**महाकुंभ नगर।** उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य राजधानी क्षेत्र (एससीआर) की तर्ज पर प्रयागराज-चित्रकूट विकास क्षेत्र के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में महाकुंभनगर के अरैल क्षेत्र में मंत्रिमंडल की बैठक में रोड इंफ्रास्ट्रक्चर , रोजगार सृजन और चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े कई अहम प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गयी। मंत्रिमंडल में शामिल भाजपा के सहयोगी अपना दल (एस),निषाद पार्टी और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) भी बैठक में मौजूद रहे।

### राष्ट्रपति ने दो हाई कोर्ट के लिए छह जज नियुक्त किए

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने दो हाई कोर्ट के लिए छह जजों की नियुक्ति की है। तेलंगाना हाई कोर्ट के लिए चार और आंध्रप्रदेश हाई कोर्ट के लिए दो जजों की नियुक्ति की है। ये सभी न्यायिक अधिकारी हैं। राष्ट्रपति ने तेलंगाना हाई कोर्ट के लिए रेणुका यारा, नरसिंग राव नंदीकोंडा, तिरुमाला देवी और मधुसुदन राव बीआर को जस्टिस नियुक्त किया है। राष्ट्रपति ने आंध्रप्रदेश हाई कोर्ट के लिए अवधानम हरि एचएस और वाईएल राव को जस्टिस नियुक्त किया है।

## आवश्यकता

लखनऊ से प्रकाशित 12 पृष्ठीय हिंदी दैनिक समाचार पत्र को उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड राज्य के समस्त जनपदों हेतु जिला एवं तहसील स्तरीय संवाददाताओं की, जो खबरों के साथ समाचार पत्रों की व्यवसायिक क्षेत्रों में दक्षता रखते हों, केवल वही अपने पूर्ण विवरण के साथ सम्पर्क करें।

**समृद्धि न्यूज**
**202, रीजेंसी प्लाजा, द्वितीय तल, 5-पार्क रोड, सिविल हॉस्पिटल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001,**
samradhinews@gmail.com
7985738649/9305748833

# स्वास्थ्य सुविधाओं का दायरा बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन को पांच वर्ष का विस्तार

▸ पीएम की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में फैसला

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने देश में स्वास्थ्य सुविधाओं का दायरा बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन को पांच वर्ष तक विस्तार देने का फैसला किया है।

प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। बैठक के बाद केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि देश में स्वास्थ्य सेवाओं के दायरे को बढ़ाने और स्वास्थ्य सुविधाओं के बुनियादी ढ़ांचे का मजबूत करने में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। यह मिशन वर्ष 2021 में शुरु किया गया था। उन्होंने कहा कि इस मिशन से सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने की दिशा में सहायता मिली है। उन्होंने बताया कि मिशन के आवंटन की घोषणा आगामी बजट में की जाएगी।

### जूट के एमएसपी में 315 रुपए की बढ़ोतरी

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने जूट के एमएसपी को मंजूरी प्रदान की है। 2025-26 के सीजन के लिए कच्चे जूट का एसपी 5650 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की। पिछले सीजन 2024-25 के मुकाबले जूट के मूल्य में 315 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि है। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि 2014-15 के बाद से 2025-26 के दौरान जूट के खरीद मूल्य को 2400 रुपये से बढ़ाकर 5650 रुपये प्रति क्विंटल किया गया है। यानि इन सालों में एमएसपी में 2.35 गुना की वृद्धि की गई है।

### घायल एसटीएफ इंस्पेक्टर का निधन, परिजनों को मिलेगी 50 लाख की मदद

**गुरुग्राम।** उत्तर प्रदेश के शामली जिले में बदमाशों से हुई मुठभेड़ के दौरान घायल एसटीएफ की मेरठ यूनिट में तैनात इंस्पेक्टर सुनील कुमार का मेदांता मेडिसिटी में बुधवार को निधन हो गया। मुख्यमंत्री योगी ने शामली में अपराधियों के साथ हुई मुठभेड़ में वीरगति को प्राप्त हुए एसटीएफ के निरीक्षक सुनील कुमार को श्रद्धांजलि दी है। मुख्यमंत्री ने शहीद के परिजनों को पचास लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। यूपी एसटीएफ की मेरठ टीम का शामली के झिंझाना क्षेत्र में दो दिन पूर्व सोमवार रात करीब 2.30 बजे कार सवार मुस्तफा कग्गा गैंग के बदमाशों की घेराबंदी के दौरान मुठभेड़ हो गई थी।

# अभय सिंह की विधायकी पर अब 12 फरवरी को होगी सुनवाई

▸ सपा विधायक पर हत्या का प्रयास व जानलेवा हमले का है आरोप

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** सपा के बागी विधायक अभय सिंह के खिलाफ 14 साल पुराने मामले में बुधवार को लखनऊ हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। समय की कमी के कारण कोर्ट ने अगली सुनवाई की डेट 12 फरवरी तय की है।

अभय सिंह पर हत्या का प्रयास और जानलेवा हमला करने का आरोप है। इसी केस में हाईकोर्ट की दो बेंचों ने अलग-अलग फैसला सुनाया था। इसके बाद केस को चीफ जस्टिस ने राजन रॉय की बेंच को ट्रांसफर कर दिया था। अयोध्या के रहने वाले विकास सिंह ने 2010 में अभय सिंह पर अंधाधुंध फायरिंग और जान से मारने की कोशिश करने का आरोप लगाया था। इस मामले में अंबेडकर नगर पुलिस ने हत्या के प्रयास और अन्य धाराओं में अभय सिंह और चार अन्य आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। 2023 में अंबेडकर नगर एमपी-एमएलए कोर्ट ने सुनवाई के बाद अभय सिंह समेत सभी आरोपियों को बरी कर दिया।

### ईडी के समन के खिलाफ केजरीवाल की याचिका पर 23 अप्रैल को होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने ईडी की ओर से जारी समन पर पेश नहीं होने के मामले में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को मजिस्ट्रेट कोर्ट की ओर जारी समन को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई टाल दी है। जस्टिस प्रतिभा सिंह की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि इस मामले पर सुनवाई आगे टालने की अनुमति नहीं दी जाएगी। मामले की अगली सुनवाई 23 अप्रैल को होगी। सुनवाई के दौरान केजरीवाल की ओर से पेश वकील ने सुनवाई टालने की मांग करते हुए कहा कि दलीलें रखने के लिए वरिष्ठ वकील उपलब्ध नहीं हैं। तब ईडी की ओर से पेश वकील ने कहा कि अब इस याचिका का कोई औचित्य नहीं है।

### आरोपी ताहिर हुसैन को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को 2020 के दिल्ली दंगों के आरोपी ताहिर हुसैन की अंतरिम जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने पूर्व आप नेता ताहिर हुसैन की जमानत याचिका पर विभाजित फैसला सुनाया। ताहिर हुसैन की अंतरिम जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट की दो जजों की पीठ एकमत नहीं है। दो जजों की पीठ में से एक न्यायमूर्ति पंकज मित्तल ने पूर्व आप नेता की याचिका खारिज कर दी तो वहीं, न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह ने याचिका को स्वीकार कर लिया। ताहिर हुसैन केस की सुनवाई अब तीन जजों की पीठ करेगी। दोनों जजों ने मामले को नई बेंच के गठन के लिए सीजेआई को भेज दिया।

# श्रीकृष्ण जन्मभूमि केस में सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के आदेश पर लगाई रोक

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में मथुरा शाही ईदगाह के सर्वे को लेकर सुनवाई हुई। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के उस फैसले पर रोक लगा दी है, जिसमें शाही ईदगाह के सर्वे करने को आदेश दिया गया था। मथुरा शाही ईदगाह के सर्वे को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई।

कोर्ट ने कहा कि इलाहाबाद हाई कोर्ट के उस आदेश पर रोक जारी रहेगी, जिसमें मथुरा में शाही ईदगाह मस्जिद परिसर का अदालत की निगरानी में सर्वेक्षण करने की अनुमति दी गयी थी। दरअसल, 14 दिसंबर,



2023 को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने हिंदू पक्ष की याचिका स्वीकार करते हुए परिसर का सर्वे कराने के लिए कोर्ट कमिश्नर नियुक्त करने का आदेश दिया था। मुस्लिम पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की और 16 जनवरी 2024 को सुप्रीम कोर्ट ने सर्वे पर रोक लगाई और अब इस मामले में चीफ जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की बेंच में मामले की सुनवाई हुई।

### दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा का धुआंधार प्रचार आज से

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव का दिन जैसे- जैसे नजदीक आ रहा है, वैसे-वैसे दिल्ली में राजनीतिक तापमान भी तेजी से बढ़ रहा है। सभी राजनीतिक दल अपनी पूरी ताकत झोंक रहे हैं। भाजपा अध्यक्ष व केन्द्रीय मंत्री जेपी नड्डा गुरुवार को दो बड़ी जनसभाएं करेंगे। नड्डा कल शाम को पहले उत्तम नगर में और फिर केशवपुरम में जनसभाएं करेंगे। दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों के लिए होने वाले चुनाव के लिए इस बार आम आदमी पार्टी, कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच त्रिकोणीय मुकाबला है। इस बार भाजपा कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही।

# दिल्ली चुनाव के लिए पीएम ने दिया जीत का मंत्र

▸ प्रत्येक बूथ पर 50 फीसदी से अधिक वोट हासिल करने का आह्वान

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को नमो एप के माध्यम से 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' कार्यक्रम के तहत दिल्ली भाजपा के बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं से संवाद किया और पांच फरवरी को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए जीत का मंत्र दिया।



प्रधानमंत्री ने बूथ कार्यकर्ता को पार्टी की असली शक्ति बताया और प्रत्येक बूथ पर मतदान के सारे रिकॉर्ड तोड़ने और हर बूथ पर 50 प्रतिशत से अधिक वोट हासिल करने के लिए बूथ में रहने वाले सभी नागरिकों का दिल जीतने का आह्वान किया। उन्होंने केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के साथ ही दिल्ली सरकार के घोटालों से भी अवगत कराने की जरूरत बताई।

प्रधानमंत्री ने आबकारी घोटाले को लेकर कहा कि आज दिल्ली में शराब उपलब्ध है, लेकिन लोगों को पीने के लिए साफ पानी नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा के बूथ कार्यकर्ता पर आआपा वालों की पोल खोलने की बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि आप अपने बूथ की हर उस गली की तस्वीर खींचे, वीडियो बनाएं जहां गंदा पानी बह रहा है, नाली टूटी हुई है, गंदगी के जो ढेर हैं और उन तस्वीरों को आप लोकेशन के साथ लोगों से शेयर करें। दिल्ली की सातों लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज करने का श्रेय कार्यकर्ता को देते हुए पीएम ने कहा कि दिल्ली में संगठन की ताकत की बदौलत हर बूथ पर यही शक्ति इस बार विधानसभा चुनाव में भी भाजपा को प्रचंड विजय दिलाएगी। पहला प्रत्येक बूथ पर मतदान के सारे रिकॉर्ड तोड़ने और दूसरा हर बूथ पर 50 प्रतिशत से अधिक वोट हासिल करने के लिए बूथ में रहने वाले सभी नागरिकों का दिल जीतना है।

प्रतियोगिता

खेल मंत्री मनसुख मंडाविया करेंगे खेलो इंडिया शीतकालीन खेल 2025 का उद्घाटन

# खेलो इंडिया शीतकालीन खेल 2025 का आगाज आज से

▸ 19 टीमों के 428 एथलीट लेंगे हिस्सा

एजेंसी

**लेह।** खेलो इंडिया सीजन की शुरुआत गुरुवार को लद्दाख में खेलो इंडिया विंटर गेम्स (केआईडब्ल्यूजी) 2025 से होगी जिसमें 19 प्रतिस्पर्धी टीमों के 428 एथलीट हिस्सा लेंगे।

खेल मंत्री डॉ मनसुख मांडविया लेह में प्रतिष्ठित नवांग दोरजे स्टोबदान स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में उद्घाटन समारोह में उपस्थित रहेंगे और खेलों की शुरुआत की घोषणा करेंगे। राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और संस्थागत



संगठनों सहित उन्नीस टीमें, दो स्पर्धाओं (आइस-हॉकी और आइस-स्केटिंग) में पांच दिनों तक प्रतिस्पर्धा करेंगी। यह खेलो इंडिया विंटर गेम्स 2025 का पहला भाग होगा। दूसरा भाग, जिसमें स्कीइंग जैसे बर्फ के खेल शामिल होंगे, 22 से 25 फरवरी तक जम्मू और कश्मीर द्वारा आयोजित किया जाएगा।

खेलो इंडिया विंटर गेम्स 2025 के उद्घाटन के समय डॉ मंडाविया के साथ ब्रिगेडियर डॉ बीडी मिश्रा, यूटी लद्दाख के उपराज्यपाल और भारतीय खेल प्राधिकरण और लद्दाख स्वायत्त पहाड़ी विकास परिषद के वरिष्ठ अधिकारी सहित कई गणमान्य व्यक्ति शामिल होंगे। लद्दाख दूसरी बार अपने पांचवें संस्करण में शीतकालीन खेलों की मेजबानी करेगा। इस दौरान 594 प्रतिभागियों के स्वागत के लिए पारंपरिक, लद्दाखी-शैली के उद्घाटन की योजना भी बनाई गई है।

### भारतीय गेंदबाजों ने इंग्लैंड को 132 रन पर रोका

**कोलकाता।** वरुण चक्रवर्ती (तीन विकेट) , हार्दिक पांड्या, अर्शदीप सिंह और अक्षर पटेल (दो-दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी के दम पर भारत ने आज पहले टी-20 मुकाबले में इंग्लैंड को 132 रनों के स्कोर पर रोक दिया। भारत के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। भारतीय गेंदबाज कप्तान की उम्मीदों पर खरे उतरे और उन्होंने इंग्लैंड के बल्लेबाजों को खुल कर खेलने का मौका नहीं दिया। हालांकि इस दौरान इंग्लैंड टीम के कप्तान जॉस बटलर ने कुछ आकर्षक शॉट लगाये। उन्होंने अपनी इस पारी में 44 गेंदों में आठ चौके और दो छक्के लगाते हुए (68) रनों की अर्धशतकीय पारी खेली। इंग्लैंड की शुरुआत खराब रही और उसने 17 रन पर अपने दो विकेट गवां दिये। फिल सॉल्ट (शून्य) और बेन डकेट (चार) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान जॉस बटलर ने हैरी ब्रूक के साथ पारी को संभलाने का प्रयास किया।

# बोकरो में मुठभेड़ में दो नक्सली ढेर 15 लाख का इनामी भी गिरफ्तार

एजेंसी

**बोकारो।** झारखंड के बोकारो जिले में पुलिस और भाकपा माओवादी नक्सलियों के बीच बुधवार को मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में दो नक्सली मारे गए। मारे गए नक्सलियों की पहचान 15 लाख के इनामी नक्सली रणविजय महतो की पत्नी शांति देवी और मनोज टुडू के रूप में हुई है। दोनों गिरिडीह जिले के रहने वाले थे।

डीजीपी के निर्देश पर पुलिस नक्सलियों के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है। इसी दौरान पुलिस के वरीय अधिकारी को सूचना प्राप्त हुई कि माओवादी का रिजनल कमेटी मेंबर 15 लाख का इनामी रणविजय महतो अपने दस्ते से मिलने आने वाला है।

दस्ते में साहेब राम मांझी, मनोज टुडू, शांति देवी, अरविन्द यादव और अन्य नक्सली शामिल हैं। वह पारसनाथ से बोकारो जिले के विवेक जो झुमरा और लुगु पहाड़ में भ्रमणशील है, से मिलने आने वाला है। इसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर कार्रवाई शुरू कर दी। इसी क्रम में 15 लाख के इनामी नक्सली रणविजय महतो को गिरफ्तार कर लिया गया। रांची से गई पुलिस की टीम ने बोकारो के चंद्रपुरा बीएड कॉलेज मोड़ से उसे पकड़ा था। खुफिया एजेंसी और झारखंड पुलिस की संयुक्त टीम ने यह कार्रवाई की। रणविजय महतो नक्सली संगठन में जोनल कमांडर रैंक का है। उसपर 15 लाख का इनाम है।

# डीएम के निरीक्षण के बाद बस अड्डे को शिफ्ट करने की कवायद तेज

- राजस्व टीम ने किया पीडब्ल्यूडी के समीप की भूमि का किया निरीक्षण

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़**



एक दिन पूर्व जिलाधिकारी के निरीक्षण के बाद स्थानीय राजस्व प्रशासन निर्देशों का पालन करने के लिए तेजी से जुट गया। बुधवार को राजस्व विभाग की टीम ने रोडवेज बस अड्डे के शिफ्ट किए जाने के लिए काशीराम आवास कालोनी के पास खाली पड़ी पीडब्ल्यूडी की जमीन की पैमाइश की है। नायब तहसीलदार सर्वेश कुमार यादव के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम ने पंजाबी कालोनी के पास काशीराम आवास कालोनी के समीप स्थित पीडब्ल्यूडी की खाली पड़ी भूमि का निरीक्षण किया। बता दें कि सोमवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने विधायक अमन गिरि, पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू के साथ पौराणिक शिव मंदिर कारिडोर निर्माण कार्य के साथ रोडवेज बस अड्डे के लिए प्रस्तावित इस भूमि का निरीक्षण भी किया था और एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता से रिपोर्ट देने को कहा था। रोडवेज बस अड्डे से संचालित रोडवेज बसों के कारण शहर में जाम की स्थिति बनी रहती हैं। वहीं सावन मेला में एक महीने के लिए रोडवेज बस अड्डे को अस्थाई रुप से मोहम्मदी मार्ग नए बाईपास पर श्यामलाल राइस मिल में शिफ्ट कर दिया जाता है। कॉरिडोर का मुख्य गेट रोडवेज बस अड्डे मार्ग पर ही बनाया गया है, जिसको लेकर जाम की स्थिति बन सकती है। एसडीएम विनोद गुप्ता ने बताया कि रोडवेज बस अड्डे के लिए बाईपास के पास खाली पड़ी पीडब्ल्यूडी की भूमि का बुधवार को राजस्व विभाग की टीम ने पैमाइस की है। रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी जाएगी।

## अलग-अलग हादसों में पांच घायल, चार जिला रेफर

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**

थाना क्षेत्र में हुई अलग-अलग हुए सड़क हादसों में पांच लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए सीएचसी ले जाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार गंभीर रूप से घायल मिथिलेश, संतोष पटेल, दिनेश कुमार, देव वर्मा को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थाना क्षेत्र के ग्राम गोपालापुर निवासी मिथिलेश 23 पुत्र रामसेवक, दिनेश कुमार 30 पुत्र रामकुमार, देव वर्मा 26 पुत्र जयपाल, पंजाबी कॉलोनी निवासी संतोष पटेल 28 पुत्र गयादीन व मैलानी थाना क्षेत्र के ग्राम भूपपुर निवासी ज्ञानी 20 पुत्र सेवाराम सड़क हादसें में घायल हो गए। हादसों में घायलों को तत्काल उपचार के लिए सीएचसी गोला ले जाया गया।

# महंत राजू दास की कथित टिप्पणी से समाजवादी कार्यकर्ताओं में उबाल

- सदर चौराहे पर महंत राजूदास का फूंका पुतला

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**



महंत राजू दास द्वारा दिवंगत सपा नेता मुलायम सिंह के विरुद्ध कथित अमर्यादित टिप्पणी का आरोप लगाते हुए सपाईयों में उबाल आ गया। बुधवार को दर्जनों सपाईयों ने सदर चौराहे पर महंत राजूदास का पुतला फूंकते हुए विरोध दर्ज कराया। बुधवार को पंकज लाला की अगुआई में सपा कार्यकर्ताओं ने सदर चौराहे पर कथित टिप्पणी को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होने कहा कि जिस तरह का बयान महंत राजू दास की तरफ़ से उनके दिवंगत नेता मुलायम सिंह के विषय में दिया गया, वह पूरी तरह से स्तरहीन और अमर्यादित बयान है समाजवादी पार्टी के लोग इसकी कड़ी निंदा करते है और प्रदेश सरकार से मांग करते है कि ऐसे ढोंगी लोगो का तत्काल प्रभाव से गिरफ्तारी हो अन्यथा समाजवादी पार्टी के लोग बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस मौके पर पंकज लाला, रजत गुप्ता, खुर्शीद अहमद, शोएब, प्रभात गुप्ता, शिवम, रसिक, गौरव यादव, प्रवीण कश्यप, गंगा सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मितौली महोत्सवः कृष्ण चरित्र के माध्यम से लीलाओं का संजीव चित्रण

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



कस्बा स्थित आदर्श इंटर कालेज के सामने मैदान में मितौली महोत्सव (मेला श्री धनुष यज्ञ) का शुभारंभ तीस दिसंबर को भूमि पूजन, ध्वजारोहण, शिव बरात और तेरह जनवरी 2025 से श्री राधा सर्वेश्वरी लीला संस्थान वृंदावन मथुरा द्वारा रामलीला एवं रासलीला पार्टी द्वारा दिन में रामचरितमानस के माध्यम से और रात्रि में कृष्ण चरित्र के माध्यम से लीलाओं का संजीव चित्रण किया जा रहा है। दिन में रामचरितमानस के माध्यम से धनुष भंग, सीता स्वयंवर की लीला का बाल कलाकरो द्वारा दिखाई गई और रात्रि में सम्राट जालंधर बध और चंद्रहास की लीला बहुत ही मनोहारी ढंग से दिखाकर दर्शकों को भाव विभोर कर मन मोह लिया। मेला आयोजक मास्टर दिनेश कुमार, मेला अध्यक्ष ग्राम प्रधान मितौली नीरज कश्यप, ने बताया कि रामलीला पार्टी के बाद रात्रि में सतियों और देवताओं के चरित्र पर बहुत ही अच्छी अच्छी झांकियां, बच्चों का कार्यक्रम और 31 जनवरी 2025 को विकासखंड मितौली के पूर्व प्रधान संघ के अध्यक्ष पूर्व ग्राम प्रधान मितौली स्वर्गीय फेरूलाल की स्मृति में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन एवं मुशायरे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रयागराज से अखिलेश द्विवेदी, बाराबंकी से विकास बौखल, मिश्रिख से जगजीवन मिश्र, लखीमपुर से नवल सुधांशु, रामनगर से प्रमोद पंकज, हरदोई से अजीत शुक्ला, कवित्री गुले शिवा फतेहपुरी व हरदोई से पल्लवी मिश्रा, मित्तौलगढ़ से कवि अमित कैथवर अपनी मधुर वाणी से स्वरचित कविताओं का जादू मितौली महोत्सव में बिखरें गें। मितौली महोत्सव के आयोजक मास्टर दिनेश कुमार नें समस्त क्षेत्र के सम्मानित नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि मितौली महोत्सव में चल रही रामलीला-राशिलीला और धार्मिक झांकियों के कार्यक्रम और अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में अपनी गरिमा मयी उपस्थिती से हम सब क्षेत्र वासियों, ग्राम वासियों मेला आयोजकों को गौरवान्वित करें।

# करीब डेढ सौ महिला सहित पुरुषों को शाल व कंबल वितरित किया गया

**बेहजम खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



विकास खंड बेहजम क्षेत्र के अल्हवापुर गांव में गरीब महिलाओं व बुजुर्गों को कम्बल व साल वितरण किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कस्ता विधान सभा समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक सुनील कुमार लाला रहे। भीषण ठंड को देखते हुए समाजवादी पार्टी के युवा कार्यकर्ता प्रवीण कुमार शर्मा की पहल पर गरीब बुजुर्ग व महिलाओं को साल व कम्बल वितरण किया गया। सुनील कुमार लाला ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया हम गरीब बुजुर्गो व महिलाओ की सदैव मदद करते है और क्षेत्र की जनता के साथ हर संभव सुख-दुख में खड़े रहते है। कम्बल वितरण कार्यक्रम मे करीब डेढ सौ महिला सहित पुरूषो को साल व कम्बल वितरण किया गया। कम्बल व साल पाकर सभी ने पूर्व विधायक सुनील कुमार लाला का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर सपा नेता नासिर अली, ब्लॉक अध्यक्ष राहुल सिंह व सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### किशोरी ने खाया जहर, हालत बिगड़ी

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र के ग्राम भैंठिया निवासी प्रियंका 15वर्ष पुत्री महादेव ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। जिसस उसकी हालत खराब होने लगी। परिवारजन उसे तत्काल उपचार के लिए सीएचसी ले गए। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### कंटेनर ने ट्रैक्टर-ट्राली में मारी टक्कर, ट्रैक्टरसवार व पास में खड़ा बाइकसवार युवक हुआ घायल

**संसारपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।** थाना मैलानी क्षेत्र मे नेशनल हाईवे 730 गोला खुटार रोड पर ग्राम नौआखेड़ा मे खड़ी ट्राली ट्रैक्टर में एक तेज रफ्तार कंटेनर ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी जिससे पास में खड़े बाइक सवाल व ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार शकील खाँ पुत्र शरीफ खाँ उम्र लगभग 40 वर्ष निवासी लालहपुर थाना मैलानी बाइक टैक्टर के बराबर में खड़ी कर टैक्टर पर बैठे मदनलाल पुत्र छोटेलाल निवासी काकोरी थाना मैलानी से आ रहे थे गोला से खुटार की ओर जा रहे कंटेनर संख्या यूपी31डीटी1523 ने टैक्टर ट्रॉली में पीछे से टक्कर मार दी टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्राली और ट्रैक्टर के फरखच्चे उड़ गए, पहिए टूट गए और ट्राली खाई में जा गिरी। ट्रैक्टर सवार से बातें कर रहे बाइक के पास खड़े शकील खान व ट्रैक्टर पर बैठे मदनलाल दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची चौकी संसारपुर पुलिस ने तत्काल घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक केंद्र गोला भेजा। चौकी के दीवान श्याम कुमार ने बताया कंटेनर सवार टक्कर मारकर फरार हो गया, कंटेनर को कब्जे में ले लिया गया है जिस पर विधिक कार्रवाई की जाए गी।

# लावारिस हालत में मिली नवजात बालिका

- खमरिया पुलिस की मदद से उसे सीएचसी खमरिया अस्पताल में कराया गया भर्ती

**ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



थाना क्षेत्र खमरिया के जेठरा गांव में बुधवार को सुबह कोई जन्म लेते ही नवजात जिगर के टुकड़े को छोड़ गया। सूचना पर पहुंची खमरिया पुलिस की मदद से उसे सीएचसी खमरिया अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने बताया फिलहाल बच्ची स्वस्थ है। ग्रामीणों ने बताया कि इस बच्ची को सुबह करीब 5 बजे छोड़ा गया है, जो एक नवजात लड़की है। वह एक कपड़े में लिपटी हुई थी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार खमरिया थाना क्षेत्र से मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है, थाना क्षेत्र के जेठरा गांव की झाड़ियों में एक नवजात बच्ची पड़ी मिली है, यह मामला बुधवार सुबह का बताया जा रहा है। सूचना मिलते ही खमरिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया, पुलिस ने लावारिस बच्ची को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस द्वारा लावारिस बच्ची को सीएचसी खमरिया ले जाया गया जहां उपस्थित चिकित्सक ने बताया बच्ची अभी पूर्ण रूप से स्वस्थ है। पुलिस द्वारा चाइल्ड लाइन को सूचित करते हुये, बाल कल्याण समिति के समक्ष कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि नवजात बच्ची का इस तरह से झाड़ियों में फेंकना बेहद शर्मनाक है। यह घटना मां की ममता को भी शर्मसार करने वाली है, सरकार और प्रशासन बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान चला रहे हैं, लेकिन इस तरह की घटनाएं निरंतर सामने आ रही हैं।

> सूचना मिलते ही तत्काल पहुंचकर लावारिस बच्ची को सीएचसी खमरिया अस्पताल रखवाया गया है, बच्ची पूर्ण स्वस्थ है। बच्ची के लालन-पालन के लिए बच्ची को सी डब्लू सी के समक्ष पेश किया गया है। सी डब्लू सी बच्ची के लालन-पालन की जिम्मेदारी निर्धारित करेगा। इस मामले में अज्ञात परिजनों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है, घटनास्थल के आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है
>
> **– विवेक उपाध्याय, प्रभारी निरीक्षक थाना खमरिया**

# ससुराल में दामाद ने मचाया हुड़दंग, पत्नी सहित साले की कर दी बुरी तरह पिटाई

- ससुर की शिकायत पर मुकदमा दर्ज, दामाद की तलाश जारी

**ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

लखीमपुर खीरी के धौरहरा कोतवाली क्षेत्र में बीती रात शराब के नशे में धुत्त होकर अपनी ससुराल पहुंचे युवक ने साले व पत्नी के साथ जमकर मारपीट की जिसमें पत्नी सहित साले को गंभीर चोटे आई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार धौरहरा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत कुम्हेना के मजरा पिपरिया निवासी रामेश्वर ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मंगलवार की रात शराब के नशे में धुत्त होकर मेरा दामाद राममिलन निवासी रानीपुरवा अपने एक साथी के साथ रात 11 बजे मेरे घर में घुसकर लकडे कुलदीप व मेरी बेटी तथा अपनी पत्नी रेखा देवी के साथ मारपीट करने के बाद फरार हो गया है, जिसमें बेटी सहित पुत्र को गंभीर चोटें आई है। पीड़ित के पिता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामले को पंजीकृत कर लिया है।

> **इस मामले में जानकारी देते हुए कोतवाल सुरेश मिश्रा ने बताया कि रात मारपीट से चोटिल लोगों का मेडिकल परीक्षण कराकर नामजद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। तलाश जारी है।**

# सीएम की जनसभा में हर बूथ की सहभागिता में जुटी भाजपा



- बूथों पर जनसम्पर्क तथा शक्ति केन्द्र व मंडलों की हो रही है बैठक
- जनसभा में हर गांव-हर बूथ से होगी सहभागिताः धर्मेन्द्र सिंह

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज़।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की 24 जनवरी को होने वाली जनसभा की तैयारियां तेज कर दी गई है।जनसभा को लेकर भाजपा पदाधिकारी बूथ स्तर पर घर घर सम्पर्क कर रहें हैं। शक्ति केन्द्र तथा मंडलों में बैठक कर तैयारियों को अंतिम रूप दिया रहा है। बुधवार को प्रदेश उपाध्यक्ष व एमएलसी धर्मेंद्र सिंह, प्रदेश सह प्रभारी संजीव चौरसिया,एमएलसी अवनीश पटेल ने जनसभा स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जनसभा में लग रहे टेंट, बैठने की व्यवस्था, पेयजल, मंच साज सज्जा, साउंड सिस्टम, वाहन पार्किंग तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

प्रदेश उपाध्यक्ष व एमएलसी धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि जनसभा में सहभागिता के लिए पदाधिकारी बूथों पर जनसम्पर्क कर रहें है।जनसभा में हर गांव तथा हर बूथ से सहभागिता हो ऐसा प्रयास किया जा रहा है। प्रदेश सह प्रभारी संजीव चौरसिया ने कहा विपक्ष की नकारात्मक तथा गुमराह करने की राजनीति को जनता जा चुकी है। वह उनके बहकावे में नही आने वाली है। 24 जनवरी को यहां सीएम की जनसभा ऐतिहासिक होगी। एमएलसी अवनीश पटेल ने कहा कि जनसभा की तैयारियों को लेकर पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौप दी गई है। लगभग तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। शेष समयवद्ध पूर्ण कर ली जाएगी। निरीक्षण के दौरान विधायक में प्रकाश गुप्ता, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, अभिषेक मिश्रा, ब्लाक प्रमुख संघ के जिलाध्यक्ष शिवेंद्र सिंह, जनसभा के संयोजक पूर्व विधायक गोरखनाथ बाबा,गन्ना समिति के अध्यक्ष संतोष सिंह, जिला पंचायत सदस्य अशोक मिश्रा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# हरचंदपुर प्रेस क्लब का हुआ गठन

- संतोष चौरसिया अध्यक्ष, अनिल श्रीवास्तव बने महामंत्री
- मनमोहन तिवारी, मनीष अवस्थी तथा दीपक सिंह को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी

**हरचंदपुर, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



प्रेस क्लब कार्यकारिणी का गठन कर पदाधिकारियों संगठन की जिम्मेदारी दी गई। बुधवार को कस्बे की हनुमान कुटी परिसर में ब्लॉक प्रेस क्लब की कार्यकारिणी का गठन किया गया।

अजीत सिंह तथा राजेंद्र कौशल ने संरक्षक बनाया गया। संतोष चौरसिया को अध्यक्ष तथा अनिल श्रीवास्तव को महामंत्री बनाया गया। मनमोहन तिवारी, मनीष अवस्थी तथा दीपक सिंह और बृजेंद्र गुप्ता को उपाध्यक्ष, सौरभ बाजपेई को सचिव तथा अभिषेक जायसवाल को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई ।अभय सिंह,गौरव कौशल तथा आदित्य बाजपेई को संगठन का सदस्य बनाया गया। नवगठित संगठन के संरक्षक अजीत सिंह ने कहा कि संगठन के बन जाने से सभी को कार्य करने में मदद मिलेगी ।

# क्षेत्र में लगातार बढ़ता जा रहा आवारा कुत्तों का आतंक

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है और आवारा कुत्तों के काटने से लोग परेशान हैं जनपद के शहर क्षेत्र से बाहर ग्रामीण क्षेत्रों में भी आवारा कुत्तों का बहुत ज्यादा खौफ लोगों में फैला हुआ है।

आवारा कुत्तों के काटने से जिला अस्पताल में हर रोज वैक्सीन इंजेक्शन लगवाने के लिए भीड़ बढ़ती जा रही है। अगर समय रहते इन आवारा कुत्तों को नहीं पकड़ा गया तो न जाने कितने लोग इसके शिकार हो सकते हैं। बता दें कि विकासखंड सदर की ग्राम पंचायत राजापुर पिपरिया के मोहल्ला कनौजिया कॉलोनी में आवारा कुत्तों का आतंक फैला हुआ है। ऐसे तमाम आवारा कुत्ते गली मोहल्ले में घूम रहे हैं और लोगों को काट रहे हैं जिसके चलते इंजेक्शन लगवाने वाले लोगों की भीड़ जिला चिकित्सालय में बढ़ती जा रही है।

# पांच साल पहले खोखे में डॉक्टरी, अब करोड़ों की संपत्ति, डॉक्टर पर कार्रवाई की उठी मांग

- मादक पदार्थ के मामले में हिंदू संगठनों ने सौंपा डीएम को ज्ञापन

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

लखीमपुर के महेवागंज पुल के पास सदर कोतवाली लखीमपुर में बने अर्ध निर्मित रॉयल केयर मल्टीस्पेशलिस्ट अस्पताल में काफी दिनों से हो रही मादक तस्करी को लेकर नारकोटिक्स की टीम ने लखनऊ से छापा मारा जिसमें हॉस्पिटल का मालिक खालिद सहित कई लोग पकड़े गए।

विश्व हिन्दू परिषद सहित विभिन्न हिंदू संगठनों के नेतृत्व में जिलाधिकारी लखीमपुर के द्वारा मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया गया है जिसमें स्पष्ट रूप से मांग की गई है कि अस्पताल के मालिक अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ के तस्कर खालिद खान को तुरंत गिरफ्तार किया जाए जो वास्तविक दोषी अपराधी हैं उनको जेल भेजा जाए। जनपद में चल रहे नेटवर्क का खुलासा किया जाए क्योंकि थोड़े दिन पहले पलिया में भी बहुत बड़ा एक कंटेनर मादक पदार्थ का पकड़ा गया जो कई करोड़ रुपए का मादक पदार्थ था लेकिन पुलिस की दरियादिली से वह भी जो मुख्य आरोपी थे बच गए। मुख्यमंत्री से मांग की गई है कि ऐसे संरक्षण दाताओं की जांच कराई जाए। हॉस्पिटल का मालिक जो करोड़ों रुपए की बिल्डिंग बना रखा है। 5 साल पहले खोखे में डॉक्टरी करता था आज 5 साल में उसके पास कौन सा बिजनेस आया है इसके लिए इसकी जांच भी कराई जाए। हॉस्पिटल जो बना है उसकी जांच की जाए। भूमि की जांच की जाए और इस तस्कर को तत्काल गिरफ्तार करते हुए बिल्डिंग पर बुलडोजर चलाया जाए। लखीमपुर जनपद में लाखों परिवार नशे से प्रताड़ित है, लाखों युवा नशे में जिंदगी बर्बाद कर चुका है ऐसे लोगों संरक्षण देने वाले राजनेता हो या पुलिस विभाग के अधिकारी हो या जांच एजेंसियां हो उनके खिलाफ भी कठोर से कठोर कार्रवाई हो। लखीमपुर की जनता पुलिस विभाग से बहुत असंतुष्ट है।



लखीमपुर के पुलिस अधीक्षक से उम्मीद थी कि आने वाले दिनों में एक जिले को बहुत बढ़िया न्याय मिलेगा साफ स्वच्छ वातावरण होगा लेकिन इसकी उनके आने के बाद कोई जिले में बदलाव नहीं हुआ तस्कर अपनी भूमिका में उसे और गति से काम करना शुरू कर दिए हैं। यह नए कप्तान साहब को उन लोगों ने चेतावनी दी है। अब देखना है कि कप्तान संकल्प शर्मा साहब उनकी टीम कितनी कठोर कार्रवाई करती है जिन लोगों ने लापरवाही की है क्या उनके खिलाफ भी कार्रवाई होगी इसके लिए जिलाधिकारी लखीमपुर से विश्व हिंदू परिषद सहित लखीमपुर के विभिन्न संगठन हिंदू युवा वाहिनी की उपस्थिति में आचार्य संजय मिश्रा प्रांतीय अधिकारी विश्व हिंदू परिषद एवं राम पांडे के नेतृत्व में जिलाधिकारी से मिले मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया है इसके साथ सैकड़ो लोग आज ज्ञापन में सम्मिलित हुए। बताया कि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो हिंदू संगठन एक बहुत बड़ा जिले में आंदोलन और प्रदर्शन करेंगे क्योंकि जिंदगी हजारों लोगों की रोज बर्बाद हो रही नसे में है। हिंदू वादी संगठनों के साथ साथ विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रमुख भी ज्ञापन में उपस्थित रहे। आचार्य संजय विपिन मिश्रा राम पांडे प्रमुख रूप से अवधेश ब्रजेश मिश्रा पुत्तन मिश्रा सिद्धार्थ बाजपेयी शिवम सहगल सूर्या लव सनातन, चंदन शाह, अरुण, सूर्यमणि, संदीप, देवव्रत पांडे, आदि लोग उसपथित रहे।




# कार्रवाई : लखनऊ विकास प्राधिकरण ने अवैध निर्माण पर चलाया बुल्डोजर

**60 बीघा से अधिक अवैध निर्माण व प्लाटिंग पर हुई कार्रवाई**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** लखनऊ विकास अवैध निर्माण और प्लाटिंग के खिलाफ अभियान जारी है। बुधवार को प्रवर्तन टीम ने विभिन्न क्षेत्रों अवैध निर्माण की विरुद्ध कार्रवाई की गई। इस दौरान गोसाईंगंज क्षेत्र में कार्यवाही की। इस दौरान 50 बीघा से अधिक क्षेत्रफल में की जा रही 4 अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया।

प्रवर्तन जोन-1 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि सुधीर सिंह और अन्य लोग सुल्तानपुर रोड स्थित ग्राम-मलौली में लगभग 12 बीघा में अनाधिकृत रूप से प्लाटिंग करते हुए अवैध कालोनी विकसित कर रहे थे।

इसी प्रकार राजदेव सिंह द्वारा मलौली गांव में लगभग 15 बीघा में अवैध प्लाटिंग किया जा रहा था। इसके अलावा मनीष सिंह, प्रदीप सिंह पैराडाइज प्रा.लि. द्वारा गोसाईंगंज बाराबंकी रोड पर मौजा-सराय करोरा में लगभग 15 बीघा क्षेत्रफल में अवैध प्लाटिंग का कार्य करते हुए तक्ष सिटी नाम से कॉलोनी विकसित कर रहे थे। प्राधिकरण से ले-आउट कराये बिना की जा रही इन अवैध प्लाटिंग के खिलाफ न्यायालय के आदेश पर ध्वस्तीकरण किया गया।

प्रवर्तन जोन-2 के जोनल अधिकारी अतुल कृष्ण सिंह ने बताया कि रमेश चन्द्र समेत अन्य लोग गोसाईंगंज के पहाड़नगर टिकरिया में रेलवे क्रासिंग के पास लगभग 10 बीघा क्षेत्रफल में अनाधिकृत रूप से प्लाटिंग कर रहे थे। इनके खिलाफ न्यायालय द्वारा ध्वस्तीकरण के आदेश दिये गये थे। जिसका पालन करते हुए में प्रवर्तन टीम ने प्राधिकरण पुलिस और स्थानीय थाने के पुलिस बल के सहयोग से अवैध निर्माण ध्वस्त किया। इस दौरान डेवलपर द्वारा स्थल पर विकसित की गयी सड़क, नाली, बाउन्ड्रीवॉल व साइट आफिस पर कार्रवाई हुई।

## यूपी के विकास में उत्तराखंड की भूमिका अहम : सीएम

**लखनऊ।** लखनऊ में पर्वतीय महापरिषद के उत्तरायणी कौथिग मेले में बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिरकत की। सायंकालीन सत्र का उद्घाटन करते हुए कहा-उत्तर प्रदेश और देश के विकास में उत्तराखंड की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। मुख्यमंत्री योगी ने पर्वतीय महापरिषद के सांस्कृतिक योगदान की सराहना की। पंडित गोविंद बल्लभ पंत और सीडीएस जनरल बिपिन रावत जैसी विभूतियों का योगदान भुलाया नहीं जा सकता। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीराम स्तुति से हुआ, जिसके बाद क्षेत्रीय कलाकारों ने भक्तिगीत और नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। विशेष आकर्षण का केंद्र रही उत्तराखंडी लोकगायक चन्द्रकला की प्रस्तुति, जिसने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद पहाड़ की आवाज प्रतियोगिता में लक्ष्मण सिंह मर्तोलिया ने प्रथम, पंकज वाणगी ने द्वितीय और हर्षिता काण्डपाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। झूमिगो सीजन-3 के तहत पहाड़ी धुनों पर देसी ठुमका और छपेली प्रतियोगिता में कई प्रतिभागियों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया।

# कुम्भ राजनीतिक कार्यक्रम व फैसले लेने का स्थान नहीं : अखिलेश यादव

समृद्धि न्यूज

**कुंभ के स्थान पर बैठक आयोजित करके भाजपा देना चाहती है राजनीतिक संदेश**

**लखनऊ ।** समाजवादी पार्टी संस्थापक सदस्य जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि पर बुधवार को उन्हें श्रद्धांजलि देने के बाद सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव का ने योगी सरकार पर तीखा हमला किया। अखिलेश ने तंज कसते हुए कहा कि कुंभ और प्रयागराज वह स्थान नहीं हैं, जहां पर राजनीतिक कार्यक्रम और फैसले लिए जाएं। वहां की गई कैबिनेट की बैठक राजनीतिक है। कुंभ के स्थान पर इसे आयोजित करके भाजपा राजनीतिक संदेश देना चाहती है।

अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी सबसे बड़ी भूमाफिया पार्टी बन गई है। लखनऊ, गोंडा ही नहीं प्रभु श्रीराम की धरती अयोध्या की ही रजिस्ट्री चेक कर लें तो सबसे ज्यादा खरीदारों में आप भाजपा के लोगों को ही पाएंगे। भाजपा वक्फ की जमीन पर केवल कब्जा करना चाहती है। ये विवाद और झगड़ा खत्म नहीं करना चाहते हैं। नफरत का सहारा लेकर राजनीति करने के रास्ते पर भाजपा चलती है। उसी के लिए वह समय-समय पर कानून लाती है। सपा अध्यक्ष ने महाकुंभ में लगी मुलायम सिंह यादव की प्रतिमा को लेकर महंत राजू दास की विवादित टिप्पणी पर भी कहा कि जिसकी जैसी संगत होती है, उसके वैसे विचार निकलते हैं। इस दौरान यादव ने फिर दोहराया कि मिल्कीपुर उपचुनाव हम सब मिलकर जीतकर दिखाएंगे। भारतीय जनता पार्टी ने अपनी पुलिस आगे कर दी है, एसओ, सीओ को निर्देश दे दिए गए हैं, डीएम और एसपी लखनऊ के इशारे पर चल रहे हैं। भाजपा इसे बेईमानी से बचाना चाहती है। निष्पक्ष चुनाव होगा तो ऐतिहासिक जीत समाजवादी पार्टी की होने जा रही है। दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर उन्होंने फिर दोहराया कि वहां हमारा समर्थन आप को है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि कांग्रेस का विरोध है।



## खबरें एक नजर में

### महंत राजू का पुतला फूंका, नेता जी पर टिप्पणी को लेकर गुस्से में सपाई

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव की प्रतिमा का मामला तूल पकड़ रहा है। लखनऊ में समाजवादी युवजन सभा के कार्यकर्ताओं ने पुतला फूंका। आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने राजू दास के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया। राजू दास के खिलाफराजू दास की दवाई, जूता चप्पल और पिटाई स्लोगन का नारा लगा रहे हैं। राजू दास का पुतला फूंकते हुए उनकी तस्वीरों पर थूका जा रहा है। सपा कार्यकर्ताओं ने राजू दास से माफी मांगने की मांग किया। वहीं, सपाईयो ने कहा है कि नेताजी के खिलाफ कहे गए घटिया शब्द बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। देश के रक्षा मंत्री और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री जैसे संवैधानिक पदों पर रहने वाले व्यक्ति के खिलाफ टिप्पणी गलत है। इतनी घटिया मानसिकता रखने वाला व्यक्ति खुद को बाबा और महंत कहता है। देशभर के साधु संतों से मांग करते हैं कि राजू दास को तत्काल महंत समाज से निष्कासित किया जाए। सपा नेता महेंद्र यादव ने महंत राजू दास को पाखंडी बाबा बताया है। सीएम योगी अगर धार्मिक हैं तो राजू दास के ऊपर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराएं और उसे जेल भेजें।

### गणतंत्र दिवस की रिहर्सल परेड : चलती बाइक पर जवानों का स्टंट

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में 26 जनवरी के भव्य आयोजन के लिए रिहर्सल पूरे जोरों पर है। चारबाग से शुरू हुई रिहर्सल हुसैन गंज, बर्लिंगटन चौराहा विधान भवन से होते हुए केडी सिंह बाबू स्टेडियम पहुंची। इस दौरान परेड का अभ्यास लगभग 1 घंटे तक चला। मंडला आयुक्त डॉ. रौशन जैकब ने परेड की सलामी ली। इस मौके पर जिलाधिकारी विशाख जी अय्यर, डीसीपी सेंट्रल रवीना त्यागी सहित शासन-प्रशासन के आला अधिकारी मौजूद रहे। परेड में शामिल होने वाले सभी लोगों को मंडलायुक्त की ओर से विशेष निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा-सभी लोग समय का खास ख्याल रखें। विशेष रूप से संस्कृत कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले स्कूल और कॉलेज दो दिन के अंदर और अधिक अभ्यास करके अपनी प्रस्तुति को बेहतर बनाएं। जिलाधिकारी विशाख जी अय्यर ने कहा परेड का रियल टाइम रिहर्सल आयोजित किया गया था। यूनिफॉर्म फोर्सेज के साथ स्कूल कॉलेज को ऑब्जर्व किया गया। किया क्या संबंध स्कूल और टुकड़ी के जिम्मेदारों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। फाइनल रिहर्सल 24 जनवरी को फुल ड्रेस में होगी। गणतंत्र दिवस का सिलसिले में लगातार तैयारी का सिलसिला जारी है।

### 28 साल से फरार दंगे का आरोपी गिरफ्तार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ कमिश्नरेट की हजरतगंज पुलिस ने 28 से साल फरार दंगे के आरोपी को गिरफ्तार किया है। लखनऊ में 1991 में हुए दंगे में नाम आने के बाद से फरार था। जिसकी तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है। मंगलवार को अलीगढ़ सिविल लाइन निवासी परमजीत सिंह पुत्र गुरुवचन सिंह को पकड़ा गया। परमजीत सिंह 1991 में हुए दंगे में दोषी पाए जाने के बाद से फरार चल रहा था। कोर्ट ने आरोपी के खिलाफपहली बार अगस्त 1997 में एनबीडब्लू जारी किया था। इसके बाद आरोपी को फरार घोषित कर संपत्ति कुर्क के आदेश भी हुए थे। पुलिस टीम ने दबिश देकर मंगलवार शाम करीब 7 बजे आरोपी को गिरफ्तार किया।

### डीजीपी प्रशांत कुमार ने संगम में लगाई आस्था की डुबकी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** योगी कैबिनेट की बैठक से पहले उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेश (डीजीपी) प्रशांत कुमार बुधवार को प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेले में पहुंचे। प्रशांत कुमार ने यहां संगम घाट पर आस्था और विश्वास की डुबकी लगाकर माँ गंगा का आशीर्वाद प्राप्त किया। आस्था, समता और एकता के महासमागम श्महाकुम्भ-2025, प्रयागराजश् में आज पवित्र संगम में आस्था और विश्वास की डुबकी लगाकर माँ गंगा का आशीर्वाद प्राप्त किया। प्रशांत कुमार ने कहा कि कैबिनेट बैठक के बाद सभी कैबिनेट मंत्री और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यहां पर स्नान करेंगे। उसकी तैयारियों हमने पूरी कर ली है। हम मकर संक्रांति से बेहतर व्यवस्था करेंगे। हमने और अधिक मैनपावर जोड़ा है, आने-जाने के रास्ते में बेहतर सुविधाएं दी जाएगीं।

### सीएमएस संस्थापक की पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के सिटी मोन्टेसरी स्कूल (सीएमएस) के संस्थापक डा.जगदीश गांधी की पहली पुण्य तिथि पर एलडीए कॉलोनी ब्रांच स्कूल में बड़ा आयोजन हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स और टीचर्स की मौजूदगी में संस्थापक की प्रतिमा का अनावरण भी हुआ। कार्यक्रम में कई धर्मगुरु भी पहुंचे। सीएमएस ग्रुप की दूसरी संस्थापक डा.भारती गांधी ने पौधरोपण भी किया। साथ ही सफेद कबूतरों को उड़ाकर पीस और हार्मोनी पर जोर दिया। वहीं, सीएमएस मैनेजर प्रो. गीता गांधी किंगडन ने उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए उनकी आत्मा की शान्ति की प्रार्थना की। इस दौरान कई पारिवारिक सदस्य भी मौजूद रहे। हिन्दू धर्म के अच्युत प्रपन्नाचार्य अरविन्द शाष्त्री, पं. हरि प्रसाद मिश्रा, फिरंगी महली, मौलाना सूफियान, एचएस जग्गी, फादर जैसन जोसेफशील रतन भंते, ब्रह्माकुमारीज की बहन बीके राधा और बहाई धर्मगुरु बी. मोहाजिर मौजूद रहे।

### पीएसी अस्पताल में चन्दन डायग्नोस्टिक सेंटर का उद्घाटन



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** 32वी वाहिनी पीएसी सेनानायक प्राची सिंह द्वारा बुधवार को वाहिनी में संचालित पी.ए.सी अस्पताल में चन्दन डायग्नोस्टिक सेंटर का शुभारम्भ किया गया। सेनानायक सिंह द्वारा की गयी इस पहल से वाहिनी में नियुक्त/आवासित पी.ए.सी बल के जवानों, उनके परिवारीजनों तथा राज्य आपदा मोचल बल, एटीएस विशेष सुरक्षा बल मुख्यालय एवं प्रथम वाहिनी उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल के अधिकारियों कर्मचारियों तथा अन्य पुलिस बल निश्चित रूप से लाभान्वित होगें और वाहिनी अस्पताल में स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में उल्लेखनीय वृद्धि सम्भव हो सकेगी। इस वाहिनी के अस्पताल में चन्दन डायगोनिस्टक सेंटर की स्थापना किये जाने के फलस्वरूप वाहिनी के जवानों एवं उनके परिवारिजनों की जहाँ एक ओर समस्त प्रकार की जांचे बाजार से कम रेट में की जाएंगी।

### वरिष्ठ पत्रकार अनूप व अम्बिका दत्त मिश्र के निधन पर शोक सभा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज ।** उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त संवाददाता समिति की तरफ से एनेक्सी मीडिया सेन्टर में वरिष्ठ पत्रकार अनूप श्रीवास्तव और अम्बिका दत्त मिश्र के निधन पर शोक सभा आयोजित हुई। उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन रखकर आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। मान्यता प्राप्त संवाददाता समिति के सचिव भारत सिंह ने स्मृति शेष दोनों ही पत्रकारों के जीवन की खूबियों पर प्रकाश डालते हुए उनको नमन किया और श्रद्धांजलि अर्पित की। वरिष्ठ पत्रकार विजय शंकर 'पंकज' ने बीते दौर की पत्रकारिता का जिक्र करते हुए बताया कि अनूप श्रीवास्तव को लोग पढ़ते थे, स्वतंत्र भारत का काँव-काँव हमेशा याद आता है। वरिष्ठ पत्रकार राकेश पाण्डेय ने बताया कि दोनों ही पत्रकार अपनी विधा में माहिर पत्रकार थे। सर्वेश कुमार सिंह ने संस्मरण सुनाए। के बख्स ने दोनों को ही उच्च श्रेणी का पत्रकार बताया। वीरेंद्र सक्सेना ने बताया कि दोनों ही पत्रकार अपने अपने क्षेत्र में माहिर पत्रकार थे। हिन्दी दैनिक स्वतंत्र भारत की प्रतिष्ठा में दोनों का बड़ा योगदान रहा

# हर्षवर्धन और विक्रमादित्य जैसे प्रचंड पुरुषार्थी प्रशासक हैं योगी आदित्यनाथ : अवधेशानंद

**महाकुंभ : आस्था का महासागर व सांस्कृतिक एकता का प्रतीक**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** महाकुम्भ नगर 22 जनवरी। जूना अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरी ने महाकुम्भ के भव्य आयोजन के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा करते हुए उन्होंने उनकी तुलना प्राचीन भारत के महान शासकों हर्षवर्धन और विक्रमादित्य से की। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ ने उन महान शासकों की परंपरा को नए युग में संवर्धित किया है। वे केवल एक शासक नहीं, बल्कि प्रचंड पुरुषार्थ और संकल्प के धनी व्यक्ति हैं। उनके प्रयासों ने महाकुम्भ को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है।

अवधेशानंद गिरी ने कहा कि भारत का भविष्य योगी आदित्यनाथ की ओर देख रहा है। भारत उनसे अनेक आकांक्षाएं, आशाएं और अपेक्षाएं रखे हुआ है। भारत की दृष्टि उनपर है। उनमें पुरुषार्थ और निर्भीकता है। वे अजेय पुरुष और संकल्प के धनी हैं। महाकुम्भ की विराटता, अद्भुत समागम, उत्कृष्ट प्रबंधन उनके संकल्प का परिणाम है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भारत का राष्ट्र ऋषि बताते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन और नेतृत्व में योगी जी ने महाकुम्भ को ऊंचाई पर पहुंचा दिया है। आस्था का यहां जो सागर उमड़ा है, इसके लिए योगी आदित्यनाथ ने बहुत श्रम किया है। चप्पे चप्पे पर उनकी दृष्टि है।स्वामी अवधेशानंद गिरी जी महाराज ने कहा कि आज सनातन का सूर्य सर्वत्र अपने आलोक रश्मियों से विश्व को चमत्कृत कर रहा है। भारत की स्वीकार्यता बढ़ी है। संसार का हर व्यक्ति महाकुम्भ के प्रति आकर्षित हो रहा है। हर क्षेत्र में विशिष्ट प्रबंधन और उच्च स्तरीय व्यवस्था महाकुम्भ में दिख रही है। भक्तों के बड़े सैलाब को नियंत्रित किया जा रहा है। सुखद, हरित, स्वच्छ, पवित्र महाकुम्भ उनके संकल्प में साकार हो रहा है। हम अभिभूत हैं ऐसे शासक और प्रशासक को पाकर, जिनके सत्संकल्प से महाकुम्भ को विश्वव्यापी मान्यता मिली है। यूनेस्को ने इसे सांस्कृतिक अमूर्त धरोहर घोषित किया है। यहां दैवसत्ता और अलौकिकता दिखाई दे रही है। योगी आदित्यनाथ के प्रयास स्तुत्य और अनुकरणीय हैं तथा संकल्प पवित्र हैं। विश्व के लिए महाकुम्भ एक मार्गदर्शक बन रहा है, अनेक देशों की सरकारें सीख सकती हैं कि अल्पकाल में सीमित साधनों में विश्वस्तरीय व्यवस्था कैसे की जा सकती है।

## सुंदरकाण्ड व विशाल भण्डारे का आयोजन

**लखनऊ।** ममता चौरिटेबल ट्रस्ट मन्दिरों के जीर्णोद्धार और प्राण प्रतिष्ठा के कार्य में भी लगी है। इसी क्रम में आध्यात्मिक चेतना एवं सद्भावना अभियान के अंतर्गत मालवीय नगर स्थित प्राचीन आनंदेश्वर महादेव मन्दिर 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसरममता चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में आध्यात्मिक चेतना एवं सद्भावना अभियान के अन्तर्गत सुंदरकाण्ड धार्मिक कार्यक्रम व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।ममता चौरिटेबल ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी राजीव मिश्रा ने कहा सेवा सहायता समर्पण त्याग एवं सहयोग के साथ-साथ भण्डारे एवं आध्यात्मिक चेतना समागम का कार्यक्रम ममता चैरिटेबल ट्रस्ट के बहुमुखी उद्देश्यों एवं सामाजिक समरसता तथा राष्ट्र की सशक्तता के प्रति संकल्प को स्थापित करती है। राजीव मिश्र ने कहा कि ट्रस्ट समाज के वंचितो एवं जरूरतमंदों की सेवा के लिए 24X7 कृत संकल्प है।

# गणतंत्र दिवस परेड में उत्तर प्रदेश के पैरालिम्पिक खिलाड़ी भी होंगे शामिल

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** 26 जनवरी को नई दिल्ली में आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस परेड में आमंत्रित विशेष अतिथियों में उत्तर प्रदेश के पैरालिम्पिक खिलाड़ी भी शामिल होंगे। जिन्होंने अंतर्राष्ट्रीय खेल आयोजनों में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। अन्य विशिष्ट अतिथियों के साथ यह पदक विजेता और खिलाड़ी 26 जनवरी को नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड देखने के लिए आमंत्रित किए गए हैं। इनमें बैडमिंटन खिलाड़ी और आईएएस अधिकारी सुहास लालिनाकेरे यतिराज भी शामिल हैं, जिन्होंने एसएल 4 बैडमिंटन श्रेणी में 2024 पेरिस पैरालिम्पिक खेलों में सिल्वर पदक जीता है, साथ ही अजीत सिंह यादव, सिल्वर पदक विजेता एफ 46 जेवलिन श्रेणी, भारतीय पैरालंपिक एथलीट साक्षी कसाना, दीपेश कुमार और कई अन्य खिलाड़ी भी आमंत्रित किए गए हैं। खिलाड़ियों के अलावा, जल निकाय कायाकल्प और संरक्षण के लिए काम करनेवाले जल योद्धा और समाज में योगदान देने वाले कई अन्य लोग भी आमंत्रित अतिथियों में शामिल हैं।

राष्ट्रीय महत्व के आयोजनों में जन भागीदारी बढ़ाने के लिए यह पहल शुरू की गई है। विशेष आमंत्रितों में 31 श्रेणियों के लोग शामिल हैं जैसे- आपदा राहत कार्यकर्ता, सरपंच, पीएम यशस्वी योजना विजेता, सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले एसएचजी सदस्य, आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, स्टार्ट-अप, मन की बात प्रतिभागी इत्यादि।

# प्रशिक्षण हुआ पूरा, राजधानी को मिलीं नई 29 आशा कार्यकर्ता

समृद्धि न्यूज

**सीएमओ डॉ एनबी सिंह नवनियुक्त आशा कार्यकर्ताओं से मिले**

**लखनऊ ।** नवनियुक्त 29 आशा कार्यकर्ताओं के द्वितीय बैच का अभिर्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम बुधवार को समाप्त हुआ। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम अलीगंज स्थित एएनएम प्रशिक्षण केंद्र में चल रहा था।

अन्तिम दिन मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ एनबी सिंह प्रशिक्षण शिविर पहुंचकर नवनियुक्त आशा कार्यकर्ताओं से मिले। इस मौके पर डॉ एनबी सिंह ने आशा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जो जिम्मेदारी आपको सौंपी गयी है वह बहुत महत्वपूर्ण है। स्वास्थ्य सभी के जीवन का अहम भाग होता है और आपको विभाग की सभी योजनाओं और कार्यक्रमों को समुदाय तक पहुंचाना है। आप समुदाय से ही हैं, लोगों के साथ सम्बन्ध मधुर और मित्रवत बनायें, उन्हें योजनाओं से जोड़ें जिससे कि वह इनका लाभ ले सकें। आप समुदाय और स्वास्थ्य विभाग के बीच सेतु हैं, इस सेतु का मजबूत होना बहुत जरूर है। आप मेहनत और इमानदारी से अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करें, मुश्किलों से घबराएं नहीं, विभाग आपका सहयोग करने के लिए हमेशा तैयार है। जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी योगेश रघुवंशी ने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आठ दिवसीय था जिसे कुल 29 नयी आशा कार्यकर्ताओं ने सफलतापूर्वक प्राप्त किया। जिनमें काकोरी की एक, मलिहाबाद और मोहनलालगंज की दो-दो, इटौंजा की तीन, चिनहट की पांच और गोसाईंगंज क्षेत्र की 16 आशा कार्यकर्ताएं हैं।

पिछले हफ्ते 29 नवनियुक्त आशा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है। इन 58 को मिलाकर वर्तमान में जनपद में कुल 2269 आशा कार्यकर्ताएं काम कर रही हैं जिनमें ग्रामीण क्षेत्र में 1518 और शहरी क्षेत्र में 751 आशा कार्यकर्ताएं हैं।

## वक्फ का उद्देश्य नहीं हो रहा पूरा, पसमांदा समाज को किया गया नजरअंदाज : मंसूरी

**लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ में पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनीस मंसूरी ने वक्फ शंशोधन विधेयक-2024 पर गहरी चिंताओं जताई। इससे संबंधित सुझाव भी जेपीसी (जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी) को दिया है। उन्होंने कहा कि वक्फ बोर्ड की स्थापना पसमांदा मुसलमानो को सहयोग देना था। अनीस मंसूरी ने कहा कि वक्फ संपत्तियों का उद्देश्य मुसलमानों के सामाजिक और आर्थिक कल्याण का था । लेकिन वर्तमान में यह उद्देश्य पूरी तरह भटक चुका है। उन्होंने जजेपीसी से आग्रह किया कि विधेयक में इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि वक्फ संपत्तियों का सही और पारदर्शी उपयोग हो सके। अनीस मंसूरी ने कहा वक्फसंपत्ति का इस्तेमाल आर्थित रूप से कमजोर मुसलमान बच्चों, महिलाओं और गरीबों के कल्याण के लिए किया जाना चाहिए । लेकिन मौजूद समय में वक्फ संपत्तियों का उपयोग इन जरूरतमंद वर्गों के हित में नहीं हो रहा है।

## बिजली कर्मियों ने काली पट्टी बांधकर निजीकरण का विरोध किया




**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के आह्वान पर आज भी बिजली कर्मचारियों ने पूरे प्रदेश में काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। 23 जनवरी को निजीकरण हेतु कंसल्टेंट नियुक्त करने के लिए होने वाली प्री बिडिंग कांफ्रेंस के विरोध में पूरे प्रदेश के बिजली कर्मी भोजन अवकाश के दौरान कार्यालय से बाहर आकर प्रदर्शन करेंगे। लखनऊ में शक्ति भवन पर विद्रोह प्रदर्शन किया जाएगा। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि उच्च न्यायालय के 5 दिसंबर 2024 के निर्णय के बावजूद पावर कार्पोरेशन प्रबंधन और सरकार ने अभी तक विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के साथ निजीकरण जैसे बिजली कर्मियों को प्रभावित करने वाले अत्यधिक गंभीर मामले पर एक बार भी बातचीत नहीं की है। न्यायालय के निर्णय का भी प्रबंधन सम्मान नहीं कर रहा है। इससे बिजली कर्मचारियों का गुस्सा दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। बिजली कर्मचारी शांतिपूर्वक लोकतांत्रिक ढंग से निजीकरण का विरोध कर रहे हैं और यह विरोध तब तक जारी रहेगा जब तक सरकार निजीकरण का फैसला वापस नहीं लेगी।

## लगातार 12 दिन से तापमान सामान्य से ज्यादा, जनवरी में ठंड हुई कम



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में बीते 12 दिनों में सामान्य तापमान की तुलना में मौसम गर्म दर्ज किया जा रहा है। सुबह के समय हल्का कोहरा हो रहा है। इसके बाद तेज हवाओं के बीच मौसम साफ हो रहा है। सुबह के समय गलन महसूस हुई। इसके बाद मौसम साफ हो गया। सुबह के समय लखनऊ का तापमान 12 डिग्री दर्ज किया गया है। मौसम विभाग का अनुमान है कि लखनऊ का अधिकतम तापमान 27 डिग्री के आसपास बना रहेगा। दिन मैं तेज हवाओं का झोंका भी चलता रहेगा। बीते 9 जनवरी को लखनऊ का पारा सामान्य से कम दर्ज किया गया था। इस दौरान न्यूनतम और अधिकतम दोनों तापमान सामान्य से कम थे। इसके बाद से तापमान सामान्य की तुलना में लगातार गर्म दर्ज किया जा रहा है। 9 जनवरी को अधिकतम तापमान 20.2 डिग्री दर्ज किया गया। यह सामान्य तापमान की तुलना में 0.2 डिग्री कम रहा। इस दौरान न्यूनतम तापमान 6.2 डिग्री दर्ज किया गया था। यह सामान्य तापमान की तुलना में 1.2 डिग्री कम रहा था।

**महाकुंभ** | **महाकुम्भ के दर्शन के साथ-साथ राज्य की समृद्ध प्राकृतिक विरासत से भी परिचित होंगे पर्यटक**

# महाकुम्भ में जल्द शुरू होगी एक और हेलीकाप्टर सेवा

**यूपी में ईको टूरिज्म को लोकप्रिय बनाने के लिए विभिन्न गतिविधियां शुरू की गईं**

समृद्धि न्यूज



**महाकुंभनगर।** महाकुम्भ में उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड की ओर से भी जल्द हेलीकाप्टर सेवा शुरू की जाएगी, जिसका ट्रायल हो चुका है। श्रद्धालु आसमान की ऊंचाइयों से महाकुम्भ के दर्शन के साथ-साथ राज्य की समृद्ध प्राकृतिक विरासत से परिचित होंगे। महाकुम्भ में श्रद्धालुओं को जॉय राइड का आनंद देने के लिए पहले से एक हेलीकाप्टर संचालित किया जा रहा है।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि प्रदेश में ईको टूरिज्म को शिखर पर पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। पर्यटकों की रुचि को देखते हुए ईको टूरिज्म डेवलमेंट बोर्ड ने एक समझौत किया है। यह सेवा महाकुम्भ नगर में बोट क्लब के पास स्थित हेलीपोर्ट से संचालित होगी। पर्यटक 1296 रुपए में 7-8 मिनट तक भ्रमण करेंगे। इसकी बुकिंग बोर्ड की वेबसाइट www.upecoboard.in से की जा सकती है। हेलीकाप्टर में उड़ान के साथ ही प्रदेश के महत्वपूर्ण ईको साइट्स के बारे में विभिन्न माध्यमों से पर्यटकों को बताया जाएगा।

### प्रदेश धार्मिक, आध्यात्मिक के साथ प्राकृतिक रूप भी समृद्ध

जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश धार्मिक आध्यात्मिक रूप से जितना महत्वपूर्ण है उतना ही प्राकृतिक रूप से भी। भारत के स्वीट्जरलैंड के नाम से विख्यात सोनभद्र, जहां पर 1400 मिलियन वर्ष पुराना सलखन फासिल्स पार्क जैसे कई आकर्षण हैं। रानी टाइगर रिजर्व, दुधवा राष्ट्रीय उद्यान, कतर्नियाघाट वाइल्ड लाइफ सेंक्चुरी, पीलीभीत टाइगर रिजर्व सहित अनेकों आकर्षण हैं जो तीर्थ नगरी से मामूली दूरी पर स्थित है। ईको टूरिज्म बोर्ड की ओर से महाकुम्भ में 3250 वर्गफीट में लगाई प्रदर्शनी में इन सभी आकर्षणों को प्रदर्शित किया जा रहा है, ताकि पर्यटक इन स्थानों पर भी भ्रमण के लिए आकर्षित हों। प्रदर्शनी में आगंतुकों के लिए ईको टूरिज्म सेल्फ़ी पॉइंट्स, वर्चुअल रियलिटी डोम, ईकोटूरिज्म डेस्टिनेशंस एवं ईकोटूरिज्म विकास बोर्ड द्वारा किए जा रहे कार्यों को प्रस्तुत किया जाएगा। ईकोटूरिज्म से संबंधित विभिन्न हितधारकों द्वारा प्रचार, प्रसार एवं जानकारी प्रदान की जाएगी।

### अच्छी कनेक्टिविटी देने के लिए निरंतर प्रयास

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि हम पर्यटन स्थलों पर अच्छी कनेक्टिविटी देने के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं। इसी क्रम में पर्यटन विकास बोर्ड द्वारा लखनऊ से दुधवा राष्ट्रीय उद्यान के लिए हेली सर्विस का संचालन किया जा रहा है। चौधरी चरण सिंह हवाई अड्डा लखनऊ से 5000 रुपये में पर्यटक दुधवा पहुंच सकते हैं। सड़क मार्ग से जहां 4 घंटे से अधिक समय लगता है वहीं वायुमार्ग से एक घंटे में ही यात्रा पूरी होगी। आप www.up.flyola.in www.upecoboard.in पर बुकिंग कर सकते।

## ट्रक की टक्कर से घायल व्यक्ति का हाथ काटना पड़ा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बंथरा में चार दिन पहले ट्रक की टक्कर से घायल हुए बाइक सवार अधेड़ का बांया हाथ इलाज के दौरान काटना पड़ा। पीड़ित केभाई ने बंथरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

योग्य एवं अनुभवी शिक्षकों द्वारा अध्यापन
अल्फा स्क्वायर
कैरियर इंस्टीट्यूट
कोचिंग सेन्टर
Class:- L.k.g to 12th
Sub: Physics, Chemistry, Maths, Biology, English & Commerce
अमित कुमार मौर्य
(डायरेक्टर)
के.बी. सर, मणि सर, विनय सर
पाण्डेय सर, वर्षा मैम
9521871812, 9125927648
सिद्धार्थनगर

## यूपी स्थापना दिवस मनाए जाने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ जिलाधिकारी ने की बैठक

# यूपी स्थापना दिवस पर आयोजित होंगे विभिन्न कार्यक्रम

▸ उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर लोगों को किया जायेगा सम्मानित




**गोण्डा समृद्धि न्यूज।**

बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में 24 जनवरी, 2025 को उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस मनाये जाने से संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ जिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा ने बैठक की। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस मनाये जाने के लिए भव्य स्तर पर तैयारी करने के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं सहायक पर्यटन अधिकारी को विशेष रूप से तैयारी करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान उन्होंने बताया है कि उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय विज्ञान आविष्कार प्रदर्शनी लगाई जाएगी तथा उद्योग विभाग द्वारा मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना अंतर्गत चयनित लाभार्थियों को ऋण वितरण एवं चयनित लाभार्थियों को उद्योग विभाग द्वारा टूल किट वितरण किया जायेगा, आयकर विभाग द्वारा उद्यमियों को सम्मानित किया जायेगा तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम, कल्चरल प्रोग्राम, गीत गायन सहित अन्य कई विभिन्न प्रकार का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसके लिए बैठक में संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं।

बैठक में उन्होंने सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि यह सभी तैयारियां समय से पहले पूर्ण कर ली जाएं ताकि कार्यक्रम के दिवस पूरी भव्यता के साथ उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस का मनाया जा सके।

बैठक में अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, मुख्य राजस्व अधिकारी महेश प्रकाश, नगर मजिस्ट्रेट पंकज वर्मा पुलिस क्षेत्राधिकार नगर, जिला विद्यालय निरीक्षक, डीसी उद्योग विभाग बाबूराम, एलडीएम अभिषेक रघुवंशी, सहायक पर्यटन अधिकारी, जिला समन्वयक बेसिक शिक्षा विभाग राजेश सिंह, आयकर विभाग के अधिकारीगण सहित अन्य सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## खिचड़ी भोज आयोजित



**मनकापुर/ गोंडा, समृद्धि न्यूज।** सरस्वती शिशु मंदिर सरस्वती पुरम भरहूं मनकापुर में 22 जनवरी बुधवार को खिचड़ी समरसता भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सैकड़ो बच्चों के साथ अभिभावक भी खिचड़ी भोज में सम्मिलित हुए। दोपहर 1:00 बजे से प्रारंभ खिचड़ी भोज शाम तक चलता रहा। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक राधेश्याम तिवारी, जवाहरलाल, संतोष कुमार बड़कन ,भरत लाल, प्रधानाचार्य चंद्र प्रकाश शुक्ला, आचार्य करुणा शंकर, अजय तिवारी, कलावती सिंह, ममता, अनीता, अंजली, संगीता, शिवम पांडे, जशवीर तथा आसपास के ग्रामीणों ने भी खिचड़ी भोज में भाग लिया।

# नीलगिरी फाउंडेशन का उपहार पाकर खिले बच्चों के चेहरे






**गोंडा, समृद्धि न्यूज़**

स्थानीय श्री गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज रेलवे कॉलोनी बडगांव में आज नीलगिरी फाउंडेशन द्वारा वृहद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नीलगिरी फाउंडेशनकी स्थापना स्वर्गीय श्रीमती नीलम सिंह की स्मृति में उनके पति गिरीश कुमार सिंह एरिया मैनेजर रेलवे गोंडा द्वारा किया गया है। पहले चैरिटेबल कार्यक्रम का आयोजन एरिया मैनेजर के जन्मदिन के विशेष अवसर पर ट्रस्ट के सदस्य अखंड प्रताप सिंह, अनंत प्रताप सिंह द्वारा किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत श्री गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज रेलवे कॉलोनी के सभागार में प्रधानाचार्य मेजर राजेश द्विवेदी के स्वागत संबोधन से प्रारंभ हुआ मेजर द्विवेदी ने इस कार्यक्रम के लिए ट्रस्ट की सराहना की।

ट्रस्ट के उद्देश्य और कार्यों पर प्रकाश डालते हुए संस्थापक गिरीश कुमार सिंह ने अपनी प्रेरणादायक यात्रा साझा की। बच्चों के बीच एक छोटा क्विज आयोजित किया गया, जिसमें विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। इसके बाद केक काटने का समारोह और उपहार वितरण हुआ, जिसमें पेंसिल बॉक्स, मिठाइयां, चॉकलेट बच्चों को दी गई। इस अवसर पर विचारों पर कभी आयोजन किया गया जो पर्यावरण संरक्षण के प्रति फाउंडेशन के प्रतिबद्धता को दर्शाता है। नीलगिरी फाउंडेशन का लक्ष्य सहानुभूति, सेवा, सहयोग और समर्पण के मूल मंत्र के साथ समाज की जरूरतमंदों की मदद करने के लिए प्रतिबद्धता है। यह कार्यक्रम न केवल बच्चों बल्कि स्कूल के स्टाफ और अन्य उपस्थित जनों के लिए भी प्रेरणादायक रहा। फाउंडेशन आने वाले समय में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करके देश और समाज की सेवा के लिए निरंतर कार्य करता रहेगा।

कार्यक्रम का संचालन संस्था के मुख्य नियंता हरिशंकर द्विवेदी ने किया इस अवसर पर संजय श्रीवास्तव एडीईएन, विनीत सिंह, करमचंद कुंवर उर्फ अमन, अनवर मलिक, आरएस मीणा, अमनदीप श्रीवास्तव, अजय यादव, अनिल कुमार, के एल यादव सहित विद्यालय के समस्त स्टाफ मौजूद थे।



## दीपक शुक्ला के इंडियन आयल पेट्रोल पंप का पीएसकेएस के अध्यक्ष ने किया उद्घाटन

**गोन्डा, समृद्धि न्यूज।** जनपद के कोतवाली देहात अन्तर्गत ग्राम कटहामाफी में लोगों को सुचारू रूप से और सभी को मानक अनुसार पेट्रोल डीजल मिल सके इसलिए सरकार से लाइसेंस प्राप्त कर दीपक शुक्ला ने खोला इंडियन आयल का पेट्रोल पंप।इस सम्बन्ध में दीपक शुक्ला ने बताया की यह कटहाघाट गोन्डा से डेहरास मार्ग है इसी मार्ग पर कटहामाफी शुक्लनपुरवा पर मुझे काफी प्रयास के बाद इंडियन आयल का डीलरशीप मिला है, जिसका आज उद्घाटन होना है पूजन हवन के दौरान पत्रकार समाज कल्याण समिति के संरक्षक शिवाकांत दूबे, जिलाध्यक्ष नरेंद्र लाल,संगठन मंत्री विजय कुमार सोनी, रघुराज, ऋषभ सहित दर्जनों लोगों की उपस्थिति रही। पूजन हवन के उपरांत पेट्रोल पंप का जिलाध्यक्ष नरेंद्र लाल गुप्ता ने फीता काटकर शुभारंभ किया। इस इस खुशी के अवसर पर पत्रकार समाज कल्याण समिति के जिलाध्यक्ष नरेंद्र लाल ने कहा की दीपक शुक्ला की मेहनत रंग लाई है इस रोड पर यह इंडियन आयल के पेट्रोल पंप से ग्रामीणों सहित राहगीरों को भी सुलभता से डीजल एवं पेट्रोल मिल सकेगा। उद्घाटन के उपरांत दीपक शुक्ला ने मौजूद सभी पत्रकारों को धन्यवाद ज्ञापित किया तथा कहा कि मेरी इमानदारी ही इस पेट्रोल पंप की पहचान होगी।

## नीव से खूंटा व छत से केबिल हटाने को कहने पर विपक्षी ने किया अभद्र व्यवहार

**धानेपुर /गोण्डा, समृद्धि न्यूज़**

नीव से सटे खूंटे छत पर रखे केबिल को हटाने को कहने पर महिला से अभद्र व्यवहार करते हुए विपक्षी मारने को तैयार हो गए।

मिली जानकारी के अनुसार सीरबनकट थाना धानेपुर की महिला सायरा बानो पत्नी अब्दुल्लाह ने आरोप लगाया कि मै पूरे परिवार छःमाह पहले घर पर नहीं थे। बल्लन पुत्र पुत्तीलाल ने मेरे नीव से सटा कर खूंटा गांड लिया था। जो दीवाल को छू रहा है। मेरे छत पर सहबू, जग्गी, लेखपाल, हजारी व बेचूलाल ग्रामवासी का बिजली का केबिल रखा है। जिससे करेंट उतर आताहै।हमेशा घटना होने की संभावना रहती है। जब सायरा बानो ने अपने नीव से खूंटा और छत से केबिल हटवाने के लिए कहा तो सभी लोग भद्दी भद्दी गालिया देते हुए मारने के लिए आमादा हो गए।पीड़ित महिला ने थाना पर तहरीर दिया है।

# मनरेगा भ्रष्टाचार को नजरअंदाज कर अधिकारी कर रहे जिलाधिकारी के छवि को धूमिल

**गोन्डा, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में जहां इमानदार जिलाधिकारी नेहा शर्मा है उनके ही अधीनस्थ कर्मचारियों के द्वारा लगातार भ्रष्टाचार को नजर अंदाज करना कहीं न कहीं डीएम के छवि पर सवाल उठा रहा है।

ग्रामीण वासियों मे चर्चा के दौरान मामला प्रकाश मे आया कि झंझरी ब्लाक अन्तर्गत ग्राम बूढ़ा देवर में मनरेगा से लगातार कई दिनों से लगभग कई दर्जन लेबरों की उपस्थिति दिखाकर कच्चे रास्ते की मिट्टी पटाई का कार्य किया जा रहा है, जिसकी सच्चाई जब मीडिया कर्मियों द्वारा मौके पर जाकर देखा गया तो सच्चाई कोसों दूर थी।फिलहाल मौके पर मौजूद निवासियों से जानकारी करने पर पता चला कि इस रास्ते पर कोई मिट्टी पटाई का कार्य कई महीनों से हुआ ही नहीं।यह जानकारी होते ही मौजूद मीडियाकर्मी दंग रह गये की इस तरह का सफेद झूठ के जिम्मेदार कौन हैं? मनरेगा में सचमुच भ्रष्टाचार का जिन्न बैठ गया है या जिम्मेदार अधिकारी जानकर भी अनजान बने हैं यही नहीं दिनांक 21 जनवरी 2025 को भी लगभग 35 मनरेगा मजदूर उपस्थित दिखाया गया है काम पर उपस्थित दिखाई गई है जबकि मौके की स्थिति देखकर यह ज्ञात होगा की मिट्टी पटाई की सच्चाई क्या है। फिलहाल यह तो जांच का विषय है। वहीं जन चर्चा है कि जिस तरह से लगातार मनरेगा में बड़ा खेल जारी है कहीं न कहीं इस खेल मे अधिकारियों की मनमर्जी तो सामिल नहीं है। स्थानीय लोगों यह भी बता रहे हैं कि मिट्टी पटाई लगभग तीन वर्षों पूर्व हुआ था इधर कुछ नहीं हुआ है।




# वर्तमान परिप्रेक्ष्य में इतिहास का महत्व विषय पर अंतराष्ट्रीय संगोष्ठी संपन्न



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

प्राचीन भारतीय इतिहास का गौरव व युवा हृदय सम्राट स्वामी विवेकानंद जी के विचार आज भी प्रासंगिक है यह विचार प्रो अजय कुमार पांडे सेवानिवृत्त प्राचार्य एच एल पी जी कालेज संतकबीर नगर ने श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज गोंडा मध्यकालीन एवं इतिहास विभाग व आई क्यू ए सी द्वारा आयोजित वर्तमान परिवेश में इतिहास की भूमिका विषय पर अंतराष्ट्रीय सेमिनार में शिक्षकों, शोध छात्रों व विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए व्यक्त किया। ज्ञातव्य हो युवा पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित हो रहे कार्यक्रमों के बारे में नैक समन्वयक प्रो जितेंद्र सिंह ने बताया की इस अंतराष्ट्रीय संगोष्ठी में भूटान के रायल कालेज से आए डॉ वी के अरोड़ा, ने महात्मा बुद्ध की शिक्षाओं का वर्णन किया। टेक्निकल सत्र की अध्यक्षता करते हुए प्रो परमानंद लाल ने प्रांतीय इतिहास लेखन पर जोर दिया। विशिष्ट अतिथि प्रो दिग्विजय नाथ पांडे, पूर्व प्राचार्य जे एन पी जी कॉलेज ने सामाजिक मूल्यों के परिवर्तन पर विस्तृत चर्चा की। हीरा लाल पी जी कालेज के बी एड विभाग के प्रो वी के राय ने भारत की प्रगति में इतिहास को न भूलने की बात कही। इस अंतराष्ट्रीय गोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रो शैलेंद्र नाथ मिश्र ने कहा वैकल्पिक इतिहास लेखन की उपयोगिता पर्व जोर दिया।

संगोष्ठी में 14, शोध छात्रों द्वारा ऑनलाइन/ ऑफलाइन मोड में शोध पत्र प्रस्तुत किए गए जिनमें पवन कुमार, आशुतोष सिंह, अनुराग मिश्रा तथा दिनेश सिंह प्रमुख रहे। इस अंतराष्ट्रीय संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रो रवींद्र कुमार ने भविष्य में इतिहास की उपयोगिता पर जोर दिया। आए हुए अतिथियों का स्वागत संगोष्ठी संयोजक प्रो अमन चंद्रा ने तथा आए हुए अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन नैक समन्वयक प्रो जितेंद्र सिंह ने किया। संगोष्ठी का कुशलता पूर्वक संचालन दीक्षा सिंह ने किया। सरस्वती वंदना व स्वागत गीत श्वेता व ज्योति द्वारा प्रस्तुत की गई। महाकुंभ पर रंगोली डॉ. ममता शुक्ला के निर्देशन में संध्या श्रीवास्तव व प्रियांशी पटेल द्वारा बनाई गई।

आए हुए शिक्षकों का पंजीकरण प्रो शशि बाला, शैलजा सिंह, प्रतिभा सिंह, राज कुमार माथुर द्वारा किया गया। सर्टिफिकेट लेखन का कार्य विजय सिंह व पंकज श्रीवास्तव द्वारा किया गया। रिपोर्टिंग शिवपूजन कश्यप व विजय लक्ष्मी द्वारा की गई। प्रो बी पी सिंह, प्रो एस एस शुक्ला प्रो जय शंकर तिवारी, प्रो जे बो पाल, प्रो संदीप श्रीवास्तव, प्रो आर बी एस बघेल, डॉ पूजा यादव, प्रो मंशा राम वर्मा, प्रो अभय श्रीवास्तव द्वारा आए हुए अतिथियों का स्वागत बुके एव अंगवस्त्र देकर किया गया। कार्यक्रम में डॉ शिशिर त्रिपाठी, डॉ चमन कौर डॉ बैजनाथ पाल, डॉ अरुण वर्मा, डॉ अरविंद शर्मा, डॉ रेखा शर्मा, डॉ मनीष मोदनवाल डॉ नीतू सक्सेना, सतीश दीक्षित राकेश मिश्रा, राम भरोश, शरद पाठक, आशुतोष श्रीवास्तव, आकाश रोहित सिंह, शंकर दयाल सहित महाविद्यालय के छात्र छात्रायें उपस्थित रहे। संगोष्ठी में 173 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। जिन्हें सर्टिफिकेट प्रदान किए गए।

# बुलडोजर से हटाया गया अतिक्रमण दुकानदारों से वसूला जुर्माना

▸ 150 दुकानों के सामने तोड़ा निर्माण



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

शहर के तिकोनी बाग चौकी से लेकर झिंगहाघाट तक बुधवार को अतिक्रमण हटवाया गया। नगर पालिका और यातयात पुलिस द्वारा लगभग 150 दुकानों के सामने अतिक्रमण पर बुलडोजर की कार्रवाई की गई। कुछ दुकानदारों से जुर्माना भी वसूला गया।नगर पालिका परिषद बहराइच और यातयात पुलिस की ओर से अतिक्रमण हटाने का अभियान जारी है। बुधवार को नगर पालिका परिषद बहराइच की अधिशाषी अधिकारी प्रमिता सिंह की अगुवाई में टीम शहर के तिकोनी बाग पुलिस चौकी के पास पहुंची। इसके बाद यातयात पुलिस की मदद से अतिक्रमण पर बुलडोजर की कार्रवाई शुरू हुई। पुलिस चौकी से झिंगहाघाट बस स्टैंड तक अतिक्रमण हटाया गया। लगभग 150 दुकानों के सामने सड़क की पटरियों पर बने निर्माण को गिरा दिया गया। नगर पालिका और यातयात पुलिस की इस कार्रवाई से दुकानदारों में हड़कंप मच गया। कुछ स्थान पर लोगों ने विरोध भी जताया। ईओ प्रमिता सिंह ने बताया कि निरन्तर अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि आधा दर्जन दुकानदारों पर अवैध अतिक्रमण को लेकर जुर्माना की कार्रवाई भी की गई है।

# महंत राजू दास के खिलाफ सपाइयों में आक्रोश, फूंका पुतला

▸ सोशल मीडिया पोस्ट पर मांगे माफी, और उन्हें गद्दी से हटाने की मांग



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जिले में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने महंत राजू दास द्वारा मुलायम सिंह यादव पर की गई टिप्पणी का विरोध करते हुए कलेक्ट्रेट में पुतला जलाया और हनुमान गढ़ी के महंत को गद्दी से हटाने की मांग की। इस दौरान सपाइयों ने कहा कि हमारा विरोध तबतक जारी रहेगा जबतक वो माफी नहीं मांगेंगे।

अयोध्या हनुमान गढ़ी के महंत राजू दास ने पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व रक्षामंत्री मुलायम सिंह यादव को लेकर सोशल मीडिया पर टिप्पणी की है। पूर्व सीएम अखिलेश यादव के पोस्ट पर महंत ने टिप्पणी कर अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया है। इस टिप्पणी से समाजवादी पार्टी के लोग दो दिनों से नाराजगी जता रहे हैं। बुधवार को समाजवादी लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष नंदेश्वर नन्द यादव की अगुवाई में सभी ने कलेक्ट्रेट में महंत राजू दास का पुतला जलाया। इसके बाद नारेबाजी करते हुए राजू दास मुर्दाबाद के नारे लगाए। सभी ने महंत से सोशल मीडिया पोस्ट पर माफी मांगने और उन्हें गद्दी से हटाने की मांग की। सभी का कहना है कि यदि महंत राजू दास पर कोई कार्रवाई न हुई तो सभी अयोध्या में धरना प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान शैलेश सिंह शैलू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राम जी यादव, पंकज दीक्षित समेत अन्य मौजूद रहे।

## अब सीएचसी के बाहर खड़ी नेत्र रोग विशेषज्ञ की कार जलकर राख

**बोले अधीक्षक- आराजक तत्वों ने लगाई आग**




**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** मोतीपुर सीएचसी के बाहर खड़े वाहन में दूसरी बार आग लगने की घटना हुई है। मंगलवार रात को नेत्र रोग विशेषज्ञ के चार पहिया वाहन में किसी ने आग लगा दी। बीते सप्ताह भी अधीक्षक समेत चार लोगों के वाहनों में आग लगी थी।मोतीपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में खड़ी चार पहिया वाहनों में आग लगने का सिलसिला थम नहीं रहा है। बीते सप्ताह अज्ञात कारणों से लगी आग में अधीक्षक डॉक्टर मनु शर्मा समेत चार स्वास्थ्य अधिकारियों के वाहन में आग लग गई थी। सभी वाहन जलकर राख हो गए थे। अभी मामला शांत नहीं हुआ था कि मंगलवार रात को अज्ञात कारणों से नेत्र रोग विशेषज्ञ अवधेश कुमार के वाहन में आग लग गई।

अधीक्षक डॉक्टर मनु शर्मा ने बताया कि डॉक्टर रोहित के आवास के सामने खड़ी कार में उलेन कपड़े से पहिया में आग लगाई गई है। उन्होंने बताया कि बार-बार आग लगने की घटना संदिग्ध है। अस्पताल परिसर में सीसीटीवी कैमरा लगवाया जाएगा। घटना की जानकारी उच्च अधिकारियों को दी गई है। पुलिस से सहयोग लेकर जांच करवाई जा रही है।

## युवक ने खुद को लगाई आग, हालत गंभीर



▸ पत्नी चार महीने पहले गई थी मायके, वापस न लौटने से था परेशान

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के नगर कोतवाली क्षेत्र में एक पारिवारिक विवाद ने गंभीर मोड़ ले लिया। नाजिरपुरा मोहल्ले के रहने वाले शाने आलम ने मंगलवार को अपने सीने पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर खुद को आग लगा ली। घटना का कारण उनकी पत्नी का पिछले 4 महीने से मायके में रहना बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार शाने आलम की पत्नी एक मामूली विवाद के बाद बच्चों को लेकर चार माह पहले अपने मायके चली गई थी। शाने आलम और उनके परिजन कई बार पत्नी और बच्चों को वापस लाने गए लेकिन हर बार ससुराल पक्ष ने इनकार कर दिया। इस स्थिति से व्यथित होकर शाने आलम गंभीर अवसाद में चले गए। मंगलवार को उन्होंने यह कदम उठाया लेकिन सौभाग्य से मौके पर मौजूद परिजनों की नजर पडते ही उन्होंने तुरंत कंबल डालकर आग को काबू कर लिया। हालांकि तब तक आग से उनका सीना और गला जुलूस चुका था। घायल शाने आलम को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों द्वारा उनका इलाज किया जा रहा है।

# नर्सिंग छात्र-छात्राओं को बताये गए यातायात के नियम

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



▸ छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक, निबन्ध, रंगोली व पोस्टर प्रतियोगिता के माध्यम से नियमों के महत्व को किया प्रदर्शित

बहराइच-सीतापुर रोड के सबलापुर स्थित डॉक्टर सर्वेश कुमार शुक्ला ग्रुप आफ इंस्टीट्यूटशंस कालेज में सड़क सुरक्षा अभियान के यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक, निबन्ध, रंगोली व पोस्टर प्रतियोगिता बनाकर यातायात नियमों व उसके पालन के महत्व को प्रदर्शित किया गया।

नर्सिंग कॉलेज के प्राचार्य हरीश नागर ने कहा कि सड़क सुरक्षा के लिए यातायात के नियमों का पालन आवश्यक है। यातायात नियमों का पालन कर स्वयं को बचाया जा सकता है। इसीलिए दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट व चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें। सड़क पर पैदल चलते समय आपने बाई पटरी पर चले। संस्था की निदेशिका पल्लवी शुक्ला ने यातायात नियमों की विधिवत जानकारी छात्र- छात्राओं को दी। उन्होंने कहा कि जो भी छात्र -छात्राएं बाइक व सकूटी से पढ़ने आ रहे हैं वो हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें और अपने परिवार व दोस्तों को भी वाहन चलाते समय हेलमेट व ड्राइवरी लाईसेंस का प्रयोग करने के लिए आवाह्न करें। नशा करके वाहन न चलाएं और फोन का इस्तेमाल न करें। प्रिंसी, निधि सोनी, अनुराग सिंह, विपिन कुमार, हुसैन ताहिर, सचिन राजपूत, अनुज मौर्य, अरविंद कुमार, कल्पना, उमर फारूख, उस्मान ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यातायात के नियमों के बारे में सुझाव दिया। इस मौके पर फार्मेसी प्राचार्य डा. संतोष कुमार मिश्र, आयुर्वेद प्राचार्य डॉ आनंद कुमार चौरसिया, मैनेजर आस्था शुक्ला, फूलचंद्र डावरिया, आलोक शुक्ल, अशरफ,संगीता पाल, श्रवण कुमार, सुनिधि शुक्ला, फरहत खान, आंचल सिंह, सौम्या सिंह, रोशनी, लवीशा, सुषमा गिरी, आयुषी, संगीता, छाया, ईशा वर्मा, प्रतिज्ञा पाठक मौजूद रहें।

# बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना की 10वीं वर्षगांठ पर निकाली प्रभात फेरी व जागरूकता रैली

**बहराइच समृद्धि न्यूज।**

▸ भारत ही नहीं सम्पूर्ण संसार में बेटियों का नेतृत्व : डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी




''बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ'' योजना की 10वीं वर्षगांठ के अवसर पर इन्दिरा गांधी स्पोर्टस स्टेडियम बहराइच से मुख्य अतिथि एमएलसी डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी ने मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र के साथ छात्र–छात्राओं व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की प्रभात फेरी एवं पुलिस विभाग द्वारा आयोजित बाइक जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इन्दिरा स्टेडियम से निकाली गई प्रभात फेरी इन्दिरा स्टेडियम, पानी टंकी चौराहा से होते हुए पुलिस लाईन से इन्दिरा स्टेडियम आकर सम्पन्न हुई। जबकि बाईक रैली इन्दिरा स्टेडियम, पानी टंकी चौराहा, डीएम चौराहा, केडीसी चौराहे से होते हुए मरीमाता मन्दिर पहुंच कर सम्पन्न हुई। प्रभात फेरी में शामिल छात्र–छात्राएं व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां अपने–अपने हाथों में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं विषयक स्टीकर लेकर लोगों को जागरूकता का सन्देश दे रहीं थीं। इस अवसर पर इन्दिरा स्टेडियम में एमएलसी डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी व सीडीओ मुकेश चन्द्र ने कैनवास पर हस्ताक्षर कर हस्ताक्षर जागरूकता अभियान का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए एमएलसी डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी ने कहा कि आज बेटियां ऊंचाईयों की ओर अग्रसर है। आज भारत ही नहीं सम्पूर्ण संसार विभिन्न क्षेत्रों का नेतृत्व बेटियां कर रही हैं। डॉ. त्रिपाठी ने कहा कि आज शिक्षा हो या नौकरी अथवा राजनीति सभी क्षेत्रों में बेटिया आगे हैं। भारत की बात की जाय तो देश सर्वोच्च पद एक बेटी द्वारा सुशोभित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रभात फेरी एवं बाइक रैली के मकसद है कि आमजनमानव को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं के महत्व से अवगत कराया जाय। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सीडीओ मुकेश चन्द्र ने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का एक उदाहरण हम सबके बीच भी है, आज हमारे जनपद में जिला पंचायत अध्यक्ष, एमएलसी, सदर विधायक व विधायक बलहा के पद पर महिलाएं आसीन हैं। प्रशासनिक क्षेत्र की बात की जाय तो जिले के सर्वोच्च पद जिलाधिकारी के पद पर महिला अधिकारी आसीन हैं। श्री चन्द्र ने आमजन का आहवान किया कि बालिका की शिक्षा पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने बालिकाओं का आहवान किया समाज में उच्च पदों पर महिलाओं से प्रेरणा लेकर आगे बढ़े और अपने परिवार, जिले, प्रदेश्ज्ञ एवं देश का नाम रोशन करें। उल्लेखनीय है कि ''बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ'' योजना की 10वीं वर्षगांठ के अवसर पर तहसील एवं ब्लाक स्तर पर भी ''बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ'' अभियान के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र–छात्राओं, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, सुपरवाइजर के द्वारा प्रभात फेरी निकालकर लोगों को जागरूक किया गया। जिला प्रोबेशन अधिकारी विनोद ने बताया कि निदेशक महिला कल्याण उत्तर प्रदेश द्वारा निर्देश दिये गये है कि ''बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ'' योजना के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 22 जनवरी से 08 मार्च 2025 तक राज्य स्तर, जिला स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेगें। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी राजकपूर, जिला क्रीड़ाधिकारी, सीडीपीओ, सुपर वाइजर, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, तारा महिला इण्टर कालेज एवं आर्य कन्या इण्टर कालेज तथा अन्य विद्यालय के छात्र–छात्राएं, शिक्षक, शिक्षकाएं व सम्बन्धित मौजूद रहे।

## परिषदीय विद्यालयों में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने वितरित किया अवकाश तालिका




**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ फखरपुर इकाई ने ब्लॉक अध्यक्ष मिथिलेश कुमार मिश्र के नेतृत्व में परिषदीय विद्यालयों के 102 प्रधानाध्यापकों को वर्ष 2025 का कैलेंडर वितरित किया। बीआरसी गजाधरपुर पर चल रहे प्रशिक्षण द्वितीय चरण में उपस्थित सभी शिक्षकों को अवकाश तालिका भेंट की गयी। ब्लॉक अध्यक्ष श्री मिश्र ने बताया कि गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी शिक्षक हितार्थ संगठन की तरफ से उपहार स्वरूप वितरण किया गया है। जिससे सभी शिक्षकों को छुट्टियों के बारे में आसानी से जानकारी मिल सकेगी।

# बच्चों का नियमित आकलन करें शिक्षक : राजेश मिश्र

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



▸ चैसार में शिक्षक संकुल की बैठक संपन्न

पयागपुर सोहरियावा न्याय पंचायत के उच्च प्राथमिक विद्यालय चैसार में शिक्षक संकुल की बैठक एआरपी राजेश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें उन्होंने उपस्थित सभी शिक्षकों से दीक्षा एप, रीड अलांग एप, का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही साथ अगले सप्ताह में सत्र परीक्षा संपन्न होने जा रही है उसकी पूर्व तैयारी करने पर विशेष बल दिया। एआरपी राजेश कुमार मिश्र ने कहा की सभी शिक्षक परीक्षा सकुशल सम्पन्न करा कर परीक्षा परिणाम प्रेरणा पोर्टल पर अपलोड करें। शिक्षक संकुल बैठक को नोडल शिक्षक संकुल इजहार उल हक, शिक्षक संकुल आनंद प्रताप सिंह, मोनि, रजनीश, प्रधानाध्यापक प्रभा पांडे, आदि ने संबोधित किया। शिक्षक संकुल बैठक में सनी, सत्येंद्र, विनोद, अमिताभ, नीरजा, सुमन, गीता, सीमा, ज्योति, प्रियंका, सावित्री, अवनि, अंजली, शाहिनूर, ऋतंभरा एवं अन्य सभी शिक्षकों ने प्रतिभाग किया।

# रेकी कर चोरी करने वाले गिरोह के तीन शातिर गिरफ्तार

**ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित लगभग छह लाख का समान बरामद**



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

जिले हो रही चोरियों को लेकर पुलिस सतर्क है। पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह के कड़े निर्देश है जनपद में हुई चोरियों का खुलासा जल्द से जल्द किया जाए। एसपी का आदेश है खासकर उन कबाड़ियों पर नजर जाए जो चोरी का सामान खरीदते है। एसपी के करकदमों में चलते हुए महराजगंज पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। महराजगंज पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में होने वाली चोरियों का खुलासा करके नम्बर बढ़ा लिए है। पुलिस टीम ने रेकी कर लोहे का सामान चुराने वाले तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है।

**घटना के बारे क्या कहा अपर पुलिस अधीक्षक ने:** बुधवार को पत्रकार वार्ता करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा ने बताया कि रेकी कर चोरी करने वालों को महराजगंज पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली सहित लोहे के समान के साथ तीन आरोपियों को पकड़ा है। आरोपी अजय कुमार पुत्र रामकुमार निवासी गुनावर और राहुल कुमार पुत्र रामबहादुर निवासी गुनावर थाना हरचंदपुर के रहने वाले है। ये दोनों आरोपी स्लैब डालने का कार्य करते है।

**कबाड़ी की दुकान में समान बेचकर बांटते थे पैसा:** दोनों दोपहर में घूम-घूमकर क्षेत्र में रैकी करते है कहाँ-कहाँ ट्रैक्टर ट्राली या कोई लोहे का सामान खड़ा मिलता है तो रात में आकर अपने ट्रैक्टर से टोचन करके चोरी कर हरचंदपुर के ग्राम गोलहा के जंगल में खड़ी कर देते थे। उसके बाद मौका पाकर समान को बछरावां थाना क्षेत्र में स्थित कबाड़ी की दुकान मो. सिराज उर्फ राहुल पुत्र स्व. मो असलम को बेच देते थे फिर मिला हुआ पैसा आपस में बांट लेते थे। महराजगंज पुलिस ने कई थाना क्षेत्रों में हुई का खुलासा कर पुलिस अधीक्षक के सामने अपने नम्बर बढा लिए है। आरोपियों के पास से एक मिक्सर मशीन,एक ट्राली,एक ट्रैक्टर समेत कई सामान बरामद हुए है जिनकी कीमत लगभग छः लाख आंकी जा रही है।

## बेखौफ चोरों ने नकदी समेत जेवर किए पार

**सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** बेखौफ चोरों ने एक घर को निशाना बनाया। जहां नगदी समेत जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। सुबह अंदर ताला टूटे देखा तो होश उड गये। परिजनों ने शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। मामला सलोन कोतवाली क्षेत्र के ममुनी गांव का हैं जहां हरिमोहन परिवार के साथ घर के बाहर बरामदे में सो रहे थे। इसी दौरान रात में चोरों ने घर के पीछे से चढ़कर अंदर घुस गये। जहां अंदर रखे बक्सों के ताला तोड़कर नकदी समेत जेवरात पार दिऐ सुबह जानकारी होने पर परिजनों के होश उड गये। पीड़ित हरिमोहन ने बताया कि हम लोग बरामदे सो रहे थे पीछे से छत पर चढ़कर अंदर कूदकर बक्से में रखे पत्नी व बहू के जेवर व नगदी पार दिया। लगभग पांच लाख रुपये का नुकसान हुआ है। पीड़ित ने सलोन कोतवाली में गांव के दो लोगों नामजद करते हुए तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## डीएम ने किया हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ



**बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के दस वर्ष पूर्ण होने पर शुरु हुआ अभियान**

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के दस वर्ष पूर्ण होने पर कलेक्ट्रेट कार्यालय में हस्ताक्षर अभियान का शुभारम्भ किया। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, अपर जिलाधिकारी (वि.रा.) अमृता सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा सहित अन्य अधिकारियों ने भी हस्ताक्षर अभियान में अपने हस्ताक्षर कर हिस्सा लिया। वन स्टॉप सेंटर मैनेजर एवं जिला प्रोबेशन कार्यालय में जिला प्रोबेशन अधिकारी की उपस्थिति में समस्त महिला कल्याण विभाग द्वारा शपथ समारोह का कार्यक्रम का आयोजन संपन्न हुआ।

## खबरें एक नजर में

### हनुमान मंदिर पर हजारों लोगों ने ग्रहण किया प्रसाद



**महराजगंज रायबरेली।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी अशर्फाबाद हनुमान मंदिर पर रामचरितमानस पाठ वस्त्र वितरण और विशाल भंडारे का कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें पहुंचे हजारों लोगों ने जहां रामचरितमानस की चौपाइयों का आनंद लिया तो वही भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर अपने आप को पुण्य का भागीदार बनाया पिछले 10 वर्षों से लगातार हनुमान मंदिर पर सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होता चला आ रहा है इसी कड़ी में इस वर्ष भी दिनांक 20 जनवरी को रामचरितमानस के पाठ का आयोजन किया गया जिसे सुनने के लिए हजारों की संख्या में लोग पहुंचे तो वहीं दूसरे दिन हवन पूजन के बाद गरीब बच्चों को समाजसेवी सोभनाथ सिंह द्वारा वस्त्र वितरण किया गया उसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें हजारों की संख्या में पहुंचे लोगों ने बजरंगबली का प्रसाद ग्रहण कर अपने आप को पुण्य का भागीदार बनाया। इस मौके पर शिवकरन सिंह सोभनाथ सिंह, राजेश सिंह फौजी सुरेंद्र सिंह अशोक सिंह फौजी राम कुबेर सिंह सूर्यभान सिंह ग्राम प्रधान ऋषि सिंह आनंद काका संतोष सिंह चौहान मेजर सिंह सुभाष सिंह डॉक्टर एमडी पासी महराजगंज खबर प्रेस क्लब के पदाधिकारियों सहित पुत्तन साहू गंगाराम पासवान मुकेश कोटेदार डीके सिंह रामू पासवान छेद्दू पासवान रामकृपाल बाबा सौरभ सिंह दिग्विजय सिंह राकेश सिंह अंकेश सिंह मोहित सिंह रत्नेश सिंह अमन सिंह आदित्य सिंह हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

### कोहरा व ठंड से प्रभावित हो रही केले की फसल



**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** कड़ाके की ठंड पाला और कोहरे से जहां आलू मटर और सरसों की फसल प्रभावित हो रही है वहीं ठण्ड के प्रकोप से केला की फसल प्रभावित हो रही है अधिक ठंड और कोहरे के चलते केले के पत्ते काले पड़ कर सूखने लगे हैं जिससे केला किसानो को बड़ा नुकसान होने का डर सताने लगा है डलमऊ तहसील क्षेत्र के सन्तपुर, हजियाबाद, कटरा, खलीलपुर के किसानों ने धान, गेहूं,सब्जी, की फसल के साथ-साथ केला की भी खेती कर अच्छा मुनाफा कमा रहे हैं। केला की खेती कर रहे सन्तपुर निवासी संदीप सिंह ने बताया कि केले की फसल तैयार कर रहे हैं अधिक ठंड के चलते कुछ पेड़ों की पत्तियां काली पड़ गई जिससे नुकसान होने का डर सता रहा है पेड़ों को बचाने के लिए जिंक, बोरान, यूरिया, डीएपी,का घोल बनाकर हर 15 दिन में छिड़काव कर रहे जिससे पेड़ो की ग्रोथ अच्छी हो सके जिला उद्यान अधिकारी जयराम वर्मा ने केला किसानों को सलाह देते हुए बताया कि केले की सिंचाई बराबर करते रहें सिंचाई से पाले का असर कम होता है। अगर संभव हो तो आसपास धुआं भी करें मौसम खुल रहा है पाला का असर दिखाई तो देगा लेकिन कोई असर नहीं होगा।

### सुभाष चन्द्र बोस की जंयती पर सभी विद्यालयों में ली जाएगी सड़क सुरक्षा की शपथ

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।** एआरटीओ बृजेश यादव ने बताया कि शासन के दिशानिर्देश एवं डीएम पवन अग्रवाल के मार्गदर्शन में सड़क सुरक्षा के प्रति आमजनमानस में जागरूकता लाये जाने हेतु गतवर्ष के भांति इस वर्ष भी नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की जंयती पर दिनांक 23.01.2025 को जनपद में पूर्वाह्न 11:00 बजे कक्षा 08 से 12 तक के समस्त विद्यालयों के छात्रों एवं उच्च शिक्षा के सभी विद्यार्थियों को एक साथ मानव श्रृंखला में सम्मिलित कराते हुए सड़क सुरक्षा शपथ की शपथ दिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत विद्यार्थियों एवं नागरिकों को जागरूक किये जाने हेतु अधिक से अधिक विद्यार्थियों, एन.एस.एस., एन.सी.सी. एवं स्काउट गाइड आदि की सहभागिता सुनिश्चित सुनिश्चित कराएंगे, जिससे आमजनमानस को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा सकें।

### थाना गैंड़ास बुजुर्ग पुलिस की बड़ी कार्रवाई, वांछित गिरफ्तार




**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।** पुलिस अधीक्षक बलरामपुर, विकास कुमार के दिशा-निर्देशन में अपराध नियंत्रण हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव और क्षेत्राधिकारी उतरौला राघवेन्द्र सिंह के पर्यवेक्षण में, थाना गैंड़ास बुजुर्ग में मंगलवार को एक महत्वपूर्ण कार्रवाई की गई। इस दौरान थानाध्यक्ष राजीव कुमार मिश्र के नेतृत्व में उपनिरीक्षक अर्जुन कुमार, हेड कांस्टेबल विनोद निषाद और महिला कांस्टेबल धनमाया की टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए एक वांछित अपराधी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त दिनेश कुमार, जो ग्राम टेनुई बढ़नी चाफा, थाना भवानीगंज, जनपद सिद्धार्थनगर का निवासी है, को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। अभियुक्त के खिलाफ थाना गैंड़ास बुजुर्ग पर पंजीकृत मु0अ0सं0 09/2025 धारा 137(2), 87 बीएनएसएस के तहत मामला दर्ज था। अभियुक्त की उम्र लगभग 23 वर्ष है। यह कार्रवाई पुलिस की तत्परता और टीमवर्क का एक उदाहरण है, जिसमें अपराधियों पर सख्त नियंत्रण स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं।

### अवैध कच्ची शराब पर कार्रवाई, अभियुक्ता गिरफ्तार




**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।** आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के आदेशानुसार और उप आबकारी आयुक्त देवी पाटन गोंडा के पर्यवेक्षण में जिला आबकारी अधिकारी बलरामपुर के निर्देशन में अवैध शराब और मद्य निष्कर्षण के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत तहसील उतरौला क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की गई। दिनांक 21 जनवरी 2025 को थाना रेहरा बाजार के अंतर्गत गांव ग्वालियरग्रंट और रघुनाथपुर में सुबह के समय आबकारी विभाग ने दबिश दी। इस दौरान टीम ने 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की और 200 किलोग्राम लहन को मौके पर ही नष्ट कर दिया। दबिश के दौरान मौके से आशा कुमारी, पत्नी मोहर, को गिरफ्तार किया गया। उनके विरुद्ध आबकारी अधिनियम 1910 की धारा 60(1) और 60(2) के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। अभियुक्ता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। यह कार्रवाई अवैध शराब निर्माण और बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए सरकार की सख्त नीति और आबकारी विभाग की सक्रियता को दर्शाती है।

## सपाइयों ने हनुमानगढ़ी के महंत के खिलाफ एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

हनुमानगढ़ी अयोध्या के पुजारी राजू दास के खिलाफ समाजवादी पार्टी के छात्र सभा के सभी पदाधिकारियों महाराजगंज तहसील पहुंचकर उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। समाजवादी पार्टी छात्र सभा के छात्र सभा ब्लॉक अध्यक्ष सतीश यादव के नेतृत्व में पदाधिकारीयों ने तहसील परिसर पहुंचकर जमकर नारेबाजी की तथा कहा कि मुलायम सिंह यादव समाजवादी पार्टी के संस्थापक हैं जिनकी प्रतिमा महाकुंभ प्रयागराज में लगी हुई है जिसको लेकर अयोध्या हनुमानगढ़ी के महंत राजू दास द्वारा अभद्र टिप्पणी की गई है जिसके लिए उपजिलाधिकारी के कार्यालय पर महंत राजू दास के खिलाफ ज्ञापन देने आए हैं। इस दरमियान सपा कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी की और ज्ञापन सौंपा।

## सवर्ण आर्मी की बैठक में तैयार की गई सवर्ण सम्मेलन की रूपरेखा

**सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



सवर्ण आर्मी रायबरेली के पदाधिकारियों ने जिला अध्यक्ष वृजेन्द्र सिंह फौजी के नेतृत्व में विकास खंड-सलोन की ग्राम पंचायत रेवली मे जिला उपाध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह द्वारा आयोजित ब्लाक कार्यकारिणी की बैठक तथा महिला प्रकोष्ठ की तहसील अध्यक्ष सीमा उपाध्याय द्वारा ग्राम पंचायत घूरनपुर में आयोजित महिला प्रकोष्ठ की बैठक में प्रतिभाग कर सवर्ण समाज के सैकड़ों लोगों को सवर्ण आर्मी की सदस्यता दिलाई तथा आगामी 16 मार्च को होने वाले विशाल सवर्ण सम्मेलन की रूपरेखा तैयार किया। इस संबंध में सवर्ण आर्मी जिला अध्यक्ष वृजेन्द्र सिंह फौजी द्वारा बताया गया कि आगामी 16 मार्च को विकास खंड सलोन के गणेशगंज बाजार में सवर्ण आर्मी रायबरेली द्वारा एक विशाल सवर्ण सम्मेलन का आयोजन किया गया है। इस सम्मेलन के मुख्य अतिथि सवर्ण आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्वेश पांडेय होंगे। इस दौरान सवर्ण आर्मी के मंडल उपाध्यक्ष -उमाशंकर पांडेय, जिला संरक्षक-अरविंद सिंह, हरिहर प्रसाद शुक्ला, जेकेशुक्ला, जिला संयोजक-श्याम सुन्दर त्रिपाठी, जिला संपर्क प्रमुख-अखंड प्रताप सिंह, जिला महा सचिव-योगेन्द्र प्रताप सिंह, महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष-अनुराधा मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष अजय दीक्षित, जिला मीडिया प्रभारी-सतीश मिश्रा, जिला सचिव-उषाकान्त पांडेय,उपेंद्र सिंह, शिवांश प्रताप सिंह, जिला सह आई टी सेल प्रभारी-रत्नेश तिवारी, तहसील अध्यक्ष-सीपी श्रीवास्तव, ब्लाक संयोजक-श्रवण कुमार तिवारी, ब्लाक अध्यक्ष-शिवाकांत मिश्रा, ब्लाक महासचिव-संजीत तिवारी, रोहनिया ब्लाक अध्यक्ष-विमल मिश्रा सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता तथा सवर्ण समाज के लोग मौजूद रहे।

## प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वर्षगांठ पर निकाली भव्य शोभायात्रा

**सूची सलोन, रायबरेली।** प्रभु श्री राम प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वर्षगांठ के शुभ अवसर पर भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें सैकड़ों राम भक्तों ने रामलला का झंडा लेकर डीजे में बज रहे भजनों के साथ जय श्री राम के जय घोष से गूंजता रहा।




सलोन क्षेत्र के सूची कस्बा में श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने पर उत्सव के रूप में मनाया गया। जहां राम भक्तों द्वारा भव्य शोभा यात्रा निकाली गई।यह यात्रा सूची चौराहा स्थित हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर क्षेत्र में भ्रमण करते हुए इसी मंदिर पर समापन हुआ।इस दौरान डीजे पर बज रहे राम भजनों पर युवाओं ने नृत्य करते हुए जय श्री राम के जय घोष गूंजते रहे। राम भक्तों में काफी उत्साह देखने को मिला।इस मौके पर बड़ी संख्या में राम भक्त शामिल हुए।

## हृदय सेवा संस्थान के तत्वावधान में कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित



**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** हृदय सेवा संस्थान लखनऊ के तत्वाधान में संगठन की अध्यक्षा ममता दीक्षित के नेतृत्व में विकासखंड बछरावा की ग्राम सभा चुरूवा में प्रसिद्ध पीपलेश्वर चुरूवा हनुमान पर मंदिर कंबल वितरण का आयोजन किया गया। इस कंबल वितरण के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उन्नाव जनपद के विकासखंड हिलौली के ब्लॉक प्रमुख दिलीप दीक्षित ने शिरकत की। वहीं विशिष्ट अतीत के रूप में संगठन के सयोजक मयंक मिश्रा की उपस्थिति गरिमामयी रही। कार्यक्रम में प्रेम प्रकाश, राम प्रताप, सुसीला, ममता, रामकुमारी, शिवदुलारी, राजाराम, भुइया दीन, आशीष छेदाना, राजरानी सहित सैकड़ो जरूरतमंदों, असहायो एवं दिव्यांग जनों को कंबल वितरित किए गए। इस मौके पर मन्दिर के पुजारी ऋषि अवस्थी, प्रदीप मिश्रा, दिव्य प्रकाश मिश्रा, विधाधर शुक्ल, कृष्णाकांत मिश्रा, अजय शुक्ला सहित अन्य स्थानीय लोग एवं गणमान्य जन उपस्थित रहे।

## एडीएम वित्त एवं राजस्व के दफ्तर के बरामदे का गिरा प्लास्टर

**छत का मलबा गिरने से फरियादी के सिर पर आई चोट**



**रायबरेली।** रायबरेली में बड़ा हादसा टल गया है। यहां एडीएम वित्त एवं राजस्व अमृता सिंह के दफ्तर के बाहर बरामदे का प्लास्टर गिर गया है। जिस जगह पर प्लास्टर गिरा वहां एडीएम से मिलने वालों का जमावड़ा रहता है। यह महज़ इत्तेफ़ाक़ है कि जिस समय घटना हुई वहां इक्का दुक्का लोग ही मौजूद थे। मलबा गिरने की जगह से बैठे फरियादी के सिर पर मलबे का थोड़ा सा हिस्सा गिरा जिससे उन्हें मामूली चोट आई है। कर्मचारियों का कहना है कि मलबा अचानक गिरा है, पहले से इसका कोई अंदेशा नहीं था।

**बाल बाल बचा फरियादी, दुर्घटना होने के बाद दी प्रतिक्रिया:** फरियादी हनुमान प्रसाद ने कहा कि वह आज अपर जिलाधिकारी के ऑफिस पर आया था और बैंच पर बैठा हुआ था। अचानक से छत का प्लास्टर गिर गया। प्लास्टर गिरने से उसके सर पर मामूली चोट भी आई है। वहीं विभाग के कर्मचारी सदाशिव यादव ने बताया कि रोजाना की तरह आज ऑफिस में बैठे हुए थे। अचानक से कुछ गिरने की आवाज आई तो देखा कि ऑफिस के छत का प्लास्टर गिर गया है। इस प्लास्टर के गिरने से कोई हताहत नहीं हुआ है।

**सरकारी धन के बंदर-बांट का नतीजा है ऐसी घटनाएं:** प्रतिवर्ष जिलाधिकारी कार्यालय की बिल्डिंग की मेंटेनेंस के लिए लाखों रुपया सरकारी धन के रूप में आता है। लेकिन इस प्रकार छत का प्लास्टर गिरने से कहीं ना कहीं यह भी सवाल उठ रहा है कि वह धन सही प्रकार से खर्च होता भी है या नहीं।

## गूमाफातिमा जोत फाइनल मुकाबला जीत बनी चैंपियन

**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**



गूमाफातमा जोत के कांटा मैदान में आयोजित हो रहे जीएफजे क्रिकेट ट्रॉफी के सेमी फाइनल मैच में गूमा फात्माजोत व अलाउद्दीनपुर के बीच खेला गया। गूमाफात्मा जोत पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 6 ओवरों में चार विकेट खोकर 74 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी अलाउद्दीनपुर की टीम ने निर्धारित 6 ओवरों में 34 रन पर ऑउट हो गई।

इस प्रकार गूमाफात्माजोत ने 40 रनों से जीत हासिल करके फाइनल में प्रवेश किया। मैन ऑफ द मैच में विपिन श्रीवास्तव ने 2 ओवर में 6 रन देकर 3 विकेट लिया।फाइनल मैच अगले मुकाबला गुमा फात्मा जोत और आजमगढ़ के बीच खेला गया जिसमें आजमगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 8 ओवरों में 49 रन बनाए।गूमा फात्मा जोत 49 रनों का पीछा करते हुए 6.5 ओवर में लक्ष्य प्राप्त कर लिया। गुमा फात्मा जोत के तरफ से गुड्डू ने 21 रन व कासिम ने 18 रनों का योगदान दिया। इस तरह गूमाफात्मा जोत ने यह फाइनल मैच 10 विकेट से जीत लिया।मैन ऑफ मैच गुड्डू को दिया गया। इस अवसर पर गुलाम हुसैन, फक्रूजमा, राजेंद्र मौर्या,अजमत अली, शहजाद रजा, सरफराज, अफजाल खान साहित अन्य खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## नए मुंसिफ न्यायालय परिसर के लिए 35 बीघा जमीन की तलाश तेज

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**

**उतरौला तहसील मुख्यालय के निकट दो संभावित जमीनों को किया गया चिन्हित**

उच्च न्यायालय के निर्देश पर उतरौला तहसील मुख्यालय पर नए मुंसिफ न्यायालय भवन और न्यायिक अधिकारियों के आवास के निर्माण के लिए 35 बीघा जमीन की तलाश तेज हो गई है। तहसील प्रशासन ने इस संबंध में पहल करते हुए जमीन चिन्हित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। तहसीलदार उतरौला सत्यपाल प्रजापति ने जानकारी दी कि वर्तमान में संचालित मुंसिफ न्यायालय का परिसर काफी छोटा और अव्यवस्थित है। इसे ध्यान में रखते हुए उच्च न्यायालय ने नया परिसर स्थापित करने का निर्णय लिया है। इसमें न्यायालय भवन के साथ न्यायिक अधिकारियों के लिए आवास का निर्माण भी शामिल होगा। उतरौला तहसील मुख्यालय के निकट दो संभावित जमीनों को चिन्हित कर लिया गया है। इनकी पैमाइश भी पूरी कराई जा चुकी है। तहसीलदार ने बताया कि जमीन चिन्हित करने की प्रक्रिया पूरी होने पर उसकी रिपोर्ट उच्चाधिकारियों के माध्यम से उच्च न्यायालय को भेजी जाएगी। उच्च न्यायालय की स्वीकृति मिलने के बाद चिन्हित जमीन का अधिग्रहण शासन द्वारा किया जाएगा। इसके बाद नए न्यायालय परिसर और आवासीय भवनों का निर्माण कार्य शुरू होगा। इस निर्णय से न्यायालय और न्यायिक अधिकारियों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी। नए परिसर के निर्माण के निर्णय से क्षेत्र के अधिवक्ताओं और न्यायिक कर्मचारियों में उत्साह है। अधिवक्ताओं का मानना है कि इससे न्यायिक प्रक्रिया में सुधार होगा और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

## कड़ाके की ठंड में सादुल्लानगर क्षेत्र में नहीं जले आलाव

**सादुल्लानगर/ बलरामपुर।** कड़ाके की ठंड से गरीबों,असहायो और यात्रियों के लिए फजीहत बाढ़ गई है। लेकिन इससे बचाव के लिए क्षेत्र के तीराहो, चौराहा और सार्वजनिक स्थानों पर प्रशासन की ओर से अलाव जलवाने की व्यवस्था नहीं की गई है। इससे सादुल्लानगर, रामपुर अरना, घासीपोखरा, मद्दोभट्टा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सादुल्लानगर सहित अन्य चौराहा बाजार में आवागमन करने वाले लोगों को ठंड से काफी दुश्वरिया उठानी पड़ रही है। रविवार को तड़के से पड़ रही ठंड से क्षेत्र में लोग बेहाल दिखें।इस दौरान हुए चाय पान की दुकानों पर भट्ठियों का सहारा लेते दिखे। क्षेत्रीय लोगों ने ठंड को देखते हुए तत्काल सादुल्लानगर,घासीपोखरा, रामपुर अरुना, सहित क्षेत्र के अन्य इलाकों में अलाव जलवाने की मांग की है। अलाव जलाने में प्रशासन की उदासीनता से लोगों में रोष है। कहा कि प्रशासन के द्वारा अनहोनी का इंतजार किया जा रहा है। खास बात यह है कि रविवार को घर से निकलने के बाद भी लोग ठंड की वजह से वापस लौट गए। इस दौरान बाइक और साइकिल से आवागमन कर रहे लोगों की हालत बिगड़ी नजर आई। इसमें सबसे खराब स्थिति अधेड़ और वृद्धो की देखी गई। इसके अलावा नौजवान भी ठंड के चलते सिकुड़ते नजर आए। राम अवध शर्मा, राजू, इरशाद आदि ने अलाव जलवाने की मांग प्रशासन से की है ।

## 25 जनवरी को मनाया जाएगा राष्ट्रीय मतदाता दिवस

**वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम की थीम पर मनाया जाएगा राष्ट्रीय मतदाता दिवस, सभी कार्यालयों में ली जाएगी शपथ**

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**



जिला मजिस्ट्रेट/ जिला निर्वाचन अधिकारी पवन अग्रवाल ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की 25 जनवरी को पूरे देश में राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन वर्ष-2011 से किया जा रहा है। 25 जनवरी, 2025 को पन्द्रहवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर जिला तथा मतदान केन्द्रों पर विभिन्न समारोह आयोजित किए जायेंगे और मतदाताओं को बैजेज लगाकर सम्मानित किया जायेगा, इसके साथ ही समारोह में भाग लेने वाले मतदाताओं को शपथ दिलाई जायेगी। उन्होंने समस्त विभागाध्यक्ष/ कार्यालयाध्यक्ष, सरकारी/अर्द्ध सरकारी कार्यालय एवं प्रतिष्ठान को निर्देशित किया है कि आयोग के निर्देशानुसार जनपद के सभी कार्यालयों में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाये जाने का कार्यक्रम आयोजित किया जाए तथा आयोजित कार्यक्रमों में सभी अधीनस्थ अधिकारियों/कर्मचारियों को मतदाता शपथ दिलाई जाय। शपथ का प्रारूप मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ की वेबसाइट"ceouttarpradesh.nic.in" पर भी उपलब्ध है। पन्द्रहवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस की थीम "Nothing like voting, I vote for sure" वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम हैं। पन्द्रहवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस को ली जाने वाली मतदाता शपथ का आयोजन दिनांक 25 जनवरी, 2025 को पूर्वाह्न 11-00 बजे कराएंगे।

## अन्य दोषियों को भी मिलेगी सजा?

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में ट्रेनी डॉक्टर से रेप के बाद उसकी हत्या केस में मुख्य अभियुक्त संजय रॉय को न्यायालय ने अपने फैसले में दोषी करार दिया। यह फैसला बीते साल नवम्बर में शुरू हुई सुनवाई के करीब 2 महीने बाद 20 जनवरी आया। संजय रॉय को नए भारतीय कानूनी बीएनएस की धारा 64,66 एवं 103 (1) के तहत बलात्कार और हत्या का दोषी पाया गया, हालांकि सीबीआई ने उसकी फांसी सजा की मांग की, किंतु सत्र न्यायाधीश ने अपने फैसले में उसे भी बोलने का मौका दिया जाए। जिस पर उसका कहना था कि उसे फंसाया गया है और उसने घृणित कार्य नहीं किया। जिन्होंने ये काम किया है, उन्हें जाने दिया गया है। वहीं मृतका के मां-बाप ने कोर्ट के फैसले पर खुशी जाहिर की, साथ में यह भी कहा है कि वह इस जघन्य अपराध में अकेला नहीं था, बल्कि उसके साथ और भी लोग थे, जिन्हें बचाया जा रहा है और सजा मिलने तक वे अपना संघर्ष जारी रखेंगे। 9 अगस्त को आपातकाल के अस्पताल के आपातकालीन विभाग की चौथी मंजिल में पीड़िता का शव बरामद किया गया था। मामले में सभी सबूतों के आधार पर सीबीआई ने सिविक वॉलिंटियर्स संजय रॉय को मुख्य आरोपी बनाया। इस घटना से पूरे देश में ऐसा आक्रोश फैला था कि चिकित्सा कर्मियों, डॉक्टरों समेत अन्य लोगों ने भी लंबे समय तक विरोध प्रदर्शन किये। अदालत के मुताबिक उसे मृत्युदंड या आजीवन कारावास मिल सकती है, जैसा कि मृतका के माता-पिता ने कहा कि अभी बहुत से सवालों के जवाब बाकी हैं। क्योंकि जांच के दौरान खुलासा हुआ था कि घटना जितनी भी निर्मम और वीभत्स थी उसमें अन्य लोग भी शामिल थे। हालांकि इस दौरान अस्पताल से जुड़े तमाम अन्य आर्थिक घोटालों का भी खुलासा हुआ। जिस पर अब तक कोई कार्यवाई नहीं की गई है, जबकि प्रदेश की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर दोषियों का पक्ष लेने जैसे गंभीर आरोपों के बाद भी अस्पताल प्रबंधन में मामूली फेरबदल करने सरीखी कवायद ही हुई, मगर समस्याओं के समाधान का प्रयास होता अभी तक नहीं दिख रहा। तमाम बड़े कानों के बाद भी देश में महिलाओं के प्रति दिन से सुरक्षा भरे माहौल से जूझने पर मजबूर हैं वही कहानी बातों के अतिरिक्त उन्हें सब आईटी हो सकता है अतिरिक्त भी कुछ नहीं मिलता दोषी को कड़ी से कड़ी सजा होना तबीयत न्याय टीवी के प्रतिमान करने वाला साबित हो सकता है मगर बाकी दोषियों पर हाथ डालने में कुत्ता ही क्यों बढ़ती जा रही है सबसे नीचे के आरोपी पर कई कार्रवाई कर दीपावली की आदमी का प्रतिफल है की गंभीर अपराधों में इंसानियत दोषियों का छुट्टा घूमते घूमते रहना। बात यहां रात्रि पाली में काम करने वाली महिलाओं तक सीमित नहीं है, अपितु यह हर नागरिक की सुरक्षा से जुड़ा मसला है। अपराधिक प्रवृत्ति वालों के प्रति पक्षपाती रवैया न्यायपालिका पर सवालिया चिन्ह लगाते हैं। जिससे बचाना आवश्यक है।

# बालिकाओं को बनाना होगा आत्मनिर्भर

**रमेश सर्राफ धमोरा**

भारत में हर साल 24 जनवरी को लड़कियों को सशक्त बनाने और उनके सामने आने वाली चुनौतियों के समाधान के महत्व को उजागर करने के लिए राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है। यह लड़कियों के अधिकारों और अवसरों को बढ़ावा देते हुए उनकी ताकत और क्षमता का जश्न मनाने का दिन है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा 2008 में पहली बार राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाना शुरू किया गया था। देश में लड़कियों द्वारा सामना की जाने वाली सभी असमानताओं के बारे में लोगों के बीच जागरूकता फैलाना व बालिकाओं के अधिकारों के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना, इसे मनाने का मुख्य उदेश्य है।

हमारे देश में बड़ी विडंबना है कि हम बालिका का पूजन तो करते हैं लेकिन जब हमारे खुद के घर बालिका जन्म लेती है तो हम दुखी हो जाते हैं। देश में सभी जगह ऐसा देखा जा सकता है। देश के कई प्रदेशों में तो बालिकाओं के जन्म को अभिशाप तक माना जाता है। लेकिन बालिकाओं को अभिशाप मानने वाले लोग यह क्यों भूल जाते हैं कि वह उस देश के नागरिक हैं, जहां रानी लक्ष्मीबाई जैसी विरांगनाओं ने देश के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए थे। 24 जनवरी 1966 को पहली बार बतौर प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपना कार्यभार संभाला था। उस दिन की याद में राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाने लगा। राष्ट्रीय बालिका दिवस 2024 का विषय है- आइए हम अपनी लड़कियों को मजबूत, स्वतंत्र और निडर बनाएं।

भारत में आज हर क्षेत्र में बालिकाओं के आगे बढ़ने के बावजूद वह अनेकों कुरीतियों की शिकार हैं। ये कुरीतियों उसके आगे बढ़ने में बाधाएं उत्पन्न करती है। पढ़े-लिखे लोग और जागरूक समाज भी इस समस्या से अछूता नहीं है। आज हजारों लड़कियों को जन्म लेने से पहले ही मार दिया जाता है। आज भी समाज के अनेक घरों में बेटा, बेटी में भेद किया जाता है। बेटियों को बेटों की तरह अच्छा खाना और अच्छी शिक्षा नहीं दी जाती है।

समाज में आज भी बेटियों को बोझ समझा जाता है। हमारे यहां आज भी बेटी पैदा होते ही उसकी परवरिश से ज्यादा उसकी शादी की चिन्ता होने लगती है। आज महंगी होती शादियों के कारण बेटी का बाप हर समय इस बात को लेकर चिंतित नजर आता है कि उसकी बेटी की शादी की व्यवस्था कैसे होगी। समाज में व्याप्त इसी सोच के चलते कन्या भ्रूण हत्या पर रोक नहीं लग पायी है। कोख में कन्याओं को मार देने के कारण समाज में आज लड़कियों की काफी कमी हो गयी है। देखा जाय तो अगर समाज में बेटियों को भी उचित शिक्षा और सम्मान मिले तो कभी भी बेटिया किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं रहेंगी। इसलिए यदि यह कहा जाय की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना नहीं, हम सबकी एक जिम्मेदारी है। तो इसमें कोई गलत नहीं है। यदि हम सभी एक अच्छे समाज का निर्माण करना चाहते हैं तो हम सबका यही फर्ज बनता है कि हम इन बेटियों को भी भयमुक्त वातावरण में पढ़ायें। उन्हें इतना सशक्त बनायें कि खुद गर्व से कह सकें कि देखो वह हमारी बेटी है जो इतना बड़ा काम कर रही है।



**राष्ट्रीय बालिका दिवस (24 जनवरी) पर विशेष**

**समाज में आज भी बेटियों को बोझ समझा जाता है। हमारे यहां आज भी बेटी पैदा होते ही उसकी परवरिश से ज्यादा उसकी शादी की चिन्ता होने लगती है। आज महंगी होती शादियों के कारण बेटी का बाप हर समय इस बात को लेकर चिंतित नजर आता है कि उसकी बेटी की शादी की व्यवस्था कैसे होगी। समाज में व्याप्त इसी सोच के चलते कन्या भ्रूण हत्या पर रोक नहीं लग पायी है। कोख में कन्याओं को मार देने के कारण समाज में आज लड़कियों की काफी कमी हो गयी है। देखा जाय तो अगर समाज में बेटियों को भी उचित शिक्षा और सम्मान मिले तो कभी भी बेटिया किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं रहेंगी। इसलिए यदि यह कहा जाय की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना नहीं, हम सबकी एक जिम्मेदारी है। तो इसमें कोई गलत नहीं है। यदि हम सभी एक अच्छे समाज का निर्माण करना चाहते हैं तो हम सबका यही फर्ज बनता है कि हम इन बेटियों को भी भयमुक्त वातावरण में पढ़ायें। उन्हें इतना सशक्त बनायें कि खुद गर्व से कह सकें कि देखो वह हमारी बेटी है जो इतना बड़ा काम कर रही है।**

आज लड़कियां लड़कों से किसी भी क्षेत्र में कमतर नहीं हैं। दुश्कर से दुश्कर कार्य लड़कियां सफलतापूर्वक कर रही हैं। देश में हर क्षेत्र में महिला शक्ति को पूरी हिम्मत से काम करते देखा जा सकता है। समाज के पढ़े-लिखे लोगों को आगे आकर कन्या भ्रूण हत्या जैसे घिनौने कार्य को रोकने का माहौल बनाना होगा। ऐसा करने वाले लोगों को समझा कर उनकी सोच में बदलाव लाना होगा। लोगों को इस बात का संकल्प लेना होगा कि ना तो गर्भ में कन्या की हत्या करेगें ना ही किसी को करने देगें तभी देश में कन्या भ्रूण हत्या पर रोक लग पाना संभव हो पायेगा। एक तरफ जहां बेटी को जन्मते ही मरने के लिये लावारिश छोड़ दिया जाता है। वहीं झुंझुनू जिले की मोहना सिंह जैसी बालिकायें भी है जो आज देश में फाईटर प्लेन उड़ा कर जिले का पूरे देश में मान बढ़ा रही हैं।

समाज में सभी को मिलकर राष्ट्रीय बालिका दिवस के दिन हमें लड़का-लड़की में भेद नहीं करने व समाज के लोगों को लिंग समानता के बारे में जागरूक करने की प्रतिज्ञा लेनी चाहिए। पिछले कुछ वर्षों में देश में जन्म के समय लिंगानुपात में बढ़ोतरी शुभ संकेत हैं। संसद में एक सवाल का जवाब में महिला एवं बाल विकास मंत्री ने कहा था कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना ने बालिकाओं के अधिकारों को स्वीकार करने के लिए जनता की मानसिकता को बदलने की दिशा में सामूहिक चेतना जगाई है। इस योजना ने भारत में सीएसआर (बाल लिंग अनुपात) में गिरावट के मुद्दे पर चिंता जताई है। यह राष्ट्रीय स्तर पर जन्म के समय लिंग अनुपात (एसआरबी) में 15 अंकों के सुधार के रूप में परिलक्षित होता है। जो कि 2014 में 918 था। जबकि 2022-23 में 15 अंक बढ़कर 933 हो गया।

हमारे समाज का भविष्य इस बात पर निर्भर करता है कि हम आज अपनी बच्चियों के साथ कैसा व्यवहार करते हैं और उन्हें कितना महत्व देते हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, कानूनी सुरक्षा और सामाजिक सशक्तिकरण के माध्यम से बालिकाओं को सशक्त बनाना न केवल नैतिक दायित्व है बल्कि सामाजिक विकास के लिए जरूरी भी है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि लड़कियों को आगे बढ़ने, सीखने के समान अवसर मिले। तभी हम एक संतुलित, न्यायसंगत और समृद्ध समाज बना सकेंगे।

## विचार

# कब तक अनसुलझा रहेगा नेताजी की मौत का रहस्य?

**योगेश कुमार गोयल**

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की मौत का रहस्य आज भी अनसुलझा है। उनकी मृत्यु के संबंध में कई दशकों से यही दावा किया जाता रहा है कि 18 अगस्त 1945 को सिंगापुर से टोक्यो (जापान) जाते समय ताइवान के पास फार्मोसा में उनका विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था और उस हवाई दुर्घटना में उनका निधन हो गया था। नेताजी ने 16 अगस्त 1945 को टोक्यो से ताइपेई के लिए उड़ान भरी थी और उनका विमान 18 अगस्त की सुबह ताइपेई के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। उसके बाद जापान सरकार द्वारा घोषणा की गई थी कि उस दुर्घटना में विमान में सवार सभी 25 लोगों की मौत हो गई, जिनमें नेताजी सुभाष चंद्र बोस भी शामिल थे।

18 अगस्त 1945 को ताइवान के ताइपेई में विमान दुर्घटना में उनकी मौत की जापान सरकार द्वारा की गई आधिकारिक घोषणा को भारत सरकार ने भी स्वीकार कर लिया था लेकिन आज भी कई लोग इसे मानने को तैयार नहीं हैं। दरअसल, उनके जीवित होने और गुमनामी में जीवन जीने के दावे किए जाते रहे और इस विषय पर कई बार जांच भी हुई। हालांकि नेताजी के जीवित होने का दावा करने वाले लोगों ने कई बार अपने दावों का समर्थन करने के लिए सबूत पेश किए लेकिन उन सबूतों को प्रायः संदिग्ध माना गया और कहा जाता रहा है कि उनके जीवित होने के दावे के समर्थन में कोई ठोस सबूत नहीं हैं।



नेताजी ने 16 अगस्त 1945 को टोक्यो से ताइपेई के लिए उड़ान भरी थी और उनका विमान 18 अगस्त की सुबह ताइपेई के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। उसके बाद जापान सरकार द्वारा घोषणा की गई थी कि उस दुर्घटना में विमान में सवार सभी 25 लोगों की मौत हो गई, जिनमें नेताजी सुभाष चंद्र बोस भी शामिल थे।

दरअसल, नेताजी का शव कभी नहीं मिला और कुछ अन्य कारणों से भी उनकी मौत के दावों पर आज तक विवाद बरकरार है। उनकी मृत्यु का रहस्य जानने के लिए विभिन्न सरकारों द्वारा पूर्व में कुछ आयोगों का गठन भी किया जा चुका है और कोलकाता हाईकोर्ट द्वारा नेताजी के लापता होने के रहस्य से जुड़े खुफिया दस्तावेजों को सार्वजनिक करने की मांग पर सुनवाई के लिए स्पेशल बेंच भी गठित की गई किन्तु अभी तक रहस्य से पर्दा नहीं उठा है। फैजाबाद के गुमनामी बाबा से लेकर छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले तक में नेताजी के होने संबंधी कई दावे भी पिछले दशकों में पेश हुए किन्तु सभी की प्रामाणिकता संदिग्ध रही और नेताजी की मौत का रहस्य यथावत बरकरार है।

हालांकि जापान सरकार बहुत पहले ही इस बात की पुष्टि कर चुकी है कि 18 अगस्त 1945 को ताइवान में कोई विमान हादसा हुआ ही नहीं और भारत सरकार द्वारा कुछ समय पूर्व सार्वजनिक की गई नेताजी से संबंधित कुछ गोपनीय फाइलों में मिले एक नोट से तो यह सनसनीखेज खुलासा भी हुआ कि 18 अगस्त 1945 को हुई कथित विमान दुर्घटना के बाद भी नेताजी ने तीन बार 26 दिसम्बर 1945, 1 जनवरी 1946 तथा फरवरी 1946 में रेडियो द्वारा राष्ट्र को सम्बोधित किया था। इस खुलासे के बाद से ही नेताजी की मौत का रहस्य और गहरा गया था।

**नेताजी सुभाष जयंती (23 जनवरी) पर विशेष**

**नेताजी के जीवित रहने को लेकर किए गए विभिन्न दावों में कहा गया कि वे विमान दुर्घटना में नहीं मारे गए थे बल्कि जीवित बच गए थे और उन्होंने अपने जीवन का बाकी हिस्सा गुप्त रूप से बिताया। ऐसे ही दावों में से एक दावा यह भी था कि विमान दुर्घटना में नेताजी को गंभीर रूप से चोटें लगी थी लेकिन वे जीवित बच गए थे और उन्हें एक जापानी अस्पताल में ले जाया गया था, जहां उनका इलाज किया गया और बाद में उन्हें सोवियत संघ ले जाया गया, जहां उन्हें एक गुप्त शिविर में रखा गया। एक अन्य दावा यह भी था कि नेताजी ने विमान दुर्घटना में बचने के बाद अपना रूप बदल लिया था। उन्होंने अपना नाम और पहचान बदल ली थी और एक गुप्त जीवन जीने लगे थे। कुछ लोगों ने यह दावा भी किया कि उन्होंने नेताजी को गुप्त रूप से रहने के दौरान देखा है।**

नेताजी के जीवित रहने को लेकर किए गए विभिन्न दावों में कहा गया कि वे विमान दुर्घटना में नहीं मारे गए थे बल्कि जीवित बच गए थे और उन्होंने अपने जीवन का बाकी हिस्सा गुप्त रूप से बिताया। ऐसे ही दावों में से एक दावा यह भी था कि विमान दुर्घटना में नेताजी को गंभीर रूप से चोटें लगी थी लेकिन वे जीवित बच गए थे और उन्हें एक जापानी अस्पताल में ले जाया गया था, जहां उनका इलाज किया गया और बाद में उन्हें सोवियत संघ ले जाया गया, जहां उन्हें एक गुप्त शिविर में रखा गया। एक अन्य दावा यह भी था कि नेताजी ने विमान दुर्घटना में बचने के बाद अपना रूप बदल लिया था। उन्होंने अपना नाम और पहचान बदल ली थी और एक गुप्त जीवन जीने लगे थे। कुछ लोगों ने यह दावा भी किया कि उन्होंने नेताजी को गुप्त रूप से रहने के दौरान देखा है। हालांकि इन तमाम दावों में से किसी का भी कोई पुख्ता सबूत कभी नहीं मिला लेकिन इन दावों को लेकर सच्चाई जानने को लेकर लोगों में सदैव उत्सुकता रही है। उनकी मौत के रहस्य को सुलझाने के लिए कई बार जांच आयोग भी बैठाए गए, जिनमें से सबसे महत्वपूर्ण जांच आयोग न्यायमूर्ति ताराचंद की अध्यक्षता में 1956 में बैठाया गया था। ताराचंद आयोग ने अपने निष्कर्ष में कहा था कि नेताजी की मृत्यु विमान दुर्घटना में हुई थी। आयोग ने कहा था कि नेताजी के जीवित रहने के दावे के समर्थन में कोई ठोस सबूत नहीं है लेकिन आयोग के निष्कर्षों को कई लोगों ने चुनौती दी, जिनका कहना था कि आयोग ने नेताजी के जीवित रहने के दावों की पर्याप्त जांच नहीं की थी। आज भी दावे के साथ यह कहना मुश्किल है कि नेताजी की मृत्यु कैसे हुई थी। हो सकता है कि विमान दुर्घटना में उनकी मृत्यु हुई हो या यह भी हो सकता है कि वे जीवित बच गए हों और उन्होंने अपना जीवन गुप्त रूप से बिताया हो।

## दोषी को सजा और समाज की जिम्मेदारी

प.बंगाल में आरजी कर अस्पताल में 8-9 अगस्त 2024 की रात ट्रेनी डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या के दोषी संजय रॉय को सोमवार को सियालदह कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। इससे दो दिन पहले अदालत ने 18 जनवरी को संजय को दोषी ठहराया था। अदालत ने इस मामले को जघन्य तो माना, लेकिन दुर्लभतम यानी रेयरेस्ट ऑफ द रेयर नहीं माना, इसलिए दोषी को मृत्युदंड न देकर मरने तक उम्रकैद दी गई है। हालांकि प.बंगाल सरकार ने अब कलकत्ता हाईकोर्ट में उम्रकैद को सही नहीं मानते हुए दोषी को फांसी देने के लिए याचिका दायर की है, जो मंजूर तो कर ली गई है, लेकिन इस पर सुनवाई कब होगी, यह अभी तय नहीं है। वहीं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा- मुझे पूरा विश्वास है कि यह रेयरेस्ट ऑफ रेयर मामला है, जिसके लिए मौत की सजा मिलनी चाहिए।

कोर्ट यह कैसे कह सकता है कि यह दुर्लभतम मामला नहीं है? वहीं भाजपा ने भी इस मामले में उम्रकैद मिलने पर अपनी नाराजगी जताई और इसके लिए ममता सरकार को कटघरे में खड़ा किया। जबकि भाजपा यह जानती है कि मामले की पूरी जांच सीबीआई की निगरानी में हुई और उसके द्वारा पेश तथ्यों और सबूतों के आधार पर ही दोषी को सजा दी गई है। अगर भाजपा को आपत्ति दर्ज करनी ही है तो उसे फिर सीबीआई पर भी सवाल उठाने चाहिए। लेकिन ऐसा लगता है कि यहां न्याय से अधिक राजनीतिक लाभ लेने का खेल चल रहा है। वैसे पीडिता के परिजन भी इस फैसले से निराश हैं और उन्होंने भी बड़ी अदालत में याचिका दायर करने का फैसला किया है। सियालदह अदालत ने दोषी को सजा के साथ-साथ पीड़िता के परिवार को मुआवजा देने का भी आदेश दिया है।

अदालत ने डॉक्टर की मौत के लिए 10 लाख और बलात्कार के लिए 7 लाख मुआवजा तय किया। इस दौरान कोर्ट में मौजूद ट्रेनी डॉक्टर के माता-पिता ने हाथ जोड़कर कहा कि हमें मुआवजा नहीं, न्याय चाहिए। इस पर जज ने कहा- मैंने कानून के मुताबिक यह मुआवजा तय किया है। आप इसका इस्तेमाल चाहे जैसे कर सकते हैं। इस रकम को अपनी बेटी के बलात्कार और हत्या के मुआवजे के तौर पर मत देखिए।बात सही है कि इस जघन्य अपराध का कोई मुआवजा तय ही नहीं हो सकता, फिर भी अदालत ने कानून के दायरे में जो उचित था, वैसा फैसला सुनाया। पीड़िता के माता-पिता ने यह दावा भी किया है कि जांच ठीक से नहीं हुई है। कई लोगों को बचाया गया है। इस बारे में अदालत ने भी पुलिस और अस्पताल के रवैये की आलोचना की है। अस्पताल की तरफसे घटना की जानकारी देने में देर की गई और उसके बाद पुलिस ने केस दाखिल करने में देर की। दो पुलिसकर्मियों के बयान के आधार पर अदालत ने टिप्पणी की, इस बात में कोई शक नहीं कि अधिकारियों द्वारा ये कोशिश की जा रही थी कि इस मौत को आत्महत्या दिखाया जाए ताकि अस्पताल पर कोई बुरा असर न पड़े। जज ने अपने फैसले में कहा, चूंकि जूनियर डॉक्टरों ने विरोध करना शुरू कर दिया था, इसलिए ये गैर कानूनी सपना पूरा नहीं हो पाया। अदालत की यह टिप्पणी काफी गंभीर है, क्योंकि समाज में अनेक महिलाएं ताउम्र केवल इसलिए नाइंसाफी का शिकार बनी रहती हैं क्योंकि किसी न किसी वजह से दोषी को बचाने या मामले को दबाने की कोशिश की जाती है। इसमें अगर राजनीति का खेल शुरु हो जाता है, तब तो बात और बिगड़ जाती है। आर जी कर मामले में ही देश ने देखा कि किस तरह भाजपा ने इसे ममता बनर्जी सरकार पर निशाना साधने के लिए इस्तेमाल किया। इससे पहले निर्भया मामले में भी भाजपा का रवैया ऐसा ही था। लेकिन कठुआ, हाथरस, उन्नाव जैसे मामलों में भाजपा का रवैया दूसरा ही रहा। मणिपुर की घटना पर तो अंतरराष्ट्रीय मंचों से आलोचना हुई, लेकिन फिर भी भाजपा की तथाकथित डबल इंजन सरकार नाकारा साबित हुई। यही हश्र महिला पहलवानों के संघर्ष का भी रहा, जो यौन उत्पीड़न की शिकायत करती रहीं, मगर आरोपी सत्ताश्रय में मजे से रहे। आर जी कर मामले के दोषी संजय रॉय को चाहे मरने तक जेल में रहना पड़े या उसे बड़ी अदालतों से मौत की सजा मिल जाए, इससे देश में महिलाओं के साथ अत्याचार रुकेगा, इसका दावा नहीं किया जा सकता।



## राशिफल

**मेषः-** जीविका क्षेत्र में अवरोधों से मन में निराशा संभव। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय अपेक्षित है। नई सफलताओं से खुद की क्षमताओं का एहसास होगा। संतान संबंधी दायित्वों की पूर्ति होगी।

**बृषभः-** शासन-सत्ता से जुड़े लोगों के साथ निकटता बढ़ेगी। नियोजित परिश्रम द्वारा कार्य पूर्ण होने के आसार बनेंगे। पुराने संबंधों से लाभ होगा।

**मिथुनः-** संबंधों में व्यवहार कुशल बने। सामाजिक एवं मांगलिक कार्यक्रमों में आपकी भागेदारी संभव। निकट संबंधों में अपनी अच्छी छबि बनायें।

**कर्कः-** विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। कुछ महत्वाकांक्षी योजनाएं सार्थक होंगी। नवीन आशाएं नये उत्साह का संचार करेंगी। कार्यक्षेत्र में संबंधों का भरपूर लाभ उठाएंगे।

**सिंहः-** अंतमरुखी स्वभाव को त्याग बाह्यमुखी बनायें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। घर में खुशहाली रहेगी।

**कन्याः-** पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से अवरोधित कार्य हल होंगे।

**तुलाः-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। पारिवारिक वातावरण में उत्साह का माहौल रहेगा।

**वृश्चिकः-** कुछ महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कायरें में ब्यस्तता बढ़ेगी। परिजनों के भावनात्मक सहयोग से मन उत्साहित होगा। हंसमुख स्वभाव से आसपास का माहौल प्रसन्न होगा।

**धनुः-** कठिन एवं विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा में बढ़ेगी। घरेलू दायित्वों की पूर्ति होगी। जीवन साथी के साथ मधुरता कायम रखें।

**मकरः-** कुछ भौतिक आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। निकट संबंधों में भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती हैं।

**कुंभः-** कुछ नई इच्छाएं बलवती होंगी। प्रयासरत् क्षेत्रों में संघर्ष संभव परंतु निराशावादी विचारों को मन में स्थान न दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित ऊर्जा की अनुभूति होगी।

**मीनः-** नकारात्मक चिंताओ को त्याग अपनी क्षमताओं पर भरोसा करें। नौकरी-पेशे में अधिकारियो व सहकर्मियो के सहयोग से वातावरण सुखद होगा।

# व्यावहारिक अनुभव को ही प्राथमिकता, सही नहीं!

**डॉ. इन्द्र दमन तिवारी**

केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने नई दिल्ली में यूजीसी (विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में शिक्षकों और शैक्षणिक कर्मचारियों की नियुक्ति और पदोन्नति के लिए न्यूनतम योग्यता और उच्च शिक्षा में मानकों के रख-रखाव के उपाय) विनियम, 2025 का मसौदा जारी किया। ऐसा दावा किया गया है कि यह मसौदा उच्च शिक्षा के हर पहलू में नवाचार, समावेशिता, लचीलापन और गतिशीलता लाएगा, शिक्षकों और शैक्षणिक कर्मचारियों को सशक्त बनाएगा, शैक्षणिक मानकों को मजबूत करेगा और शैक्षिक उत्कृष्टता प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त करेगा।

इस मसौदा विनियम, 2025 को फीडबैक, सुझाव और परामर्श के लिए सार्वजनिक डोमेन में रखा गया है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने असिस्टेंट प्रोफेसर और कुलपतियों की नियुक्ति के लिए नवीन दिशा-निर्देश ज़ारी किए हैं, ये दिशा-निर्देश कई मायनों में महत्वपूर्ण तो हैं लेकिन इनमें कुछ कमियां और चुनौतियां भी निहित हैं। इन नए निर्देशों में लचीलेपन की कमी देखी जा सकती है। सभी संस्थाओं के लिए एक ही तरह के मानदंड लागू करने से विभिन्न संस्थाओं की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करना मुश्किल हो सकता है! नए नियमों में अनुभव के महत्व को कम करके आंका गया है, यूजीसी का नया ड्राफ्ट कहता है कि कुलपति का प्रोफ़ेसर होना जरूरी नहीं है यानी अब किसी भी इंडस्ट्री, पब्लिक पॉलिसी, पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन या पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग का कोई शख्स विश्वविद्यालय का कुलपति बन सकता है।




**विशेषज्ञों का सदैव से मानना रहा है की अकादमिक पृष्ठभूमि का व्यक्ति ही इस पद पर नियुक्त होना चाहिए। किसी उद्योग और अन्य क्षेत्र के विशेषज्ञ को कुलपति के पद के लिए योग्य माना तो जा रहा है लेकिन शैक्षणिक क्षेत्र में उनके अनुभव की कमी एक चुनौती सिद्ध हो सकती है। विश्वविद्यालय में नियुक्त होने वाले किसी कुलपति के पास एक सीमित कार्यकाल ही होता है और नए व्यक्ति को विश्वविद्यालय के जटिल नियमों और प्रक्रियाओं को समझने में समय लगता है विशेषकर जब सत्र की शुरुआत होती है तो कई महत्वपूर्ण निर्णय लेने होते हैं ऐसे में अकादमिक पृष्ठभूमि वाले प्रोफ़ेसर ही कुलपति पद के लिए सबसे उपयुक्त होते हैं क्योंकि उन्हें विश्वविद्यालय की कार्य प्रणाली और शैक्षणिक क्षेत्र के चुनौतियों का बेहतर ज्ञान होता है।**

विशेषज्ञों का सदैव से मानना रहा है की अकादमिक पृष्ठभूमि का व्यक्ति ही इस पद पर नियुक्त होना चाहिए। किसी उद्योग और अन्य क्षेत्र के विशेषज्ञ को कुलपति के पद के लिए योग्य माना तो जा रहा है लेकिन शैक्षणिक क्षेत्र में उनके अनुभव की कमी एक चुनौती सिद्ध हो सकती है। विश्वविद्यालय में नियुक्त होने वाले किसी कुलपति के पास एक सीमित कार्यकाल ही होता है और नए व्यक्ति को विश्वविद्यालय के जटिल नियमों और प्रक्रियाओं को समझने में समय लगता है विशेषकर जब सत्र की शुरुआत होती है तो कई महत्वपूर्ण निर्णय लेने होते हैं ऐसे में अकादमिक पृष्ठभूमि वाले प्रोफ़ेसर ही कुलपति पद के लिए सबसे उपयुक्त होते हैं क्योंकि उन्हें विश्वविद्यालय की कार्य प्रणाली और शैक्षणिक क्षेत्र के चुनौतियों का बेहतर ज्ञान होता है।

यदि ये नए नियम लागू होते हैं तो विश्वविद्यालय के कुलाधिपति को (जो कि राज्य का राज्यपाल होता है), कुलपति चुनने का अधिकार मिलेगा। कुलाधिपति का निर्णय कुलपति चुनने में अंतिम होगा, ड्राफ्ट में यह भी कहा गया है कि इसे लागू न करने पर इंस्टीट्यूशन पर कार्यवाही हो सकती है।

अध्यापकों का मानना है कि इससे विरोधी दल वाले राज्यों में कुलपति को लेकर झगड़ा ही रहेगा, इसके पहले भी विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने कुलपति की नियुक्ति के लिए दिशा-निर्देश दिए थे लेकिन अभी भी कुछ ऐसे राज्य हैं जिन्होंने कुलपति की नियुक्ति के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के उन निर्देश को नहीं माना है और उनके विरुद्ध कोई भी कार्यवाही नहीं की है। यूजीसी के नए नियम के अनुसार असिस्टेंट प्रोफ़ेसर के लिए मात्र 55त्न अंकों के साथ परास्नातक पाठ्यक्रम और पीएचडी या नेट होना चाहिए, योजना के अंतर्गत उद्योग जगत के अनुभवी लोगों को भी शिक्षक बनाया जा सकता है। यह एक ओर जहां नए तरह के अनुभव को शिक्षण क्षेत्र में लाएगा, वहीं दूसरी ओर यह सवाल भी खड़ा करेगा कि क्या शैक्षणिक योग्यता की जगह व्यावहारिक अनुभव को प्राथमिकता दी जानी चाहिए? इन चुनौतियों का समाधान करने के लिए यूजीसी को विभिन्न संस्थाओं की विशिष्ट आवश्यकताओं के दृष्टिगत नियमों में लचीलापन लाना ही चाहिए।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
मुख्य कार्यालय (*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। मो. नं. 7985738649, आरएनआई न . UPHIN/2013/55887
**स्थानीय संपादक आर.बी. सिंह, संपादकीय कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9305748833, 9451244788**

# डीएम ने बैठक में की राजस्व कार्यों की मासिक समीक्षा

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में राजस्व कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई।



बैठक में जिलाधिकारी ने राजस्व प्रशासन सम्बन्धी कार्यों की समीक्षा-जिसमें रिट याचिकाओं में प्रतिशपथ पत्र, इन्स्ट्रक्शन दाखिल किये जाने एवं मा. न्यायालय के आदेशानुसार प्रत्यावेदनों के निस्तारण की अद्यतन स्थिति, राजस्व वाद, धारा-80 के लम्बित प्रकरणों से सम्बन्धित, अतिक्रमण एवं नजूल, संग्रह, पट्टा आवंटन / कब्जा सत्यापन, आडिट सम्बन्धी कार्य, मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना, धारा 34 के आदेशों के अमल दरामद की फीडिंग, आय, जाति प्रमाण पत्रों की फीडिंग, जन सूचना अध्यादेश के कार्य, डिजिटल क्रॉप सर्वे, अतिवृष्टि एवं जल भराव से दैवी आपदा कार्यों की समीक्षा, स्वामित्व योजना/ अंश निर्धारण की समीक्षा की तथा सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सभी उपजिलाधिकारीयों को निर्देशित किया की तहसील स्तर पर पेंडिंग पड़े मामलों का जल्द निस्तारण कराया जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त/ राजस्व राम प्रकाश, अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिशिर कुमार, उपजिलाधिकारी सदर जितेंद्र सिंह, उपजिलाधिकारी चरखारी डॉ. प्रदीप कुमार, उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ अनुराग प्रसाद, डिप्टी कलेक्टर राजकुमार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# थाना मौदहा पुलिस ने लूट के वांछित अभियुक्त को रुपयों सहित किया गिरफ्तार

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



पुलिस ने वांछित अभियुक्त सैफ अली पुत्र इदरीश निवासी मुहल्ला गढ़ी कस्बा व थाना सुमेरपुर को गिरफ्तार किया गया, नवंबर 2024 को बैंक मित्र रमेश चन्द्र पुत्र शिवरतन निषाद निवासी ग्राम छिमौली थाना मौदहा जनपद हमीरपुर अपने मित्र के साथ इंडियन बैंक मौदहा से एक लाख अस्सी हजार रुपए निकाल कर अपने गांव छिमौली जा रहे थे कि बड़ेरी नाला के पास मोटरसाइकिल पर सवार तीन अज्ञात व्यक्ति आंख में मिर्च पाउडर डालकर उनका रुपये से भरा बैग छीनकर मौके से फरार हो गये थे। मौदहा पुलिस द्वारा सीसीटीवी फुटेज और अन्य माध्यमों से अभियुक्तगण विपिन पाल पुत्र जगभान पाल निवासी बाकी रोड कस्बा व थाना सुमेरपुर जनपद हमीरपुरए रोशन निषाद पुत्र बृजलाल निवासी ग्राम छिमौली थाना मौदहा ज्ञान सिंह पुत्र सर्वन निषाद निवासी चुंगी चौकी क्योंटरा कस्बा व थाना मौदहा को दिनांक 14 नवम्बर को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका है जबकि फरार चल रहे अभियुक्त सैफ अली पुत्र इदरीश निवासी मुहल्ला गढी वार्ड नंबर 03 कस्बा व थाना सुमेरपुर को थाना मौदहा पुलिस टीम के द्वारा मुखबिर की सूचना पर क्राइम इंस्पेक्टर चंद्र शेखर गौतम के साथ पुलिस टीम ने टावर के पास कस्बा मौदहा से लूट के दस हजार चार सौ रुपयें के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर वैधानिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया।

## खबरें एक नजर में

### विदोखर ने 20 रन से जीता फाइनल मैच

**सुमेरपुर, हमीरपुर।** क्षेत्र के विदोखर मेंदनी में चल रहे टूर्नामेंट में फाइनल मुकाबला सिचौली बनाम विदोखर के बीच खेला गया। जिसमें विदोखर ने 20 रन से मैच जीत लिया। एसडीएम सदर पवन प्रकाश पाठक ने फाइनल मैच का फीता काटकर शुभारंभ किया। विदोखर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवर में 130 रन बनाए।जवाब में उतरी सिचौली टीम सिर्फ 110 रन ही बनाकर आल आउट हो गई। इस तरह से 20 रन से विदोखर ने मैच जीत लिया। विदोखर टीम के फैजान को मैन ऑफ द मैच चुना गया। फैजान ने 48 रन बनाने के साथ दो विकेट भी लिए। विदोखर के ही अंकुश मैन ऑफ द सीरीज चुने गए उन्होंने ने टूर्नामेंट में 150 रन बनाने के साथ 10 विकेट भी हासिल किए। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष योगेंद्र दीक्षित श्याम नारायण मिश्रा राजकिशोर मिश्राए विकास यादव महेश कुशवाहा अतुल कुशवाहा हेतराम पाल शंकर यादव अमरपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

### चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की मौत

**राठ(हमीरपुर)।** बांदा सिंचाई विभाग में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी नित्यानंद की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। मृतक की मौत पर स्वजनों में कोहराम मचा हुआ है। मुस्करा थाने के मसगांव गांव निवासी 36 वर्षीय नित्यानंद की अचानक हालत बिगड़ गई। स्वजन इलाज के लिए सीएचसी ले गए। जिसके बाद स्वजन उसे इलाज के लिए सीएचसी ले गए। हालत बिगड़ने पर चिकित्सक ने मेडिकल कालेज झांसी रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### लाखों का बना कचरा अपशिष्ट घर बना शोपीस, कूड़े का नहीं है अता-पता




**कुरारा(हमीरपुर)।** विकास खंड क्षेत्र के मनकी खुर्द गांव में कचरा अपशिष्ट के बनाए गए कूड़ा घर में गांव से निकलने वाला कूड़ा अभी तक नही डाला जा रहा है। तथा इस स्थान तक जाने के लिए कोई रास्ता भी नहीं है लाखो की लागत से निर्मित कूड़ाघर बेमकसद साबित हो रहा है। क्षेत्र के मनकी खुर्द गांव में एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए ग्राम पंचायत द्वारा टीन शेड का निर्माण कराया गया है लेकिन इसमें ताला लगा रहता है। गांव की साफ सफाई व्यवस्था के लिए कूड़ा गाड़ी लगाई गई है। तथा कूड़ा एकत्र कर इस अपशिष्ट को कूड़ा घर में डालने की व्यवस्था की गई है। लेकिन अभी तक इसकी शुरुआत नहीं हो सकी है। यह टीन शेड शो पीस बनकर खड़ा है। ग्रामीणों ने इस शेड को शुरू कराए जाने की मांग की है।

# प्रभु श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में श्रीराम नाम संकीर्तन एवं गांव भ्रमण का आयोजन



**घाटमपुर समृद्धि न्यूज़।** विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रभु श्री राम मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में, 22 जनवरी 2025, दिन बुधवार को प्रातःकाल की मधुर बेला पर श्रीराम नाम संकीर्तन, गांव भ्रमण का कार्यक्रम सुर ताल के साथ लगभग 7 बजे प्रभात फेरी के साथ सम्पन्न हुआ, जो कि भवानी कुंड मंदिर से होते हुए, हनुमान मंदिर मंदिर में समापन हुआ। इसके बाद हनुमान मंदिर में कीर्तन हुए बाद में प्रसाद वितरण किया गया। वहीं गांव में कई जगह-जगह प्रसाद वितरण हुआ, जिसमें अन्नू श्रीवास्तव, नितिन तिवारी, समाचार पत्र विक्रेता संघ, कार्यवाहक अध्यक्ष टिंकू बाजपेई, ध्रुव बाजपेई, अशोक कश्यप, राकेश कुमार, संतराम, राकेश कुशवाहा शुभम, सत्यम, रोहित, सौरभ राकेश कश्यप, सोनू साबित, अमन कश्यप आदि लोगो के द्वारा खीर का प्रसाद वितरण किया गया।

# प्रशिक्षण देकर महिलाओं को बताया गये उनके अधिकार व कर्तव्य

**मौदहा(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।**



पंचायती राज व्यवस्था और ई ग्राम स्वराजए पीएफएमएस पोर्टल विषय पर प्रधानों को प्रशिक्षण दिया गया है।यह प्रशिक्षण चित्रकूट धाम मंडल बांदा के उप निदेशक पंचायत के दिशा निर्देशन में दिया गया। प्रशिक्षण का शुभारंभ जिला पंचायत राज अधिकारी हमीरपुर एवं परियोजना अधिकारी नेडा हमीरपुर वरिष्ठ फैकेल्टी महोबा सहायक विकास अधिकारी पंचायत एवं प्रधानों के द्वारा संयुक्त रूप से बाबा अंबेडकर व मां के चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया गया।महिला ग्राम प्रधान को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के संबंध में जानकारी एवं उनमें नेतृत्व क्षमता एवं संचार कौशल के विकास के सम्बंध में जानकारी प्रदान की गई। स्थानीय विकास लक्ष्य एवं मेरी पंचायत व पंचायत निर्णय एप तथा पंचायत एवार्ड पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस दौरान क्षेत्र पंचायत क्षेत्र के समस्त प्रधान व अधिकारीगण मौजूद रहे।

### आग लगने पर जनता को किया गया जागरुक

**राठ(हमीरपुर)।** तहसील परिसर में अग्निशमन विभाग द्वारा अधिकारियों और जनता को आग लगने पर आपातकालीन स्थिति में आग बुझाने के तौर तरीके की जानकारियां दी। बुधवार को तहसील परिसर में दमकल विभाग के एलएफएम वीरेन्द्र सिंह की टीम ने आग लगने पर आपातकालीन स्थिति में आग बुझाने की जानकारी दी। उन्होंने गैस सिलेंडर में आग लगाकर लोगों को बुझाने के टिप्स बताये। बताया कि आग लगने पर घबराये नहीं साहस दिखाकर आग बुझायें। फायर टेस्टिंग यूजर को चलाया व चलाना सिखाया। दरवाजे के सामने आग की लपटें हो तो मोटा कंबल गीला कर ले और अंदर पहुंच कर आग बुझाये। इस मौके पर एसडीएम अभिमन्यु कुमार, तहसीलदार कुमार भूपेंद्र, नायब तहसीलदार राम लखन, दमकल विभाग के संतोष सिंह, फायरमैन राजेश कुमार, श्रीपाल सिंह, राकेश सिंह आदि मौजूद रहे।

# चौधरी पहलवान सिंह ने की जीत हासिल, वॉलीबाल मैच प्रतियोगिता संपन्न

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



इचौली में चौधरी पहलवान सिंह इण्टर कालेज में चल रहे इचौली महोत्सव में आयोजित चौधरी रणजीत सिंह मेमोरियल वॉलीबाल प्रतियोगिता के उद्घाटन मैच मुख्यअतिथि रणवीर सिंह अध्यक्ष साधन सहकारी समिति इचौली ने फीता काटकर शुभारम्भ कराया वॉलीबाल में आज एक सेट बालिकाओ के बीच मैच खेले गए जिसमे पहला मैच सीपीएस (ए) चौधरी पहलवान सिंह जीएस के बीच खेला गया जिसमे चौधरी पहलवान सिंह जीएस ने 25-20 से जीत हासिल की। वहीं दूसरा सेट सीपीएस इण्टर कालेज व गोयरा मुगली के बीच खेला गया जिसमे सीपीएस इण्टर कालेज ने गोयरा मुगली 25-17 से हराया। वहीं तीसरा सेट गोयरा जूनियर व इण्टर कालेज इचौली के बीच खेला गया जिसमे इण्टर कालेज इचौली ने गोयरा जूनियर को 25-21से हरा कर जीत हासिल की इस तरह आज ग्रामीण क्षेत्र की टीमों ने मैच खेले कल शहरी क्षेत्र की टीमें खेलेंगी। निर्णायक मण्डल वॉलीबाल के रेफरी बीडी यादव, श्रीकृष्ण सिंह तथा कमेंटेटर मानस शुक्ला शिवकुमार का सराहनीय कार्य रहा। इस मौके पर पूर्व विधायक युवराज सिंह, राजकुमार शर्मा नोयड, इंद्रजीत सिंह नन्ना, प्रधानाचार्य अरुण कुमार यादव, शिवकुमार गुप्ता, पूर्व प्राचार्य सुरेंद्र सिंह, हर्षराज सिंह, ऋषिराज सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

### लाठी डंडों से पीटा, पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

**कुरारा(हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के झलोखर गांव निवासी दलित ने जातिसूचक गालियां देने व मना करने पर लाठी-डंडे से मारपीट करने की रिपोर्ट पुलिस ने दर्ज की है। क्षेत्र के झलोखर गांव निवासी भूरा पुत्र जयराम सोनकर ने थाने में तहरीर देकर बताया कि मंगलवार को शाम को अपनी बकरी लेकर घर आ रहा था। तभी रास्ते में कुसमरा गांव निवासी विनय कुमार का खेत है। उसमे एक बकरी चली गई। तो उसने जाति सूचक गालियां देते हुए मारपीट की जिससे चोट आई है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी विनय कुमार के खिलाफ मारपीट करने व एससीएसटी के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# काली माता मंदिर में हवन-पूजन के बाद हुआ प्रसाद वितरण



**भरुआ सुमेरपुर।** कस्बे के अमिलिया थोक में रेलवे लाइन के समीप बने प्राचीन काली माता मंदिर प्रांगण में बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने हवन पूजन के उपरांत प्रसाद वितरण कराया। अमिलिया थोक में रेलवे लाइन पार प्राचीन काली माता मंदिर में प्रति वर्ष की भांति इस साल भी मेले का आयोजन किया गया। मेले के दौरान बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने मंदिर में हवन पूजन करके प्रसाद वितरण कराया। मेले का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे धीरू ने किया। इस मौके पर राकेश वर्मा, मूलचंद, अमर, अंशु पंडित, नैतिक सोनी, रोहित सिंह भदोरिया, लवकुश पाल, श्याम बाबू सोनकर आदि मौजूद रहे।

# भूसा के स्थान पर पशुओं को दिया जा रहा है डंठल, ज्यादातर बीमार हैं पशु



**कुरारा(हमीरपुर)।** विकास खंड क्षेत्र के मनकी खुर्द गांव में संचालित अन्ना पशु आश्रय स्थल में संरक्षित पशुओं की देखभाल न होने के कारण पशुओं का हाल बेहाल है। भूसा के स्थान पर पशुओं को बाजरा आदि के डंठल खिलाया जा रहा है। तथा बीमार पशुओं की देखभाल भी नहीं हो पा रही है। क्षेत्र के मनकी खुर्द गांव में ग्राम पंचायत द्वारा संचालित अन्ना पशु आश्रय स्थल में संरक्षित पशुओं के रखरखाव की व्यवस्था सुचारू रूप से न होने के कारण पशुओं के हाल बेहाल है। सरकार द्वारा पशुओं को भूसा व हरे चारे के लिए प्रतिमाह भुगतान दिया जाता है। लेकिन ग्राम पंचायत द्वारा भूसा के स्थान पर ज्वार बाजरा के डंठल का भूसा खिलाया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि बीमार होने वाले पशुओं का उपचार भी ठीक ढंग से हो पा रहा है। पानी की चरही में सफाई व्यवस्था न होने के कारण हरी काई जम रही है। सरकार द्वारा धनराशि दिए जाने के बाद भी पशुओं की देखभाल नहीं हो पा रही है। विभागीय अधिकारियों की उदासीनता के चलते गौ वंश का बुरा हाल है। ग्रामीणों ने इस के निरीक्षण की मांग की है।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से बाइकसवार युवक की मृत्यु

**मौदहा, हमीरपुर।** तेज गति से आ रहे मिट्टी से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई दूसरा जिंदगी और मौत से जूझ रहा है। मंगलवार की देर शाम अरतरा गांव निवासी राजकुमार दीक्षित (22) अपने साथी हिमांशु तिवारी के साथ कस्बे से गांव अपने अरतरा जा रहे थे तभी गांव के नजदीक पुलिया के पास मिट्टी से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली से जोरदार टक्कर गई। जिससे दोनों बाइक सवार बाइक सहित सड़क पर गिर गंभीर रूप से घायल हो गए वही ग्रामीणों की मदद से दोनों घायलों को लहुलुहान हालात में कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया जहां इलाज के दौरान राज दीक्षित की मौत हो गई और हिमांशु तिवारी मौत और जिंदगी से संघर्ष कर रहा है बताते चलें मिट्टी से लदे ट्रैक्टर नगर सहित क्षेत्र में रात दिन धमा चौकड़ी मचाते है अधिकारियों की नाक के नीचे से फर्राटा भरते हैं फिर भी सरकारी नुमाइंदे यह देखते हुए भी मौन साधे हुए हैं वही राजस्व को भारी क्षति पहुंचा रहे हैं और कृषि कार्य के लिए उपयोग में बनाया गया ट्रैक्टर ट्राली का दुरुपयोग करते हुए अवैध कार्यों में संलिप्त है खनन माफिया बालू हो या मिट्टी दोनों में प्रयोग कर राजस्व की भारी क्षति पहुंचा रहे हैं और आए दिन ऐसी घटनाओं को अंजाम देते हैं।

# स्टूडेंट पुलिस एक्सप्रिएन्शल लर्निंग प्रोग्राम के तहत चयनित छात्र-छात्राओं को थाना कोतवाली नगर में पुलिस कार्यप्रणाली की दी गयी जानकारी

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



पुलिस अधीक्षक जनपद महोबा, पलाश बंसल के निर्देशन में भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, युवा कार्यक्रम विभाग के तत्वाधान में आयोजित हो रहे कार्यक्रम Student Police Experiential Learning (SPEL) कार्यक्रम के तहत थाना कोतवाली नगर महोबा में चयनित छात्र/छात्राओं को सामाजिक समस्याओं से अवगत कराते हुए उनमें संवेदनशीलता विकसित करने व तनाव प्रबंधन सीखने के लिये प्रशिक्षण देने तथा पुलिस की कार्यप्रणाली एवं विभिन्न अभिलेखों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान किए जाने के उद्देश्य से इस 30 दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत की गयी है।

प्रशिक्षण के प्रथम दिवस के दौरान कालेज के छात्र/छात्राओं द्वारा अपना-अपना परिचय प्रदान किया गया एवं पुलिस कार्यप्रणाली के सम्बन्ध में विभिन्न प्रकार के प्रश्न पूछे गये, जिस पर थाना कोतवाली नगर महोबा में तैनात कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-ए अभिषेक वर्मा द्वारा छात्रों के प्रश्नों के सम्बन्ध में समुचित प्रत्युत्तर देकर छात्र/छात्राओं को जागरुक किया गया है।

**कार्यक्रम के उद्देश्य**

1. सामाजिक जागरूकताः छात्रों को समाज में कानून और व्यवस्था की भूमिका समझाना।
2. नैतिकता और अनुशासनः छात्रों में नैतिक मूल्यों और अनुशासन की भावना विकसित करना।
3. नेतृत्व कौशलः नेतृत्व क्षमता, आत्म-विश्वास, और निर्णय लेने की योग्यता को बढ़ावा देना।
4. कानून का ज्ञानः छात्रों को संविधान, मानवाधिकार, और कानून की बुनियादी जानकारी देना।
5. समुदाय-उन्मुख सोचः छात्रों को समाजिर समस्याओं की समझ समाधान में भागीदार बनाना।

# मनरेगा तकनीकी सहायक ने वेतन वृद्धि को लेकर मुख्यमंत्री के नाम राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

**घाटमपुर, समृद्धि न्यूज़।**



समाचार पत्रों और न्यूज़ चैनलों के माध्यम से 7 लाख संविदा कर्मियों के मानदेय में बढ़ोतरी की खबर प्रकाशित होते ही मनरेगा तकनीकी सहायक कार्मिकों ने इन्हीं संविदा कर्मियों के साथ अपने मानदेय में वृद्धि को लेकर राज कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष श्री राजा भरत अवस्थी जी को 22 जनवरी 2025 दिन बुधवार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। उन्होंने न केवल ज्ञापन के माध्यम से बल्कि व्यक्तिगत रूप से माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर अपनी मांग के लिए राजी भी करने की बात कही। मनरेगा तकनीकी सहायकों ने अपनी मांग को जायज ठहराते हुए कहा की सरकार को सभी संविदा कर्मियों के साथ एक जैसा ही व्यव्हार करना चाहिएं। क्योंकि प्रदेश के लगभग चार हजार मनरेगा तकनीकी सहायक कर्मी 17 वर्षो से सेवाएं देते हुए सरकार द्वारा चलाई जा रही ग्राम सभाओं में जन कल्याणकारी योजनाओं को आम जनमानस तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। राजा भरत अवस्थी जी ने कहा हम आपकी मांगों को पूरी जोर से उठाएंगे आपका नाम निश्चित शामिल करवाएंगे और आपको हम लोग लाभ दिलाएंगे और प्रदेश स्तर पर भी यह बात आपकी उठाई जाएगी। इस मौके पर महेंद्र सिंह, आशुतोष दीक्षित, इंद्र कुमार, ज्ञानेंद्र कटिहार, संजय गौड़, जितेन्द्र सिंह, अक्षय कुमार, महिप शुक्ला, शील सचान एवं अन्य साथी सभी तकनीक सहायक उपस्थित रहे।

# पत्रकार बंधुओं ने समाजसेवियों को हराया

**तीन विकेट लेकर मैन ऑफ द मैच बने समृद्धि न्यूज के वरिष्ठ पत्रकार दिलीप निगम**

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



महोबा जनपद के पनवाड़ी कस्बे की रामेश्वर अग्निहोत्री स्टेडियम में चल रहा क्रिकेट टूर्नामेंट छटवे दिन मुकाबले में बुधवार को दिल्ली क्रिकेट टीम ने अशोक नगर को हराया दूसरे लीग मैच में पत्रकार बंधुओ ने समाजसेवियों से हरा कर जीत दर्ज की। टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि प्रधान प्रतिनिधि अलीपुरा अजय कुमार रावत रहे। पनवाड़ी प्रीमियम लीग छटवे दिन के मैच के मुख्य अतिथि के रूप में रावत ने पिच पर पहुंचकर फीता काटकर मैच का शुभारंभ कराया और मैच के टॉस कर्ता पुष्पेंद्र सिंह राजपूत रहे । खिलाड़ियों से परिचय दिया, पीपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट के मुख्य आयोजक प्रधान संगठन जिला अध्यक्ष संजय द्विवेदी ग्राम प्रधान पनवाड़ी, पीपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट पनवाड़ी कमेटी के मुख्य संचालन कर्ता अध्यक्ष अमन शर्मा ने बताया कि छटवे दिन के इस क्रिकेट टूर्नामेंट में यूपी और एमपी की 16 टीमों के बीच मुकाबला होगा विजेता टीम को टूर्नामेंट कप के साथ 71 हजार रुपए की नगद धनराशि दी जाएगी जबकि उप विजेता टीम को ट्राफी के साथ 31 हजार रूपए नगद मिलेंगे इस क्रिकेट टूर्नामेंट में क्रिकेट प्रेमियों की भीड़ देखने को मिल रही है एंपायर की भूमिका कर कर रहे मिनाज हाशमी साबू काजी एवं क्रिकेट टूर्नामेंट की कमेंट्री कर रहे दर्शकों का मन मोह लेने वाली कमेंट्री सुनील नायक एवं पीपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट देखरेख कर रहे मुख्य संचालन कर्ता टूर्नामेंट अध्यक्ष अमन शर्मा के द्वारा युवा समाजसेवी रमाकांत राजपूत का माल्यार्पण किया क्रिकेट टूर्नामेंट आए हुए संभ्रांत गणमान्य लोगों का भी अमन शर्मा उनके सहयोगी टीम के द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

पूर्वोत्तर रेलवे
निविदा निरस्तीकरण सूचना
ई-टेण्डरिंग खुली निविदा सूचना सं. 02/2025 दिनांक 08.01.2025 के अन्तर्गत क्रमांक 01 पर अंकित निविदा जो दिनांक 05.02.2025 को खोली जानी थी, प्रशासनिक कारणों से निरस्त की जाती है। ई-निविदा का विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।
मण्डल रेल प्रबन्धक/इंजी.
मुजाधि/डब्ल्यू-378 इज्जतनगर
ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

# प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर निकाली भव्य शोभा यात्रा



**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

अयोध्या में निर्मित भगवान श्री राम के भव्य मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ के शुभ अवसर पर आज नगर में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में पुरुष महिलाएं एवं बच्चे पीले वस्त्र धारण कर शामिल हुए।

शोभायात्रा के आयोजक बाबा शक्ति दास एवं शिवकुमार शुक्ला ने बताया कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम रनापुर स्थित जय संतरी माता श्रीराम जानकी मंदिर से यह शोभायात्रा चलकर नगर के मुख्य चौराहा से होते हुए लखनऊ सुल्तानपुर हाईवे पर स्थित हनुमान मंदिर से होते हुए वापस श्री राम जानकी मंदिर पर जाकर समाप्त होगी। समाजसेवी विष्णु शुक्ला ने आए हुए अतिथियों का श्री राम नाम का पटका डालकर स्वागत किया। शोभायात्रा में प्रमुख रूप से क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत, पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी, प्रधान जितेंद्र प्रताप सिंह, प्रधान अभय प्रताप सिंह, अतुल सिंह रावत, प्रधान आसाराम वर्मा, मुन्ना त्रिवेदी, पंकज मिश्रा, राजकुमार सोनी, योगेश द्विवेदी, पूर्व प्रधान जतिन चौधरी, शिव शुक्ला, आशुतोष शुक्ला, सनी पांडे, चांदनी रावत, किशन रावत, शिवकुमार, अर्जुन, महेश विश्वकर्मा, विनय रावत, अजय संतोष, नातेदार बिहारी, चंद्रशेखर वर्मा, देशराज, मोतीलाल सहित की संख्या में ग्रामीण शामिल रहे।

## क्षेत्रीय विधायक ने किया अधिवक्ताओं के लिए भवन निर्माण का भूमि पूजन



**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

विधायक दिनेश रावत द्वारा बुधवार को तहसील परिसर में वादकारियों/अधिवक्ताओं के बैठने की सुविधा के लिए क्रिटिकल ग्रेव्स योजना के अंतर्गत 1477000 की लागत से बनने वाले कक्ष के निर्माण के लिए भूमि पूंजन किया गया। इस अवसर पर प्रमुख प्रतिनिधि सुनील सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह, तहसील बार एसोसिएशन हैदरगढ़ के अध्यक्ष राम प्रताप सिंह, मंडल अध्यक्ष मोहित मिश्रा, पूर्व मंडल अध्यक्ष शेखर मिश्रा, उप जिलाधिकारी, सम्मानित जनप्रतिनिधि गण, वरिष्ठ जन, पार्टी कार्यकर्ता, पार्टी पदाधिकारी, तहसील प्रशासन, अधिवक्ता गण उपस्थित रहे।

## सुबेहा के मजदूर की दिल्ली में हार्टअटैक से मौत



**हैदरगढ़ बाराबंकी।** दिल्ली में मजदूरी कर रहे बाराबंकी के एक युवक की हृदय गति रुकने से मौत हो गई। मंगलवार देर रात मृतक गुड्डू का शव उसके पैतृक गांव सुबेहा पहुंचा, जहां परिवार में कोहराम मच गया। सुबेहा के किला वार्ड निवासी शफीक के पुत्र गुड्डू की अचानक तबीयत बिगड़ने पर साथी उसे दिल्ली के एक अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव घर पहुंचते ही बूढ़ी मां और पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। समाजसेवी चौधरी हुमायूं हुसैन ने दुख की इस घड़ी में परिवार को सांत्वना दी और सरकारी सहायता दिलाने का आश्वासन दिया। गुड्डू के जाने से परिवार का एकमात्र कमाने वाला सदस्य भी चला गया, जिससे परिवार की आर्थिक स्थिति और भी कमजोर हो गई है।

## निराश्रित महिला से दो लाख 70 हजार की ठगी करने वाले पर मुकदमा दर्ज

**मसौली बाराबंकी।** जीवन बीमा के नाम पर निराश्रित महिला से 2 लाख 70 हजार रुपये की ठगी करने वाले कथित एजेंट के नाम मसौली पुलिस ने धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के ग्राम कटरा मजरे नहामऊ निवासी इंद्राना ने पुलिस अधीक्षक को एक शिकायती पत्र देते हुए बताया कि करीब 10 वर्ष पूर्व मेरे पति देशराज की मृत्यु हो गई थी। पति के जीवन बीमा के रुपये मिलने पर ग्राम खुर्दमऊ हालपता टी आर भटठा निवासी विनोद कुमार ने कहा कि पुनः अपने नाम बीमा करा लो और रकम चार गुना हो जायेगी पीड़िता विनोद के झांसे मे आकर 2 लाख 70 हजार रुपये दे दिया तथा कहा कि मेरा बीमा एलआईसी कम्पनी मे ही कराना लेकिन विनोद कुमार ने जालसाजी करते हुए एक फर्जी कम्पनी ऑप्शन वन इण्डस्ट्रीज कम्पनी में पैसा जमा कर दिया। अशिक्षित होने के कारण पूर्ण जानकारी नही हो पायी। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगायी पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मसौली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## छात्रा ने की इंस्टीट्यूट संचालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग

▸ **फीस जमा कराने के बाद भी नहीं कराया परीक्षा**

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली हैदरगढ़ के बीजापुर गांव निवासिनी ने जनपद अमेठी के पुलिस अधीक्षक एवं एससी एसटी आयोग के अध्यक्ष को प्रार्थना पत्र देकर थाना कमरौली के जाफरगंज में स्थित अमेठी इंस्टीट्यूट आफ पैरामेडिकल एंड साइंस कॉलेज के संचालक के खिलाफ प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

ग्राम पंचायत बीजापुर गांव निवासिनी पूनम कुमारी पुत्री छेदीलाल ने बताया कि जीएनएम नर्सिंग कोर्स में दाखिला पाने के लिए उन्होंने थाना कमरौली के जाफरगंज में स्थित अमेठी इंस्टीट्यूट आफ पैरामेडिकल एंड साइंस कॉलेज में जुलाई 2022 में 45000 रुपए फीस जमा कर एडमिशन कराया था परीक्षा के समय पर उपरोक्त विद्यालय के प्रबंधक एवं मैनेजर द्वारा कमी बताकर हमें परीक्षा से वंचित कर दिया। प्रार्थिनी ने अगस्त 2023 में दोबारा 45 हजार रुपए जमा कराए और जब 2024 में परीक्षा का समय आया तो प्रबंधक व मैनेजर ने बताया कि परीक्षा की तिथि बदल गई है अब परीक्षा जनवरी 2025 में होगी। जनवरी 2025 में जब परीक्षा नहीं कराई गई और इस विषय में प्रार्थिनी ने प्रबंधन से बात की तो उन्होंने कहा की परीक्षा अब मार्च अप्रैल 2025 में कराएंगे। बार-बार परीक्षा की तारीख आगे बढ़ाकर प्रबंधक व मैनेजर द्वारा प्रार्थिनी को परेशान किया जा रहा है जिसके चलते वह मानसिक पीड़ा से गुजर रही है और साथ ही साथ उसके दो साल भी बर्बाद हो चुके हैं। पीड़िता ने परेशान होकर जनपद अमेठी के पुलिस अधीक्षक एवं एससी एसटी आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत को प्रार्थना पत्र देकर उक्त संस्थान के संचालक से पूरे पैसे वापस दिलाने एवं संस्थान संचालक पर सख्त कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

## नवागत जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट के विभिन्न अनुभागों सहित परिसर का किया औचक निरीक्षण

▸ **डीएम ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को समय से कार्यालय आने के दिए निर्देश, अनुपस्थित कर्मियों का स्पष्टीकरण जारी करने के दिए निर्देश**



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

नवागत ज़िलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने कलेक्ट्रेट के विभिन्न विभागों एवं कार्यालयों तथा परिसर का प्रातः करीब दस बजे औचक निरीक्षण किया। उन्होंने आपदा अनुभाग, शस्त्र अनुभाग, ईआरके, राजस्व अभिलेखाकार, संयुक्त कार्यालय, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, चकबंदी, ई डिस्ट्रिक्ट ऑफिस सहित कलेक्ट्रेट परिसर आदि का निरीक्षण किया और कहा कि सभी कार्यालयों को हर हाल में स्वच्छ बनाए रखे जाने के प्रयास हर स्तर पर सतत प्रक्रिया के तहत किए जाने चाहिए। उन्होंने कई कार्यालयों में उपस्थिति पंजिका तथा पत्रावलियों का भी निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने अनुपस्थित सभी कर्मियों का स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए और कहा कि समस्त अधिकारी और कर्मचारी समय से कार्यालय में उपस्थित होना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारी मुख्यमंत्री की मंशानुरूप सभी कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण करें। कार्यों में विलंब या लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों पर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी कार्यालयों में समयांतर्गत कार्यों का संपादन किया जाए। उन्होंने कहा कि साफ़ सफ़ाई के प्रति सभी कर्मियों को सदैव सजग रहना चाहिए। ज़िलाधिकारी ने कहा कि राजस्व अभिलेखों के आधुनिक ढंग से संरक्षित करने के प्रयासों के कार्यों में तेज़ी लाई जाए और नियमित रूप से अभिलेखों का निरीक्षण भी किया जाए। उन्होंने कहा कि समस्त पटलों पर कार्यों की गुणवत्ता बनी रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी प्रभारी द्वारा इसकी नियमित मॉनिटरिंग की जाए। इस अवसर पर उनके साथ अपर जिलाधिकारी इंद्रसेन प्रशासनिक अधिकारी गुरुसहाय निगम सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

### न्याय की उम्मीद में आये वादियों का हित सर्वोपरिः डीएम



**बाराबंकी।** कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकसभागार में नवागत जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने जिला बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। पदाधिकारियों की विभिन्न समस्याओं को सुनने बाद उचित निराकरण का आश्वासन दिया। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने कहा कि न्याय की उम्मीद में आने वाले वादियों का हित सर्वोपरि है, उसी परिपेक्ष्य में हम सबको मिलकर कार्य करना है। उनका प्रयास रहेगा कि दीर्घकाल से लंबित मुकदमों का यथाशीघ्र निस्तारण किया जा सके। इसके अलावा अन्य सभी प्रकार के लंबित मुकदमों की भी पेंडेंसी को कम किया जाए। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि अधिवक्ताओं को बैठने के लिये जर्जर टीनसेट, पेयजल आदि की समस्याएं है, उक्त समस्याओं के निराकरण का जिलाधिकारी ने एसोसिएशन के पदाधिकारियों को आश्वासन दिया।




रेलयात्री कृपया ध्यान दें!



# कुम्भ मेला विशेष रेलगाड़ियां

**कुम्भ मेला–2025** के दौरान रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा नियमित रेलगाड़ियों के अलावा विभिन्न विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जा रहा है। इन विशेष रेलगाड़ियों का तिथिवार विवरण निम्नानुसार है:–

**दिनांक 23.01.2025 (गुरूवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04145 | सुबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | फतेहपुर, गोविन्दपुरी, इटावा, टूंडला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन |
| 09404 | जंघई जं. | 08:30 | अहमदाबाद जं. | 18:00 | प्रयागराज जं., फतेहपुर, गोविन्दपुरी, इटावा, टूंडला जं., आगरा फोर्ट, बयाना जं., गंगापुर सिटी, सवाई माधोपुर जं., कोटा जं., रामगंज मंडी, भवानी मंडी, नागदा जं., रतलाम जं., दाहोद, गोधरा जं., छायापुरी एवं आणंद जं. स्टेशन |
| 01661 | रानी कमलापति | 11:10 | बनारस | 10:15 | मंडी दीप, ओबेदुल्ला गंज, बुदनी, नर्मदापुरम, इटारसी जं., सोहागपुर, पिपरिया, गाडरवारा, करेली, नरसिंहपुर, श्रीधाम, मदन महल, जबलपुर जं.,देवरी, सिहोरा रोड, कटनी जं., झुकेही, मैहर, सतना, जैतवार, मझगवां, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर एवं चुनार जं. स्टेशन |
| 01034 | मऊ जं. | 23:50 | छत्रपति शिवाजी महाराज (ट.) | 14:30 | आजमगढ़, शाहगंज जं., वाराणसी जं., चुनार जं., मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना., मैहर, कटनी जं., जबलपुर जं., नरसिंहपुर, पिपरिया, इटारसी जं., बानापुरा, हरदा, खिरकिया, छनेरा, तलवड़िया, खंडवा जं., भुसावल जं., जलगांव जं., मनमाड जं., नासिक रोड, इगतपुरी, कल्याण जं., ठाणे एवं दादर स्टेशन |
| 09372 | बलिया | 23:45 | डॉ. अम्बेडकर नगर | 05:30 | गाजीपुर सिटी, औंड़िहार जं., जौनपुर जं., वाराणसी जं., चुनार जं., मिर्जापुर,, प्रयागराज जं., फतेहपुर, गोविन्दपुरी, उरई, विरांगना लक्ष्मीबाई, ललितपुर, बीना जं., गंज बासौदा, विदिशा, संत हिरदाराम नगर, शुजालपुर, उज्जैन जं. एवं इंदौर जं. स्टेशन |
| 03409 | मालदा टाउन | 20:45 | प्रयागराज रामबाग | 17:15 | न्यू फरक्का जं., बड़हरवा जं., साहिबगंज जं., कहलगांव, भागलपुर, सुल्तानगंज, जमालपुर जं., अभयपुर, किऊल जं., मोकामा जं., बाढ़, बख्तियारपुर जं., राजेंद्र नगर, पटना जं., दानापुर, आरा, बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., वाराणसी जं. एवं बनारस स्टेशन |
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर | 14:00 | प्रयाग, फाफामऊ, फूलपुर, जंघई एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली, बछरावाँ एवं उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04525 | फाफामऊ जं. | 06:30 | बठिण्डा जं. | 01:10 | रायबरेली जं., लखनऊ, हरदोई, शाहजहाँपुर, बरेली जं., मुरादाबाद, नजीबाबाद जं., लक्सर जं., रूड़की, सहारनपुर, यमुनानगर जगाधरी, अम्बाला कैंट जं., राजपुरा जं., पटियाला, धूरी जं., बरनाला एवं रामपुरा स्टेशन |
| 04065 | फाफामऊ जं. | 23:30 | दिल्ली जं. | 13:40 | रायबरेली जं., लखनऊ, हरदोई, शाहजहाँपुर, बरेली जं., रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, गजरौला जं., गढ़मुक्तेश्वर, हापुड़ एवं गाजियाबाद स्टेशन। |
| 05104 | गोरखपुर जं. | 20:30 | झूँसी | 05:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर, बेलथरा रोड, मऊ, औंड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधो सिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05103 | झूँसी | 07:45 | गोरखपुर जं. | 16:25 | |

**दिनांक 24.01.2025 (शुक्रवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर | 14:00 | प्रयाग जं., फाफामऊ, फूलपुर, जंघई एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली, बछरावाँ एवं उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04316 | देहरादून | 08:10 | फाफामऊ जं. | 23:50 | हरिद्वार, नजीबाबाद जं., मुरादाबाद जं., बरेली जं., लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 04601 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 03:50 | फाफामऊ जं. | 04:25 | शहीद कप्तान तुषार महाजन, जम्मू तवी, कठुआ, पठानकोट कैंट, जलंधर कैंट, लुधियाना जं., अम्बाला कैंट, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन। |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधो सिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधो सिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 02417 | सुबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा, टुण्डला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन |
| 04146 | दिल्ली जं. | 09:30 | सुबेदारगंज | 19:40 | अलीगढ़ जं., टुण्डला जं., इटावा, गोविंदपुरी एवं फतेहपुर स्टेशन |
| 01662 | बनारस | 14:45 | रानी कमलापति | 11:30 | चुनार जं., मिर्जापुर,, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., मझगवां, जैतवार, सतना, मैहर, झुकेही, कटनी, सिहोरा रोड, देवरी, जबलपुर, मदन महल, श्रीधाम, नरसिंहपुर, करेली, गाडरवारा, पिपरिया, सोहागपुर, इटारसी जं., नर्मदापुरम, बुदनी, ओबेदुल्ला गंज एवं मन्डीदीप स्टेशन |
| 09801 | सोगरिया | 08:15 | बनारस | 10:15 | अन्ता, बारां, अटरू, छबड़ा गुगोर, रुठियाई, गुना, अशोक नगर, मुंगावली, बीना मालखेड़ी, खुरई, नरयावली, सागर, गिरवर, गणेशगंज, पथरिया, दमोह, बांदकपुर, रीठी, कटनी, झुकेही, मैहर, सतना, जैतवार, मझगवां, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर एवं चुनार जं. स्टेशन |
| 01455 | पुणे जं. | 10:10 | मऊ जं. | 22:00 | दौंड कॉर्ड लाइन, अहमदनगर, बेलापुर, मनमाड जं., जलगांव जं., भुसावल जं, खंडवा, तलवड़िया, छनेरा, खिरकिया, हरदा, बानापुरा, इटारसी जं., पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, चुनार जं., वाराणसी जं., शाहगंज जं. एवं आज़मगढ़ स्टेशन |
| 03410 | प्रयागराज रामबाग | 19:15 | मालदा टाउन | 14:30 | बनारस, वाराणसी जं., पं० दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पटना जं., राजेन्द्रनगर (ट), बख्तियारपुर जं., बाढ़, मोकामा जं., किऊल जं., अभयपुर, जमालपुर जं., सुलतानगंज, भागलपुर, कहलगाँव, साहिबगंज जं. एवं बड़हरवा जं. स्टेशन |
| 07701 | गुंटूर जं. | 23:00 | आज़मगढ़ | 17:15 | विजयवाड़ा जं., खम्मम, वरंगल, रामगुंडम, मंचिर्याल, सिरपुर कागजनगर, बल्हारशाह, चन्द्रपुर, नागपुर, बैतूल, इटारसी जं., पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, बनारस एवं शाहगंज जं. स्टेशन |
| 05285 | जयनगर | 23:50 | झूँसी | 15:45 | मधुबनी, सकरी जं., दरभंगा जं., समस्तीपुर जं., ढ़ोली, मुज़फ़्फ़रपुर जं., हाजीपुर जं., सोनपुर जं., दिघवारा, छपरा, बलिया, गाजीपुर सिटी, औंड़िहार जं., वाराणसी जं. एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन। |
| 05104 | गोरखपुर जं. | 20:30 | झूँसी | 05:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर, बेलथरा रोड, मऊ, औंड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधो सिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05103 | झूँसी | 07:45 | गोरखपुर जं. | 16:25 | |

**दिनांक 25.01.2025 (शनिवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर | 14:00 | प्रयाग, फाफामऊ, फूलपुर, जंघई एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली, बछरावाँ एवं उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04526 | बठिण्डा जं. | 04:30 | फाफामऊ जं. | 23:55 | रामपुरा फूल, बरनाला, धुरी जं., पटियाला, राजपुरा जं., अम्बाला कैंट जं., यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर जं., रूड़की, लक्सर जं., नजीबाबाद जं., मुरादाबाद, बरेली जं., शाहजहांपुर जं., हरदोई, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 04528 | अम्ब अन्दौरा | 22:05 | फाफामऊ जं. | 18:00 | ऊना हिमाचल, नंगल डैम, आनन्दपुर साहिब, रूपनगर, मोरिंडा जं., चंडीगढ़ जं., अम्बाला कैंट जं., यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर जं., रुड़की, नजीबाबाद जं., मुरादाबाद जं., बरेली जं., शाहजहाँपुर, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 04315 | फाफामऊ जं. | 06:30 | देहरादून | 21:30 | रायबरेली जं., लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, नजीबाबाद जं. एवं हरिद्वार जं. स्टेशन |
| 04664 | फिरोजपुर कैंट जं. | 13:25 | फाफामऊ जं. | 11:30 | फरीदकोट, कोट कपूरा जं., बठिण्डा जं., धूरी जं., पटियाला, राजपुरा जं., अम्बाला कैंट जं., सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 04602 | फाफामऊ जं. | 19:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 22:00 | रायबरेली जं., लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, सहारनपुर, अम्बाला कैंट जं., लुधियाना जं., जलंधर कैंट, पठानकोट कैंट, कठुआ, जम्मू तवी एवं शहीद कप्तान तुषार महाजन स्टेशन |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधो सिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधो सिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 08251 | रायगढ़ | 14:00 | वाराणसी जं., | 10:00 | चाँपा, बिलासपुर जं., पेन्ड्रा रोड, अनूपपुर जं., शहडोल, उमरिया, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर एवं चुनार जं. स्टेशन |
| 02417 | सूबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा, टूण्डला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन |
| 02418 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा, गोविंदपुरी एवं फतेहपुर स्टेशन |
| 09802 | बनारस | 14:45 | सोगरिया | 15:45 | चुनार जं., मिर्जापुर,, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., मझगवां, जैतवार, सतना, मैहर, झुकेही, कटनी, रीठी, बांदकपुर, दमोह, पथरिया, गणेशगंज, गिरवर, सागर, नरयावली, खुरई, बीना मालखेड़ी, मुंगावली, अशोक नगर, गुना, रुठियाई, छबड़ा गुगोर, अटरू, बारां एवं अन्ता स्टेशन |
| 01033 | छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस | 11:30 | मऊ जं. | 22:00 | दादर, ठाणे, कल्याण जं., इगतपुरी, नाशिक रोड, मनमाड जं., जलगांव जं., भुसावल जं., खंडवा, तलवड़िया, छनेरा, खिरकिया, हरदा, बानापुरा, इटारसी जं., पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, चुनार जं., वाराणसी जं., शाहगंज जं. एवं आज़मगढ़ स्टेशन |
| 01456 | मऊ जं. | 23:50 | पुणे जं. | 15:45 | आज़मगढ़, शाहगंज जं., वाराणसी जं., चुनार जं., मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी, नरसिंहपुर, पिपरिया, इटारसी जं., बानापुरा, हरदा, खिरकिया, छनेरा, तलवड़िया, खंडवा, भुसावल जं., मनमाड जं., बेलापुर, अहमदनगर एवं दौंड कॉर्ड लाइन स्टेशन |
| 09371 | डॉ. अम्बेडकर नगर | 13:45 | बलिया | 19:15 | इंदौर जं., उज्जैन जंक्शन, शुजालपुर, संत हिरदाराम नगर, विदिशा, गंज बासौदा, बीना जं., ललितपुर, विरांगना लक्ष्मीबाई, उरई, गोविन्दपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, चुनार जं., वाराणसी जं., जौनपुर जं., औंड़िहार जं. एवं गाजीपुर सिटी |
| 03409 | मालदा टाउन | 20:45 | प्रयागराज रामबाग | 17:15 | न्यू फरक्का जं., बड़हरवा जं., साहिबगंज जं., कहलगांव, भागलपुर, सुल्तानगंज, जमालपुर जं., अभयपुर, किऊल जं., मोकामा जं., बाढ़, बख्तियारपुर जं., राजेंद्र नगर, पटना जं., दानापुर, आरा, बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., वाराणसी जं. एवं बनारस स्टेशन |
| 06002 | गोमती नगर | 03:45 | एमजीआर चेन्नै सेन्ट्रल | 23:55 | अयोध्या धाम जं., वाराणसी जं., चुनार जं., मिर्ज़ापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नैनपुर जं., बालाघाट जं., गोंदिया जं., बल्हारशाह, सिरपुर कागजनगर, वरंगल, खम्मम, विजयवाड़ा जं., न्यू गुंटूर, तेनाली जं., चीराला, ओंगोल, नेल्लूर एवं गूडूर जं. स्टेशन |
| 05286 | झूँसी | 17:45 | जयनगर | 10:15 | ज्ञानपुर रोड, वाराणसी जं., औंड़िहार जं., गाजीपुर सिटी, बलिया, छपरा, दिघवारा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., मुज़फ़्फ़रपुर जं., ढ़ोली, समस्तीपुर जं., दरभंगा जं., सकरी जं. एवं मधुबनी स्टेशन |
| 05295 | दरभंगा जं. | 21:00 | झूँसी | 10:00 | समस्तीपुर जं., ढ़ोली, मुज़फ़्फ़रपुर जं., हाजीपुर जं., सोनपुर जं., दिघवारा, छपरा, बलिया, गाजीपुर सिटी, औंड़िहार जं., वाराणसी जं. एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05185 | गोरखपुर | 20:30 | प्रयागराज रामबाग | 05:30 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी, सलेमपुर, बेलथरा रोड, मऊ, औंड़िहार, वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधो सिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास एवं झूँसी स्टेशन |
| 05129 | छपरा | 18:30 | झूँसी | 02:25 | सुरेमनपुर, सहतवार, बाँसडीह रोड, बलिया, फेफना, चितबड़ागाँव, करीमुद्दीनपुर, यूसुफपुर, गाजीपुर सिटी, नन्दगंज, औंड़िहार, वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधो सिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05104 | गोरखपुर जं. | 21:30 | झूँसी | 05:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर, बेलथरा रोड, मऊ, औंड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधो सिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05103 | झूँसी | 07:45 | गोरखपुर जं. | 16:25 | |

**रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील वस्तुएं जैसे पटाखे, पेट्रोल, मिट्टी का तेल एवं गैस सिलेंडर आदि लेकर कभी यात्रा न करें।**

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

**उत्तर रेलवे**

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ** | पर हमें फॉलो करें




### बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के 10 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम आयोजित

# उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाकर्मी सम्मानित

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना को आज एक दशक पूरा हो गया है। आज महिलाओं को डरने की आवश्यकता नहीं है। जागरूक होने की आवश्यकता है। महिला पुलिस कर्मियों द्वारा शहर तथा गांवों में जाकर हेल्प लाइन नंबरो आदि के बारें महिलाओं व बालिकाओं को जानकारी दी जा रही है। यह बात जिलाधिकारी ने कही।

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के 10 वर्ष पूर्ण होने पर कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य व जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के उपरांत मुख्य अतिथि व जिलाधिकारी ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ हस्ताक्षर अभियान में हिस्सा लिया तथा महिला जागरूकता रैली को कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना किया। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य ने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के 10 वर्ष पूर्ण हो गये है। महिलाओं को रोजगार से जोड़ा जा रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता पर है महिला संबंधी अपराधों को रोकना। इसके लिए पास्को कोर्ट बनाया गया है। जिससे जल्द से जल्द अपराधियों को सजा दिलाई जा सके।कार्यक्रम का संचालन स्नेहलता ने किया गया। वही जनपद स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला कर्मिकों को जिला पंचायत अध्यक्ष व जिलाधिकारी ने सम्मानित किया।

**इन महिलाकर्मियों को मिला सम्मान**

मंजू वर्मा सहा. अध्यापक राजकीय इण्टर कॉलेज उमर्दा, स्नेहलता द्विवेदी सहा. अध्यापक उच्च प्राथमिक विद्यालय हैवतपुर कटरा, डॉ अमिता पटेरिया नीलम ए.एन.एम विनोद दीक्षित अस्पताल, डॉ ज्योत्सना शुक्ला विनोद दीक्षित अस्पताल, सुशीला देवी ग्राम प्रधान मानीमऊ, रेखा द्विवेदी ग्राम प्रधान नदसिया, प्रियंका सिंह महिला सचिव ग्राम पंचायत अनौगी, सीमा पटेल महिला उपनिरीक्षक, अमिता महिला मुख्य आरक्षी, विनीता सारथी महिला थानाध्यक्ष महिला थाना, पारुल चौधरी महिला उपनिरीक्षक, ममता दुबे मां गायत्री फिलिंग स्टेशन महिला उद्यमी, नीरजा त्रिपाठी प्रो. मेसर्स मारुती नेचुरल फेगरेन्सेस, वैष्णवी चौहान लेखपाल, विनीता कुमारी, केन्द्र प्रशासक सखी वन स्टॉप सेन्टर को सम्मानित किया गया।

## कुम्भ में जेल प्रशासन के तैयार उत्पादों की बढ़ी मांग

- मेले में जेल प्रशासन द्वारा बैग, अगरबत्ती, धूपबत्ती आदि उत्पादों की बढ़ी मांग
- अधिक से अधिक प्रोडक्ट तैयार कर कुंभ मेले में भेजें : डीएम



अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में उ0प्र0 कौशल विकास मिशन की आयोजित बैठक के दौरान निर्देश दिये कि प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना एवं पं. दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजनाओं में गति लाकर युवाओं को रोजगार व स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जायें।

कुम्भ मेले में जेल प्रशासन द्वारा बैग, अगरबत्ती, धूपबत्ती आदि प्रोडक्ट विक्रय किये जाने की डिमांड बढ़ी है। जिसे अधिक से अधिक प्रोडक्ट तैयार कर कुंभ मेले में भेजा जाये। एफएफडीसी से समन्वय स्थापित कर कैदियों को धूपबत्ती, अगरबत्ती बनाये जाने हेतु ट्रेनिंग दी जाये और उच्च क्वालिटी की 3 से 4 प्रकार की खुशबूदार धूपबत्ती, अगरबत्ती तैयार की जाये। प्रोजेक्ट बनाने में जो कैदी कार्य कर रहे है, उन्हें समय से मेहनताना भी दिया जाये।

पं. दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के अन्तर्गत प्रशिक्षित बच्चे जिन्हें सेवायोजन दिलाना शेष है। संबंधित एजेंसी को जॉब दिलाये जाने हेतु पत्राचार किया जाये। जिस संस्था द्वारा बच्चों को ट्रेनिंग दी जा रही है। उसे बीच- बीच में औचक निरीक्षण कर ट्रेनिंग की गुणवत्ता को परखा जाये। प्रशिक्षित बच्चे जो स्वरोजगार करना चाहते है। उन्हें मुख्यमंत्री युवा उद्यमी से जोड़कर 5 लाख का शत-प्रतिशत ब्याज मुक्त लोन देकर स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जाये।

प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अन्तर्गत जो स्कीमें चल रही है। उन्हें तेजी से रनिंग में लायी जाये, यह भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। इसमें किसी भी प्रकार की ढिलाई न बरती जाये।

## दबंग लेखपाल के खिलाफ किसानों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय कृषक यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव के नेतृत्व में दबंग लेखपाल के खिलाफ लिखित ज्ञापन उप जिला अधिकारी को किसानों द्वारा सोपा गया

राष्ट्रीय कृषक यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव सुखेंद्र सिंह यादव एडवोकेट के नेतृत्व में किसानों ने दबंग लेखपाल द्वारा रुपये 15000 रिश्वत लेने के बावजूद 35000 ना दे पाने के कारण सिकंदरपुर के मुजरा नगरिया सुख में बंजारा की जमीन पर निर्माणाधीन श्री हनुमान मंदिर को कल मंगलवार को जमीजोद कर दिया किसानों का कहना था कि आबादी की बंजर जमीन पर गांव बसे हुए हैं गांव के अंदर ही आबादी की जमीन पर मंदिर का निर्माण हो रहा था जिससे स्थानीय लेखपाल द्वारा रुपये 15000 की रिश्वत लेकर स्वीकृति दी गई थी 35000 रुपए की डिमांड पूरी ना हो पाने का कारण निर्माण को गिरा दिया गया ज्ञापन देते समय राजवीर राम प्रकाश चंद्र प्रकाश रामनरेश संदीप शिवम रत्नेश सैकड़ो किसान व ग्रामीण मौजूद रहे।

## एसपी ने किया कोतवाली का औचक निरीक्षण

- नगर में रूटमार्च कर दिलाया सुरक्षा का भरोसा

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक ने कोतवाली का औचक निरीक्षण किया और पुलिस बल के साथ नगर के प्रमुख मार्गों पर रूट मार्च कर स्थानीय लोगों को शांति एवं सुरक्षा का भरोसा दिलाया।

मंगलवार की बीती रात पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के द्वारा कोतवाली का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय में पहुंचकर अभिलेखों का निरीक्षण किया और लंबित मामलों को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने सीसी टीएनएस कार्यालय में भी पहुंचकर कार्य कर रहे पुलिसकर्मियों को देखा। इसके बाद में पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने सभी उप निरीक्षक के साथ बैठक कर लंबित विवेचना को पूर्ण करने के



पुलिस बल के साथ नगर में भ्रमण करते एसपी विनोद कुमार

आदेश दिए और पुलिस बल के साथ नगर के जीटी रोड, तिर्वा रोड, चकोर रोड पर रूट मार्च कर स्थानीय दुकानदारों से बात की। उन्हें सुरक्षा एवं शांति का भरोसा दिलाया। इस मौके पर कोतवाल आलोक कुमार दुबे, निरीक्षक विष्णुकांत तिवारी, शैलेन्द्र सिंह, उप निरीक्षक ज्ञानेन्द्र सिंह, श्याम पाल, प्रदीप कुमार, मोहनलाल, प्रदीप कुमार, राजेश प्रताप सिंह, रविंद्र सिंह सहित पुलिस बल मौजूद रहा।

## श्री राम मंदिर की वर्षगांठ पर श्रद्धालुओं ने बांटा भंडारा



भण्डारा में प्रसाद ग्रहण करते लोग

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

श्री रामलला की स्थापना की प्रथम वर्षगांठ पर नगर के मुख्य चौराहा पर विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय श्रद्धालुओं ने प्रसाद को चखा और जय श्री राम के नारे लगाए। जिससे नगर का वातावरण भक्तिमय हो गया। बुधवार को नगर के मुख्य चौराहे पर अयोध्या में श्री राम मंदिर की प्रथम वर्षगांठ के उपलक्ष्य में विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें नगर के श्रद्धालुओं ने प्रसाद को चखा। इस मौके पर श्रद्धालुओं के द्वारा राम मंदिर में भजन कीर्तन और जय श्री राम के नारे लगाए गए। जिससे नगर का माहौल भक्ति मय हो गया। इस मौके पर अनुज गुप्ता, दीपू शर्मा, सोनू सक्सेना, दीपू गुप्ता, दीपक गुप्ता, रचित चौरसिया, संतोष कुमार गुप्ता, विक्की ठाकुर सहित श्रद्धालु मौजूद रहे।

## खाने के रुपये न देने पर वधू पक्ष ने किया शादी से इंकार

**वर पक्ष के लोगों ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की**

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** शादी में बारात के खाने का पैसा न मिलने पर वधू पक्ष की ओर से शादी को इनकार कर दिया गया। जिसको लेकर वर पक्ष के लोगों ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

थाना छिबरामऊ के ग्राम नगला सदारी निवासी हरदयाल पुत्र मिट्ठू लाल ने कोतवाली पुलिस को बताया है कि उसके पुत्र रिंकू की शादी ग्राम मौरा निवासी युवती के साथ तय हुई थी। गोद भराई के कुछ महीने के बाद वधू पक्ष की ओर से शादी में बारात के खाना के लिए 20 हजार रूपये की मांग की गई। जब उन्होंने इस बात का विरोध किया तो वधू पक्ष के द्वारा शादी से इनकार कर दिया गया। वहीं कोतवाली पुलिस के द्वारा मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## खबरें एक नजर में

### यातायात पुलिस ने वॉलिंटियर्स के साथ चलाया अभियान



नियमों के प्रति जागरूक करते वॉलिंटियर्स

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** यातायात पुलिस ट्रैफिक वॉलिंटियर्स के साथ आमजन को यातयात नियमों का पाठ पढ़ाकर जागरूक कर रही है। बुधवार को शहर के मकरंद नगर तिराहे पर यातायात प्रभारी आफ़ाक़ ने सड़क सुरक्षा माह के क्रम में ट्रैफिक वॉलिंटियर्स के साथ विशेष यातायात जागरूकता अभियान चलाया। जिसमें प्रभारी यातायात ने विशेष तौर से ई रिक्शा चालकों को रोककर यातायात नियमों की महत्वपूर्ण जानकारी दी बताया कि लाइसेंस बनवाना क्यों आवश्यक है। ई-रिक्शा से आए दिन लगने वाले जाम को लेकर प्रभारी ने ई रिक्शा चालकों को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर आप रोड पर ही सवारी भरेंगे और उतारेंगे। तो आपकी गाड़ियों का चालान किया जाएगा। ट्रैफिक वॉलिंटियर्स ने दोपहिया वाहन चालकों और चार पहिया वाहन चालकों को रोककर हेलमेट लगाने और सीट बेल्ट लगाने लिए अनुरोध किया । अभियान के दौरान प्रभारी ने 14 वाहनों के चालान किए।

### युवक ने किशोरी को बहला फुसलाकर भगाया

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** पड़ोसी गांव का युवक एक किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले गया। जिसकी जानकारी होने पर किशोरी के पिता ने अपनी पुत्री की आसपास काफी खोजबीन की। लेकिन कोई भी सुराग नहीं लग सका। इसके बाद किशोरी के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपित युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। ग्राम निवासी पीड़ित पिता ने कोतवाली पुलिस को बताया है कि 21 जनवरी की शाम 6.30 बजे उसकी 16 वर्षीय पुत्री को ग्राम जहांगीरपुर निवासी सचिन पुत्र खुर्रम बहला फुसलाकर भगा ले गया। जब उसे इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने अपनी पुत्री की काफी खोजबीन की। लेकिन कोई भी सुराग नहीं लग सका। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की खोजबीन शुरू कर दी है।

### 10 लीटर अवैध शराब सहित युवक को पकड़ा

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** उच्चाधिकारियों के निर्देश पर अवैध शराब के विरुद्ध चलाए गए अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक युवक को दबोच लिया। इसके बाद पुलिस ने पकड़े गए अभियुक्त के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की है। अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए गस्त कर रहे उप निरीक्षक सुनील कुमार चौधरी ने पांडेयपुर्वा स्थित हाइवे अंडरपास के समीप जलालाबाद तिलपई रोड से सराय प्रयाग निवासी शिवम गिहार पुत्र संजय गिहार को 10 लीटर अवैध शराब सहित पकड़ लिया। इसके बाद पुलिस ने पकड़े गए युवक के विरुद्ध दफा 60 के तहत रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की है।

### 26 जनवरी से होगा 11वां हीरोज कप टूर्नामेण्ट

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।** कस्बे के डीएन इंटर कॉलेज के छात्रावास मैदान में 26 जनवरी से 11वें हीरोज कप क्रिकेट टूर्नामेण्ट का आयोजन होने जा रहा है। आयोजक विवेक सिंह सेंगर ने बताया कि पिछले बर्षों की तरह इस बर्ष भी टूर्नामेण्ट का आयोजन किया जा रहा है। जिसको लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई है। 26 जनवरी को पहला मैच खेला जाएगा।

## भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के आयोजन के लिए कलश यात्रा का आयोजित



**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** तहसील क्षेत्र के ग्राम अतराजपुर में जन कल्याण सेवा समिति द्वारा ग्राम सभा में चतुर्थ श्रीमद् भागवत सप्ताह कथा ज्ञान यज्ञ की कलश यात्रा निकाली गई। जनकल्याण सेवा समिति द्वारा चतुर्थ श्रीमद् भागवत सप्ताह कथा ज्ञान यज्ञ के प्रथम दिन कलश यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें जिसमें ग्राम सभा के सभी श्रद्धालुओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया कथा व्यास जी विमल बल्लभ जी के श्री मुख से कथा प्रारंभ हुई व्यवस्थापक में तरुण त्रिपाठी चंदन चतुर्वेदी मुकेश पांडे ध्रुव शुक्ल पवन चतुर्वेदी श्यामू दुबे गोलु दुबे ऋषि शुक्ला तनु शुक्ला प्रदीप पांडे सहित ग्रामीणों ने कलश यात्रा के बाद कथा का श्रवण किया

## शिवालिक बेवरजिस एण्ड फूड का भव्य शुभारंभ

**छिबरामऊ, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने छिबरामऊ स्थित मेसर्स शिवालिक बेवरजिस एण्ड फूड इकाई का उद्धघाटन किया द्य उक्त इकाई द्वारा अत्याधुनिक तकनीकी से पूर्ण स्वचालित रूप से पैकेज ड्रिकिंग मिनिरल वाटर बॉटल का उत्पादन कार्य प्रारम्भ किया गया। इस अवसर पर उन्होने कहा कि उक्त इकाई की स्थापना हेतु उद्योग विभाग द्वारा इन्वेस्टर्स समिट-2023 में रू0 2 करोड निवेश का एमओयू हस्ताक्षरित किया गया था। उक्त इकाई के संचालन हेतु इज ऑफ डूइंग बिजनेस के अन्तर्गत आवश्यक एन0ओ0सी0/प्रमाण पत्र तय समय में निर्गत कराने में जिला प्रशासन द्वारा सहयोग किया गया। इकाई की प्रतिदिन 48 हजार लीटर पैकेज ड्रिकिंग वाटर



बोटल का निर्माण की क्षमता है। साथ ही इकाई द्वारा 10-12 स्थानीय लोगों को रोजगार भी प्रदान किया गया है। उद्धघाटन के अवसर पर इकाई के संचालक अभिनव गुप्ता द्वारा बताया गया कि यह जनपद में इस तरह का पहला अत्याधुनिक मिनिरल वाटर प्लान्ट है तथा आज से इकाई द्वारा वाणिज्यिक उत्पादन प्रारम्भ कर दिया गया है तथा भविष्य में उत्पाद की ब्राडिंग एवं मार्केटिंग की कार्ययोजना तैयार कर ली गयी है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा नवस्थापित इकाई के सफल संचालन हेतु शुभकामना देते हुए जनपद के युवाओं को इस तरह की परियोजनाओं को स्थापित करने हेतु प्रेरित भी किया गया। इस अवसर पर चेयरमैन नगर पालिका छिबरामऊ, उपायुक्त उद्योग, कन्नौज, श्रम प्रवर्तन अधिकारी अरविंद गिरि, छिबरामऊ, मुकेश मिश्रा, अलोक गुत्ता, उद्यमी मित्र व काई लोग उपस्थित रहे।

## डीसीएम चालक की सड़क हादसे में मौत

- शव घर आते ही परिजनों में मची चीख-पुकार

**समधन, समृद्धि न्यूज़।**

बीते दिन अलीगढ़ में सड़क हादसे में डीसीएम चालक की मौत के वाद दूसरे दिन पोस्टमार्टम होकर जैसे शव घर आया तो परिजनों में चीख-पुकार मच गई।



मृतक डीसीएम चालक राजेश यादव की फाइल फोटो

समधन नगर के मोहल्ला नेहरू नगर सन्तोखा निवासी राजेश यादव 35 वर्ष पुत्र बाबूराम यादव डीसीएम चालक था वहां बीते मंगलवार शाम मैनपुरी से भैंसें लेकर अलीगढ़ जा रहा था तभी रास्ते में खड़े ट्रक में डीसीएम बेकाबू होकर जा घुसीं जिससे उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। अलीगढ़ से दूसरे दिन पोस्टमार्टम होकर शव बुधवार देर शाम घर आया वैसे परिजनों में चीख-पुकार मच गई। संतोखा में मातम का माहौल छा गया मृतक राजेश यादव के दो पुत्र सत्यम 10 वर्ष व शिवम छः वर्ष है। घटना की जानकारी पाकर नगर पंचायत की अध्यक्ष आसमा बेगम पति अखलाक हुसैन सिद्दीकी, बसपा नेता सैय्यद अहमद उसैव (वटटू) पूर्व चेयरमैन मो0 नकीम खान, मुश्ताक अहमद, पूर्व सभासद बदरूल सिद्दीकी, इरफान गेस्ट हाउस के प्रबंधक मोहम्मद फैसल हुसैन,आदि ने मृतक राजेश यादव के परिजनों को ढांढस बंधाया गया देर शाम शव को घाट पर ले जाकर अंतिम संस्कार किया गया।



### प्रथम वर्षगांठ पर सैकड़ों भक्तों ने भंडारे का चखा स्वाद

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** मोहल्ला सर्राफान स्थित बाबा विश्वनाथ मंदिर परिसर में श्री राम दरबार की स्थापना विगत वर्ष कराई गई थी प्रथम वर्षगांठ पर अखंड पाठ का आयोजन हुआ भंडारे का आयोजन किया गया। पूर्व पेशकार रहे जेपी त्रिपाठी की धर्मपत्नी श्रीमती देवेंद्र देवी त्रिपाठी ने बाबा विश्वनाथ मंदिर परिसर में श्री राम दरबार की स्थापना की प्रथम वर्षगांठ पर अखंड पाठ का आयोजन कर आज भंडारे का आयोजन किया जिसमें चंद्र प्रकाश त्रिपाठी राजेश त्रिपाठी बृजेश त्रिपाठी गणेश त्रिपाठी योगेश त्रिपाठी मुकेश त्रिपाठी बाबा विश्वनाथ आरती मंडल सहित समस्त श्रद्धालुओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया सैकड़ों लोगों ने भंडारे का स्वाद चखा।

## ईश्वर कर्म के आधार पर देते हैं फल : आचार्य सत्यपाल चेतन्य

**समधन, समृद्धि न्यूज़।**

श्रीमद भागवत कथा के चौथे दिन आचार्य ने भक्तों को बताया कि मनुष्य को अपने जीवन में अच्छे कर्म करने चाहिए तभी उसका व उसके परिवार का कल्याण सम्भव हो सकता है।

क्षेत्र के ग्राम अनीभोज में ग्रामीणों के आर्थिक सहयोग से चल रही सात दिवसीय श्रीमदभागवत कथा के चौथे दिन जनपद मैनपुरी के कुरावली से आये आचार्य सत्यपाल चेतन्य ने भगवान शिव शंकर भोलेनाथ व मां पार्वती विवाह व ध्रुव की लीला का भक्तों को रसपान कराते हुऐ कहा कि भगवान भाव के भूखे होते हैं और आगे कहा कि ईश्वर सर्वव्यापी है उन्हें कई तलाशने की



जरूरत नहीं है वहां हम सबकी आत्मा में विराजमान हैं जो लोग यह सोचते हैं कि हम अच्छे बुरे कर्म कर रहे ईश्वर कुछ देख नहीं रहा है ऐसा नहीं इस कलयुग में कर्म के आधार पर फल मिलता है उन्होंने भक्तों को बताया कि बुराई का त्याग करके अच्छाई की रास्ता अपनाने का काम करें तभी भला हो सकता है उन्होंने आगे कहा मनुष्य के लिये सबसे घातक है अहंकार करना जिसने भी अहंकार किया उसका एक न एक दिन विनाश होना तय है इसलिए ग़लत कार्य करने से बचें और अच्छे कार्य करके समाज में अपना नाम रोशन करने का प्रयास करें।

इस अवसर पर सन्तराम सिंह, अशोक कुमार, अभिनेन्द कुमार, रामप्रकाश, नितिन यादव, पेशकार सिंह, प्रमोद कुमार पाल, नाहर सिंह, दीपक कुमार, अभिनीत कुमार, करूटे, सुदीप कुमार आदि महिलाओं सहित सैकड़ों भक्तगण मौजूद रहे।

## अवैध देशी तमंचे के साथ युवक गिरफ्तार



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत सौरिख थानाध्यक्ष जयप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में पुलिस ने अभियुक्त अभयराम (38) पुत्र रामौतार निवासी ग्राम मालिकपुर थाना सौरिख को एक अदद देशी अवैध तमंचा 12 बोर मय एक अदद खोखा कारतूस 12 बोर के साथ नगला भूढा की तरफ से खडिनी मलिकपुर मार्ग पर गिरफ्तार किया। बरामदगी के आधार पर थाना सौरिख पर मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया।

## श्री अयोध्या धाम में हुई प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर सुंदरकांड व भंडारे का किया गया आयोजन

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

विगत वर्ष श्री अयोध्या धाम में भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम की प्रार्थना प्रतिष्ठा के प्रथम वर्षगांठ पर शहर में सुंदरकांड का पाठ प्रसाद वितरण किया गया

श्री अयोध्या धाम में भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने पर श्रद्धालुओं द्वारा बृजेश मेडिकल स्टोर के पास



सुंदरकांड पाठ जिसकी आरती पूर्व राज्य मंत्री विधायक श्रीमती अर्चना पांडे द्वारा की गई प्रसाद वितरण में हजारों लोगों ने प्रसाद चखा डॉक्टर डॉक्टरप्रत्यूष दुबे चेयरमैन मनोज दुबे मूलन तिवारी अंकुर दिक्षित टीटू अग्निहोत्री ब्लू दीक्षित डॉक्टर अंजू दुबे डॉक्टर अनुपम दुबे बृजेश चतुर्वेदी राजेश चौबे सौरभ तिवारी विष्णु स्वरूप रजनीश दुबे विनोद चौबे प्रमोद दुबे हेमंत सुभाष दुबे तन्नू आदि सैकड़ों श्रद्धालुओं ने सुंदरकांड श्रवण कर भंडारे का प्रसाद चखा।

## विभिन्न मामलों में वांछित वारंटी को पुलिस ने दबोचा

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु कोतवाली पुलिस ने विभिन्न आपराधिक मामलों में वांछित चल रहे तीन वारंटी को दबोचा। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन में चलाए गए अभियान के तहत उप निरीक्षक श्याम पाल सिंह ने बीते मंगलवार को मिरगांव निवासी वीरेंद्र पुत्र राम कुशवाहा, दिहुली निवासी विश्राम पुत्र राम भरोसे को गिरफ्तार किया। वहीं नौरंगपुर चौकी प्रभारी मोहनलाल ने डिल्यिाभूड निवासी मानसिंह पुत्र गोवर्धन राठौर को गिरफ्तार कर लिया है। जिसके बाद पुलिस ने वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत, पिता ने हत्या की जताई आशंका

- ठठिया थाना क्षेत्र के खानपुर गांव का मामला
- पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।**

ठठिया थाना क्षेत्र के खानपुर गांव में मंगलवार की रात एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को मेडिकल कॉलेज की मोर्चरी में रखवा



मेडिकल कॉलेज में मोर्चरी हाउस के बाहर बैठे मृतका के परिजन

दिया। बुधवार की सुबह परिजनों के आने के बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

केतवाली क्षेत्र के अलीनगर गांव निवासी राकेश कुमार ने बताया कि उसने अपनी पुत्री संतोषी की शादी 21 जुलाई 2024 को ठठिया थाना क्षेत्र के खानपुर गांव निवासी धीरज पुत्र किशन पाल के साथ की थी। शादी के कुछ समय बाद ही ससुरालीजन उसकी पुत्री को प्रताड़ित करने लगे थे। मंगलवार की शाम खानपुर गांव निवासी एक ग्रामीण ने उसको फोन करके उसकी पुत्री की मौत की जानकारी दी थी।

जब वह खानपुर गांव पहुंचा, तो ससुरालीजनों ने उसको पुत्री का शव नहीं देखने दिया। परिजनों की सूचना पर ठठिया थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को मेडिकल कॉलेज की मोर्चरी में रखवा दिया।

मामले में ठठिया थानाध्यक्ष विजय सिंह ने बताया कि बुधवार की सुबह पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों की तहरीर मिलने के बाद ही विधिक कार्रवाई की जाएगी।

मेजर एस.डी.सिंह पी.जी.आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल-फतेहगढ़









# खाकी बनी हैवान, श्रद्धालु महिला पुरुषों को लाठियों से जमकर पीटा

- पुलिस की पिटाई में आधा दर्जन से अधिक महिला व पुरुष श्रद्धालु घायल
- शमशाबाद-शाहजहांपुर मार्ग पर घंटों जाम में फंसे रहे श्रद्धालु व वाहन चालक
- भीड़ ने सीओ व एसडीएम से खींचतान की अभद्रता, लगे पुलिस मुर्दाबाद के नारे
- ढाईघाट पर पहनावन पहनाने आये थे श्रद्धालु, घटना से श्रद्धालुओं में रोष

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

ढाईघाट स्थित गंगा नदी पर रामनगरिया मेले का आयोजन चल रहा है। माघ मेले को देखते हुए यहां श्रद्धालुओं का आना जाना रहता है। श्रद्धालुओं द्वारा मनोकामनायें पूर्ण होने पर श्रद्धा के अनुसार चढ़ावन ओर पहनावन किए जाने का कार्य जारी है। सुरक्षा के लिहाज से गंगा नदी तथा अलग-अलग क्षेत्रों गस्त व्यवस्था जारी है। बताया गया है कि बुधवार को थाना मिर्जापुर जनपद शाहजहांपुर के ग्राम बेहटा निहाल रहमादादपुर से एक परिवार के दो ट्रालियों से 60-70 लोग महिला पुरुष श्रद्धालु जो मनोकामना पूर्ण होने पर गंगा मैया को पहनावन पहनाने के लिए ढाईघाट शमशाबाद आए थे। बताते हैं जिस वक्त गंगा नदी में नाव के जरिए श्रद्धालुओं द्वारा पहनावन पहनाई जा रही थी उसी दौरान गस्तरत पुलिसकर्मियों क्रमशः शाहजहांपुर-फर्रुखाबाद द्वारा श्रद्धालुओं पर लाठीचार्ज कर दिया गया। बताया गया है विवाद इतना बड़ा की पुलिस पीएसी के जवानों द्वारा महिला पुरुष श्रद्धालुओं के साथ बेरहमी से मारपीट की गई। श्रद्धालुओं के पीएसी व पुलिस के द्वारा महिला व पुरुष तथा बच्चों की लाइन लगाकर बर्बरतापूर्वज पिटाई की गई। पुलिस की इस बर्बरता में सनोज कुमार पुत्र अमर



पुलिस से धक्का मुक्की करते उत्तेजित लोग

सिंह निवासी बेहटा निहाल थाना मिर्जापुर जिला शाहजहांपुर घायल हो गया। जिसका पैर टूट गया, जबकि अन्य लोगों में बादाम सिंह पुत्र अवध बिहारी के अलावा मंजू पत्नी स्वदेश, विपिन पुत्र सुरेशचंद्र, लौंगृश्री, माया देवी पत्नी अवध बिहारी, रानी पत्नी अमर सिंह, गुड्डी देवी पत्नी अंकेश कुमार, रीता देवी के अलावा ममता देवी व उनका देवर उदयवीर तथा सोनम नामक युवती सहित एक दर्जन से अधिक श्रद्धालुओं के साथ बर्बरतापूर्वक लाठीचार्ज व अभद्रता की गई। जिसके बाद श्रद्धालु उत्तेजित हो गए और पुल पर घायल को चारपाई पर लिटाकर जाम लगा दिया। श्रद्धालु इतने ज्यादा उग्र हो गए कि उन्होंने पुल पर जाम लगा दिया। देखते ही देखते दोनों जनपदों की सीमाओं में लंबा चौड़ा जाम लग गया जो कि लगभग 4 किलोमीटर से अधिक का था। ये जाम लगभग 4 घंटे से अधिक देर तक लगा रहा।

सबसे बड़ी बात यह थी जाम में फंसने वाले आम लोग व श्रद्धालु बेहाल हो गए। पुलिस प्रशासन व्यवस्थाओं को बहाल करने की बजाए आनंद के गोते लगा रहा था। श्रद्धालुओं के अनुसार पहनावन के लिए आए सभी श्रद्धालुओं से अभद्रता की गई। पुलिस के इस क्रूर रवैए को लेकर श्रद्धालु तरह-तरह की चर्चाएं कर उन्हें कोस रहे थे। बताया गया है पुलिस कर्मियों की पिटाई से सनोज कुमार घायल हो गये। बताते हैं पिटाई से सनोज कुमार का पैर टूट गया। आम श्रद्धालुओं का कहना था पुलिस प्रशासन को यहां आम श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए लगाया गया या फिर बर्बर व्यवहार के लिए। वहीं जाम की सूचना पर पहुंचे उच्चाधिकारियों के साथ उग्र ग्रामीणों ने खींचातानी कर पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद के नारे भी लगाए। श्रद्धालुओं को मनाने के लिए पहुंचे एसडीएम कायमगंज रविन्द्र कुमार, सीओ संजय सिंह, तहसीलदार विक्रम सिंह, कायमगंज कोतवाल रामौतार की मानमनौव्वल के बावजूद भी उत्तेजित ग्रामीण जाम खोलने के लिए तैयार नहीं हुए। जिसके बाद एसडीएम कायमगंज ने घायल श्रद्धालुओं से आरोपित पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्यवाही के आश्वाशन पर जाम खुलवाया जा सका। घायलों को पुलिस द्वारा उपचार हेतु भेज दिया गया है।

**बोले जिम्मेदार**

एसडीएम कायमगंज ने बताया कि थाना मिर्जापुर जनपद शाहजहांपुर के ग्राम बेहटा निहाल रहमादादपुर से कुछ लोग गंगा स्नान करने आये थे। वह बीच में गंगा स्नान करने चले गये। जिस पर कांस्टेबिल हरीश कुमार ने जब उन्हें रोका, तो वह कांस्टेबिल के साथ हाथापायी करने लगे। साथ ही फ्लड पीएसी कैंप पर धावा बोल दिया। पुलिस ने जब बल का प्रयोग किया, तो पुल पर जाम लगा दिया। अधिकारियों ने समझा बुझाकर जाम खुलवाया। तब कहीं यातायात सुचारु हो सका। एसडीएम ने कहा कि मामले की जांच करायी जायेगी और एसपी एसपी को सौंपी जायेगी।

# रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु



श्रीराम जानकी का सजा मंदिर

**फरुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ नगर के मंदिरों व घरों में धूमधाम से मनायी गयी। इस दौरान मंदिरों में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। कई जगह भंडारों का भी आयोजन किया गया।

बुधवार को अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार श्रीरामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा का दिन था। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर में भगवान राम के दर्शन करने पहुंचे। कई लोगों ने घरों में भी प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ का उत्सव मनाया।

साथ ही सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। वहीं कई भक्तों ने अयोध्या नगरी में पहुंचकर राम दरबार में माथा टेंका और सर्व मंगल की कामना की। नगर के कोतवालेश्वर मंदिर में भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और भगवान राम के दर्शन किये तथा माथा टेंका। इसके अलावा नगर के समस्त मंदिरों में भक्तों ने पहुंचकर पूजा अर्चना की। वहीं घरों में भी रामलला की वर्षगांठ धूमधाम से मनायी गयी। भक्तों ने भगवान को भोग लगाया तथा सुख समृद्धि की कामना की। मंदिरों में पूरे दिन भक्तों का तांता लगा रहा। उत्साही भक्तों ने भगवा कलर की झंडियों को अपनी-अपनी छतों पर लगाया और रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में भजन गीत बजाये।

**नगर में कई स्थानों पर हुआ भंडारा**



भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते भक्तगण

श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर फतेहगढ़ चूड़ी वाली गली में सुंदरकांड पाठ का आयोजन व भंडारा भारतीय उद्योग व्यापार मंडल युवा कमेटी की तरफ से आयोजित किया गया। जिसमें लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। उक्त भंडारा जिला युवा अध्यक्ष संदेश अग्रवाल, जिला युवा महामंत्री प्रबल माहेश्वरी, फतेहगढ़ नगर अध्यक्ष रविकांत गुप्ता, अजय गुप्ता, रिंकू गुप्ता, राजा सक्सेना, अनीश बॉथम, प्रियांश, शिवम, दीपू, सरवन, सोनू गुप्ता, संजय रस्तोगी, अंकेश अग्रवाल, बिनु पंडित इत्यादि लोगों के सहयोग से आयोजित किया गया। इस मौके पर पूरी चूड़ी वाली गली फूल-मालाओं से सजाई गई और बहुत ही धूमधाम से भगवान श्री राम के वर्षगांठ को मनाया गया। इसके अतिरिक्त बढ़पुर में भी भंडारा का आयोजन किया गया।

# 26 जनवरी को सातों ब्लॉकों में निकलेगी ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा : अजय कटियार

**फरुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय किसान यूनियन की मासिक बैठक का आयोजन जिला कार्यालय स्थित नेकपुर चौरासी पर किया गया। इस अवसर पर बुंदेलखंड कानपुर जोन के उपाध्यक्ष प्रभाकांत मिश्रा ने कहा कि नव नियुक्त जिला अध्यक्ष के नियुक्त होने पर अभी तक जो भी कार्यक्रम हुए हैं वह सफल रहे हैं और आगे भी सफल होंगे। उन्होंने कहा कि रामनगरिया जिसको हम मिनी कुंभ भी कहते हैं वहां पर किसानों के लिए भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने शिविर का आयोजन किया है। जिसका शुभारंभ 29 जनवरी को किया जाएगा। जो भी किसान हमारे दूर-दूर से आते हैं उनके लिए ठहरने और खाने की व्यवस्था की जाएगी। जिला अध्यक्ष अजय कटियार ने कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व और प्रदेश नेतृत्व ने हमारे ऊपर जो विश्वास जताया है और हमें जिला अध्यक्ष से मनोनीत किया है हम उस पद की गरिमा रखेंगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय आह्वान पर एवं संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर 26 जनवरी को



बैठक के दौरान मौजूद जिलाध्यक्ष अजय कटियार व अन्य पदाधिकारीगण

ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा का आयोजन जिले के समस्त ब्लॉक में शांतिपूर्ण तरीके से किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि रामनगरिया मेला पांचाल घाट में किसान शिविर का आयोजन भी गत वर्षो की भांति किया जा रहा है। तिरंगा यात्रा को लेकर उन्होंने कहा कि बढ़पुर ब्लॉक एवम ब्लॉक कमालगंज की संयुक्त तिरंगा यात्रा में बुंदेलखंड कानपुर जोन के उपाध्यक्ष प्रभाकांत मिश्रा स्वयं जिला अध्यक्ष एवं बढ़पुर ब्लॉक के अध्यक्ष शिवराम शाक्य और विजय सिंह शाक्य के नेतृत्व में ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा बघार नाले से सेंट्रल जेल चौराहा होते हुए मसैनी चौराहा, आवास विकास होते हुए जिला कार्यालय नेकपुर चौरासी पर सम्पन्न होगी। राजेपुर ब्लॉक में जिला उपाध्यक्ष अशोक यादव, जिला सचिव कृष्ण गोपाल मिश्रा, युवा जिला अध्यक्ष कुलदीप अवस्थी, युवा जिला उपाध्यक्ष शिवेन्द्र अवस्थी, संजीव सोमवंशी के नेतृत्व में अमृतपुर से राजेपुर तिराहे से मुख्य बाजार में और राजेपुर में ब्लॉक अध्यक्ष अनीस सिंह सोमवंशी के नेतृत्व में राजेपुर तिराहे से मुख्य बाजार होते हुए डबरी निबिया होते हुए राजेपुर में सम्पन्न होगी। मोहम्मदाबाद ब्लाक में ब्लॉक अध्यक्ष संजय यादव के नेतृत्व में रोहिला चौराहा से मुख्य बाजार होते हुए अशोका कोल्ड स्टोरेज पर सम्पन्न होगी। नवाबगंज और शमशाबाद में सम्मिलित तिरंगा यात्रा प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद शाक्य, कानपुर मंडल उपाध्यक्ष लक्ष्मी शंकर जोशी, जिला मीडिया प्रभारी मुकेश शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष बब्लू खटीक के नेतृत्व में प्रदेश उपाध्यक्ष के घर से बाईपास होते हुए मुख्य बाजार में घूमकर प्रदेश उपाध्यक्ष के घर के पास सम्पन्न होगी। इसी प्रकार कायमगंज ब्लॉक में जिला उपाध्यक्ष ब्रजेश गंगवार, ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप यादव के नेतृत्व में कंपिल बाजार में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की रूपरेखा की रूप रेखा बनाने के उपरांत मासिक बैठक का समापन किया गया। इस अवसर पर कृष्ण गोपाल मिश्रा, अशोक यादव, मुकेश शर्मा, अभय यादव, विजय शाक्य, युवा जिला अध्यक्ष कुलदीप अवस्थी, शिवेन्द्र अवस्थी, ब्लॉक मोहम्मदाबाद अध्यक्ष संजय यादव, बढ़पुर ब्लॉक अध्यक्ष शिवराम शाक्य, सदर तहसील अध्यक्ष मदन सिंह, सत्यराम राजपूत, संजीव सोमवंशी, रजनी तिवारी, मुन्नी शुक्ला, रामेश्वरी मिश्रा, आयु मिश्रा, सुरेश बाबू, दिनेश पांडेय, राज तिवारी, राजेश, सुभाष, प्रेमचंद, रक्षपाल सिंह, मुन्ना, राधेश्याम, पुष्पेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# पुलिस की छापेमारी में भारी मात्रा में ड्रेगन डोर बरामद, महिला हिरासत में



बरामद चाईनीज मांझा व हिरासत में महिला

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली पुलिस द्वारा अभियुक्ता को अवैध चाइनीज मॉंझा बेचते हुये गिरफ्तार किया गया। जिसके पास से एक बोरी में कुल 49 कोन अवैध चाइनीज मांझा व 110 पैकेट चाइनीज मांझा पैकेट प्रत्येक में 10 लच्छे कुल 1100 लच्छे बरामद हुये। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर अभियुक्ता उपरोक्त के विरूद्ध कोतवाली फर्रुखाबाद पर मु0अ0सं0 06/2025 धारा-125, 271, 272 बीएनएस व धारा 5/15 पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया। अभियुक्ता द्वारा बताया गया कि मार्केट में चाइनीज मांझे की ज्यादा डिमाण्ड है। इसे बेचने पर काफी मुनाफा होता। इस दौरान कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजीव पाण्डेय, उप निरीक्षक यतेन्द्र सिंह चौकी प्रभआरी तिकोना, विजय कुमार चौकी प्रभारी पल्ला, कांस्टेबिल अंकित पवार, कांस्टेबिल मनोज कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर निकाली गई शोभायात्रा



शोभायात्रा निकालते भक्तगण

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।**

नगर पंचायत कंपिल में प्रभू श्रीराम की शोभायात्रा निकाली गई। पुष्पों की वर्षा से माहौल भक्तिमय हो गया। शोभायात्रा में जय श्री राम, भारत माता की जय के उद्घोष व डीजे के भजनों ने युवाओं में जोश भर दिया।

अयोध्या धाम में प्रभू श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नगर के रामलीला मैदान से श्रीराम की शोभायात्रा का आरंभ हुआ। शोभायात्रा कंपिल बाईपास से होती हुई सिवारा मार्ग से पट्टी मदारी पहुँची। महिलाओं व पुरूषों ने प्रभू श्रीराम के स्वरूप की आरती कर विश्व कल्याण की प्रार्थना कर आशीर्वाद लिया। नगर मुख्य मार्ग से शोभायात्रा चौराहे पर पहुँची। वहाँ भक्तों के द्वारा राहगीरों को प्रसाद वितरण किया गया। माथे पर चंदन का लेप गले में जय श्रीराम लिखें अंगवस्त्र और डीजे पर बजते भजनों ने युवाओं को थिरकने पर मजबूर कर दिया। जय श्रीराम, मोदी-योगी जिंदाबाद, भारत माता की जय के नारों ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। जिसके बाद शोभायात्रा गंगा मार्ग से होती हुई रामेश्वरनाथ शिव मंदिर पहुँची। लोगों ने शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। भाजपा नेता निशांत गुप्ता ने बताया कि अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ है। यह दिन महान संतों व बलिदानियों की त्याग तपस्या और संघर्ष के बाद आया है। यह मंदिर हमारी संस्कृति व अध्यात्म की महान धरोहर है। इस दौरान विवेक शुक्ला, बबलू शुक्ला, विनय शुक्ला, भूरे श्रीवास्तव, सत्यम वर्मा, रजनेश वर्मा, अवनीश शाक्य, भूरे श्रीवास्तव, आलोक राजपूत, सुरेंद्र सैनी, धर्मेंद्र यादव, अंकित गंगवार आदि सौकड़ों की संख्या में सनातनी मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### ईओ का आदेश बेसर, नौ दिन बाद भी नहीं हटा तालाबों से कब्जा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नवाबगंज नगर पंचायत क्षेत्र में तालाबों पर अवैध रूप से कब्जा जमाए 13 लोगों को अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत अखिलेश कुमार ने मौके पर जाकर नोटिस थमाये थे और तालाबों पर अवैध कब्जा छोड़ने के लिए 9 दिन का समय दिया था, लेकिन अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत का आदेश बेसर साबित हुआ है। निर्धारित समय सीमा बीतने के बाद भी तालाबों से अवैध कब्जा नहीं हटा है। जब इस बाबत ईओ से जानकारी करनी चाही, तो कई बार फोन करने के बाद भी फोन नहीं उठाया। तब इसके बाबत एडीएम सुभाषचंद्र प्रजापति से जानकारी की गई, तो उन्होंने बताया की अधिशासी अधिकारी किसी मीटिंग में व्यस्त है और उनसे बात की जाएगी, लेकिन तालाबों पर अतिक्रमण हटाना तहसील के कर्मचारियों का काम है।

### मानसिक रूप से विक्षिप्त युवक को बंधक बनाकर पीटा

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के मोहल्ला मीरा दरवाजा निवासी बलबीर पुत्र स्वर्गीय गया प्रसाद ने साजिद उर्फ पप्पू तथा साजिद उर्फ पप्पू के पुत्र एवं परिवार के अन्य लोगों के खिलाफ थाना पुलिस को तहरीर देकर कहा 21 जनवरी की शाम 6 बजे के करीब कुछ लोगों ने सूचना देकर बताया कि उसके पुत्र को जाति विशेष समुदाय के लोगों द्वारा बंधक बनाकर पीटा जा रहा है। पीड़ित के अनुसार जब मौके पर जाकर देखा तो आरोपी पुत्र के साथ लाठी-डंडों से मारपीट कर रहे थे। विरोध करने पर आरोपी आक्रोशित हो गए और जाति सूचक गाली-गलौज करते हुए मारपीट पर आमादा हो गए। राहगीरों ने किसी तरह मेरे पुत्र को बचाया। पीड़ित ने पिता-पुत्र तथा परिजनों के खिलाफ शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की।

### गाली-गलौज का विरोध करने पर दबंगों ने पीटा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** तहसील कायमगंज क्षेत्र के गाँव आजमनगर निवासी जयवीर पुत्र हन्सराम ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है कि बीते दिनों अपने घर के दरवाजे के सामने धूप में बैठा था, तभी गाँव के रामनरेश पुत्र रामचन्द्र व सुखदेव पुत्र राम नरेश व अनूप उर्फ रिंकू पुत्र कृपाल सिंह, अतुल उर्फ जयवीर पुत्र नेमसिंह उपरोक्त अपने हाथों में लाठी-डन्डे लेकर जयवीर के दरवाजे पर आये और गन्दी-गन्दी माँ बहिन की गालियां देने लगे। जयवीर ने गाली देने से मना किया, तो मारपीट पर आमादा होकर लात-घूसों व लाठी- डन्डों से मारपीट करने लगे। जिससे जयवीर के हाथ पैरों में और शरीर में खुली व बन्द चोटें आई हैं। जयवीर के भतीजे सनोज पुत्र रामवीर बचाने आये, तो उनको भी लाठी-डंडों से मारापीटा। जिससे भतीजे के सिर व हाथ पैरों में खुली व बन्द चोटें आईं। उपरोक्त लोग मारपीट करने के बाद जान से मारने की धमकी देकर चले गये।

# बीडीओ ने नवनिर्मित गौशाला का किया निरीक्षण



गौशाला का निरीक्षण करते बीडीओ

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

अमृतपुर में काफी समय से बन रही गौशाला का विकास खंड अधिकारी सुनील कुमार ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सचिव आशुतोष दुबे को जल्द से जल्द गौशाला को सुचारू रूप से संचालन करने के निर्देश दिये। विकास खंड अधिकारी ने बताया जल्द ही गौशाला का संचालन शुरू कर क्षेत्र की जो छूटे गोवंश है उनको जल्द से जल्द गौशाला में लाया जाएगा। जिससे क्षेत्रीय किसानों को काफी राहत होगी। इस मौके पर प्रधान अमृतपुर सचिन देव तिवारी, एडीओ पंचायत अजीत पाठक, प्रधान बलीपट्टी रानीगांव सुमित शुक्ला आदि लोग उपस्थित रहे।

# बीडीओ ने आवास सत्यापन योजना के प्रति ग्रामीणों को किया जागरुक

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

विकास खंड अधिकारी ने ग्राम पंचायत में आवास सत्यापन योजना के तहत लोगों को जागरुक किया।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र की कई ग्राम पंचायत में विकास खंड अधिकारी सुनील श्रीवास्तव ने ग्राम सचिवों के साथ आवास सर्वे योजना को लेकर ग्रामीणों को जागरूक किया।

ग्राम सचिव ने ग्रामीण जनता को बीडीओ के माध्यम से बताया कि वह केवाईसी आज करवा लें। जिसके बाद भी यदि केवाईसी नहीं कराई गई तो कई लाभों व योजनाओं से वंचित रह जाएंगे। सत्यापन योजना के तहत विकास खंड अधिकारी सुनील श्रीवास्तव ने ग्राम सचिव प्रमोद शुक्ला, अनुपम बाजपेई, बांदा प्रसाद,



ग्रामीणों को जागरुक करते बीडीओ

नियोजन विभाग से इन्दल बाबू तथा अन्य ब्लाक कर्मचारियों व ग्राम प्रधान, पंचायत सहायक के साथ बीडीओ के माध्यम से जनता को गली-गली जाकर जागरूक किया। वहीं विकास खंड अधिकारी ने विकास खंड कार्यालय पर पहुंचकर आवश्यक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कनिष्ठ सहायक राज भारती से उपस्थिति पंजिका को चेक किया। जिसमें वरिष्ठ सहायक आलोक दीक्षित, एकाउंटेंट वीरेंद्र कुमार, तकनीकी सहायक राघवेंद्र सिंह, मनोज कुमार, विनय सिंह आदि को अनुपस्थित देखकर उन्होंने कार्रवाई करने की बात कही।

## कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का हुआ शुभारंभ



कलश यात्रा निकालते भक्तगण

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत मई हादीदादपुर में ग्राम पंचायत वासियों ने कलश यात्रा निकालकर श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ कराया।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत मई हादीदादपुर में ग्राम प्रधान सुमित कुमार शाक्य तथा ग्रामीण जनता के साथ कलश यात्रा का शुभारंभ किया गया। श्रीमद् भागवत कथा के शुभारंभ के दौरान जनपद कासगंज के बाहरपुर से आई शास्त्री ममता शाक्य तथा परीक्षित कृष्ण पाल साहब ने कलश यात्रा निकालकर सभी ग्रामीणों के सहयोग से श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ कराया। इस मौके पर ग्राम प्रधान सुमित कुमार शाक्य, परीक्षित कृष्णपाल सिंह, भागवत कथा शास्त्री ममता शाक्य तथा ग्राम पंचायत के सभी ग्रामीण जनता ने सहयोग किया। लोगों ने श्रीमद् भागवत कथा में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

# एनजीओ प्रभारी ने वाहनों पर लगाये रेडियम




रेडिमय लगाते एनजीओ प्रभारी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के ढमढेरा गांव से आगे कोल्ड स्टोरेज के पास एनजीओ प्रभारी प्रदीप वर्मा द्वारा आने जाने वाले वाहनों पर रेडियम लगाकर दुर्घटना से बचने के लिए अभियान चलाया गया। कई वाहनों पर एनजीओ प्रभारी प्रदीप वर्मा ने संयुक्त टीम द्वारा वाहनों पर रोड सेफ्टी सुरक्षा के चलते वाहन चालकों को नियम का पाठ पढ़ाया। उन्होंने होने वाली दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए धीमी गति से वाहन चलाने के लिए वाहन चालकों को जागरूक किया। वाहन चलाते समय सीट बेल्ट एवं रात में वाहन चलाते समय डिपर का प्रयोग करने के लिए कहा। उन्होंने इस सम्बन्ध में कई नियम बताए। रोड पर चलते समय हज़ारों दुर्घटनाएं होती रहती हैं। कुछ वाहन चालक अपने ट्रैक्टर या बड़े वाहनों पर इंडीकेटर तथा पार्किंग लाइट, बैक लाइट नहीं जलाते हैं न ही उनमें लगी हैं। उनसे रात में चलने वाले लोग कोहरे में दुर्घटना के शिकार हो जाते हैं। दुर्घटना से सुरक्षित रहने के लिए पीछे से वाहन चलाते समय कोहरे में सौ मीटर पहले वाहनों पर लगे रेडियम की चमक से चालक को पता चल जाता है कि आगे वहां कोई अन्य वाहन चल रहा है। जिससे दुर्घटना होने से बचा जा सकता।

# इटावा व फर्रुखाबाद की जीएसटी टीमों ने तम्बाकू गोदाम पर पकड़ीं अनियमितताएं

- प्यारे ट्रेड्रिग कम्पनी पर लगाया 20,500/- रुपये का जुर्माना

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

इटावा व फर्रुखाबाद जीएसटी टीम ने संयुक्त रुप से तम्बाकू गोदामों पर छापेमारी कर तम्बाकू की लकड़ी का भौतिक सत्यापन किया। साथ ही मौजूद अभिलेख भी देखे।

जानकारी के अनुसार बुधवार को इटावा जीएसटी टीम के एसआई वी0के0, डिप्टी कमिश्नर शैलेन्द्र कुमार और फर्रुखावाद जीएस टीम विभाग के असिस्टेन्ट कमिश्नर अनुरुद्ध राय की टीम ने कायमगंज क्षेत्र के ग्राम लालबाग मे प्यारे ट्रेंड्रिग कम्पनी की तम्बाकू गोदाम मे छापा छापा मारा। छापेमारी की खबर से तम्बाकू कारोबारियों में हड़कंप मच गया। लोग गोदामों में ताला लगाकर फरार हो गये। जीएसटी टीम ने तम्बाकू की लकड़ी का भौतिक सत्यापन किया और मौजूद स्टाक का अभिलेखों से मिलान किया। जाँच के दौरान पाया गया कि 4000 किलो ग्राम माल में अनिमितता पाई गई। जीएसटी टीम ने प्यारे ट्रेड्रिग कम्पनी पर 20,500/- रुपये का जुर्माना लगाया।



अभिलेखों की जांच करती टीम

# ट्रेन की चपेट में आने से बालिका की मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

पैसेन्सर ट्रेन की चपेट में आने से शौचक्रिया करने जा रही बालिका की मौत हो गयी। सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गाँव तुर्कललैया निवासी अंजली उम्र 15 वर्षीय पुत्री लालाराम सुबह 7 बजे घर से शौचक्रिया करने खेत पर जा रही थी। भटासा रेलवे स्टेशन की पश्चिमी केबिल के निकट से गुजर रही थी। उसी समय कायमगंज की ओर से आने वाली पैसेन्जर ट्रेन की चपेट में आकर उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना पाते ही परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जॉच पड़ताल कर मृतका के शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। वहीं ग्रामीणों की चर्चा के अनुसार किशोरी को आंख से कम दिखता था तथा कान से भी कम सुनाई देता था।



रोते बिलखते मृतका के परिजन

## कार-बाइक भिड़ंत में बाइक सवार घायल

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** कमालगंज थाना क्षेत्र के भोजपुर बघार पेट्रोल पंप के पास फोर व्हीलर व मोटरसाइकिल की जबरदस्त टक्कर हो गई। जिसमें बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके से गुजर रहे राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस को बताया कि बाइक सवार के सिर में चोट है। मौके पर पुलिस चौकी भोजपुर के दीवान संजय कुमार व रामकुमार दीवान घटनास्थल पर तुरन्त पहुंचे और गम्भीर बाइक सवार को सीएचसी कमालगंज में 108 एम्बुलेंस को बुलाकर नाशिर पुत्र दबीर निवासी ग्राम पंचायत समधन थाना गुरसहायगंज का मूल निवासी हैं। वहीं पुलिस ने कार तथा बाइक को हिरासत में ले लिया।

# सपाइयों ने छोटे लोहिया जनेश्वर मिश्र को पुण्य तिथि पर दी श्रद्धांजलि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी महानगर ने छोटे लोहिया जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित किये। महानगर अध्यक्ष राघव दत्त मिश्रा की अध्यक्षता में उनके आवास बजरिया शालिग्राम में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। संचालन नगर महासचिव रजत क्रांतिकारी ने किया। सभी ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। महानगर अध्यक्ष राघव दत्त मिश्रा ने कहा कि जनेश्वर मिश्र हम सभी के प्रेरणा स्रोत हैं। उन जैसा नेता ना भारत में कभी पैदा हुआ था ना आगे कभी होगा। जनेश्वर मिश्र ने सदैव गरीबों, किसानों एवं मजदूरों की आवाज को उठाया और मजबूत किया। उन्होंने कहा कि पिछड़ों और कमजोरों की आवाज बुलंद करना है, तभी जनेश्वर मिश्र को सच्ची श्रद्धांजलि होगी और 2027 में पुनः बहुमत के साथ अखिलेश यादव के नेतृत्व में प्रदेश में सरकार बनेगी। उन्होंने पीडीए को मजबूत करने की बात कही। महंत राजूदास ने मुलायम सिंह यादव के लिए जो टिप्पणी की है, वह निदंनीय है। जिसकी महानगर अध्यक्ष राघव दत्त मिश्रा ने निंदा की।



जनेश्वर मिश्र के चित्र पर पुष्प अर्पित करते सपाई

जिला महासचिव जहान सिंह लोधी ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा जनेश्वर जैसा नेता सदियों में पैदा होता है। प्रदेश सचिव युवजन सभा प्रवेश कटियार ने कहा कि जनेश्वर मिश्र के पदचिन्हों पर हम सबको चलना चाहिए। इस मौके पर ओम प्रकाश शर्मा, वीना शर्मा, अमित यादव, कुलदीप भारद्वाज, खुर्शीद खां, नितिन मिश्रा, आशीष यादव, गौरव सक्सेना, रिंकू यादव, हरिओम सक्सेना, निधि मिश्रा, ऋषि अवस्थी आदि लोग मौजूद रहे।

**वहीं** सपा कार्यालय आवास विकास पर जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि मनायी गई। जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने श्रद्धांजलि अर्पित कर अपने विचार व्यक्त किये। संचालन जिला महासचिव इलियास मंसूरी ने किया। इस मौके पर मीडिया प्रभारी विवेक सिंह यादव, अशोक अंबेडकर, बंटी यादव, साजिद अली खान, शैलेश अवस्थी, अरुण मिश्रा, अरविंद मिश्रा, सोनू बाजपेई, अतुल मिश्रा, जितेंद्र सिंह यादव सिरोली, रामपाल सिंह यादव, राजन यादव, शिवशंकर शर्मा, नितिन पांडे, धीरज मिश्रा, नंदकिशोर दुबे, रजत मिश्रा, अनुज पांडे, अजय यादव आदि लोग मौजूद रहे। इस मौके पर जिलाध्यक्ष ने शैलेश अवस्थी को जिला सचिव मनोनित किया।

# मेला रामनगरिया में सेवा पांचाल नगरी कैम्प का शुभारम्भ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मेला रामनारिया में सेवा पांचल नगरी का सेवा कैम्प का उद्घाटन दुर्वासा ऋषि आश्रम के महंत ईश्वरदास महाराज व डायट प्राचार्य अनुपम अवस्थी ने फीता काटकर किया। अध्यक्षता कर रहे ईश्वर दास महाराज ने कि सेवा ही सबसे बड़ी जीवन की पूंजी है, मनुष्य इस पर विचार करें और लोगों की सेवा करें। मुख्य अतिथि डायट प्राचार्य अनुपम अवस्थी ने कहा कि इस तरीके से कैम्प से युवाओं में सेवा करने की जागृत पैदा होती है। सेवा पांचाल नगरी लगातार समाज में सहासिक कार्य कर रही है। विशिष्ट अतिथि निहारिका पटेल ने विचार व्यक्त किये। संचालन वैभव सोमवंशी ने किया। संरक्षक जगदीश प्रसाद वर्मा, रोहित दीक्षित ने भी अपने विचार रखे।



उद्घाटन करते ईश्वरदास महाराज

इस मौके पर आचार्य चन्द देव शास्त्री, संदीप आर्य, नितिन गुप्ता, शिवम मिश्रा, वैभव सक्सेना, शिवम मिश्रा, संजीव बाथम, दीपक बाथम, अनुराग कनौजिया, सुमित कुमार, निशु कटियार, आतिश, केशव कुशवाह, रचना, आकाश सोमवंशी आदि मौजूद रहे। धन्यवाद राहुल वर्मा ने ज्ञापित किया।

# एमआईसी में साइबर क्राइम जागरुकता कार्यशाला का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

म्युनिसिपल इंटर कॉलेज फतेहगढ़ में साइबर क्राइम रोकने के लिए जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।

बुधवार को म्युनिसिपल इंटर कॉलेज फतेहगढ़ में प्रधानाचार्य लेफ्टिनेंट की गिरिजाशंकर की अध्यक्षता में साइबर क्राइम रोकने के लिए जागरुकता कार्यशाला का आयोजन हुआ। फतेहगढ़ कोतवाली निरीक्षक सत्यप्रकाश वर्मा द्वारा एनसीसी कैडेट्सों को जागरुक किया गया। संचालन शिक्षक दिनेश चन्द्र ने किया।




छात्रों को जानकारी देते उपनिरीक्षक

शिक्षक विश्वप्रकाश दीक्षित ने साइबर क्राइम के बारे में छात्रों को जानकारी दी। कोतवाली निरीक्षक सत्यप्रकाश वर्मा ने कहा कि साइबर मतलब इंटरनेट और क्राइम मतलब अपराध होता है। आज के समय में हर एक व्यक्ति जो इंटरनेट का उपयोग करता हैं उसको साइबर क्राइम से सबंधित समस्त जानकारी प्राप्त अवश्य होनी चाहिए, क्योंकि इससे वह साइबर क्राइम से खुद को बचा सकता हैं और एक जागरूक इंटरनेट यूजर बन सकता हैं। वहीं प्रधानाचार्य लेफ्टिनेंट गिरिजाशंकर ने बताया कि साइबर क्राइम का मतलब है इंटरनेट के जरिए ठगी करना। आजकल साइबर क्राइम करने वाले लोग तरह-तरह के हथकंडे अपना कर लोगों को इंटरनेट के जरिए ठगते हैं। जिसमें हम सभी को जागरूक होने की आवश्यकता है। अगर कोई ओटीपी मांगता है तो बिना पूरी जानकारी करे न दें। जिससे साइबर क्राइम की ठगी से बचा जा सकें। अगर कोई परेशान करें तो 1930 पर कॉल कर सकते है। इस अवसर पर लगभग 250 छात्र तथा 32 एनसीसी कैडेट्स के ने भाग लिया। इस मौके पर उप निरीक्षक अखिलेश कुमार यादव, शिक्षक प्रबल प्रताप सिंह, निरुक्त मिश्रा, मयंक रस्तोगी, प्रदीप कुमार जायसवाल, अशोक कुमार कठेरिया, शिवेंद्र आदि उपस्थित रहे।

# पांच कर्म करने वाला मनुष्य देवत्व को प्राप्त करता है : आचार्य चन्द्रदेव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आर्य प्रतिनिधि सभा के तत्वावधान में मेला श्रीरामनगरिया में चल रहे वैदिक क्षेत्र में चरित्र निर्माण शिविर में प्रातःकाल यज्ञ किया गया। आचार्य चन्द्रदेव शास्त्री ने बताया कि पांच कर्म करने वाला मनुष्य देवत्व को प्राप्त करता है।

ओम् का ध्यान, वेदों का ज्ञान, यज्ञ का अनुष्ठान, सुसंस्कारी संतान और राष्ट्रहित बलिदान। ये पाँच कर्म केवल मनुष्य ही करता है, इसीलिए मनुष्य संसार का सर्वश्रेष्ठ प्राणी है। मनुष्य का प्रथम कर्तव्यकर्म ईश्वर की भक्ति है क्योंकि ईश्वर की भक्ति से ही शक्ति प्राप्त होती है।

हमारे शरीर के प्रत्येक अवयव में ईश्वर की शक्ति विद्यमान है। आंखों में देखने की शक्ति, कानों में श्रवण करने की शक्ति आदि इन्द्रियां ईश्वर की शक्ति से ही कार्य करती हैं। इसलिए मनुष्य का कर्तव्य है कि वो मन की पवित्रता और बुद्धि की शुद्धि से ईश्वर का साक्षात्कार करे। पण्डित धनीराम बेधड़क ने बताया कि यज्ञ संसार का सर्वोत्तम कर्म है, जिसे करके मनुष्य मनोवांछित फल की प्राप्ति कर सकता है। यज्ञ रूपी कल्पवृक्ष के पास बैठने से हर शुभ मनोकामना पूर्ण होती है। कु0 उदिता आर्या ने कहा कि करो हवन से प्यार अमृत बरसेगा। पण्डित शिवनारायण आर्य, पण्डित राजेश आर्य आदि ने मधुर भजनों की प्रस्तुति दी। संचालन स्वामी महेन्द्रानंद ने किया। सभा में उत्कर्ष आर्य, उदयराज आर्य, हरिओम शास्त्री, शिशुपाल आर्य, रत्नेश द्विवेदी, रेनू आर्या, ऋतु आर्या, उपासना कटियार आदि उपस्थित रहे।




प्रवचन करते धनीराम बेधड़क

# श्रीराम मंदिर की प्रथम प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर भण्डारा सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

श्रीराम मंदिर के प्रथम प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ के उपलक्ष मंदिरों घाटों पर श्रद्धालु उमड़े। आध्यात्मिक उत्साह और खुशी के साथ उत्सव मनाया गया।

शंखों की मधुर आवाज, पूजा की घंटियों की लयबद्ध झंकार और मंत्रों से वातावरण गूंज उठा। सुबह से ही भक्तगणों ने गंगा स्नान किया। पूजा अर्चना के साथ सुख समृद्धि व स्वास्थ्य की कामना की। कवन सो काज कठिन जग माहि जो नहीं होता साथ तुम पाही से गूंज पांचाल घाट पर श्री राम मंदिर के प्रथम प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में श्री चिंतामणि सुंदर कांड पाठ समिति ने मेला श्री रामनगरिया में तीसरी सीढ़ी के सामने वांप्रस्थ आश्राम में सुंदरकांड का पाठ एवं महा आरती के साथ कन्या भोज एवं भंडारे का आयोजन किया।



भण्डारे में भोज करते साधु-संत

इस मौके पर अध्यक्ष ब्रजकिशोर सिंह, नवीन कौशल, घनश्याम बाजपेई, प्रशांत सिंह, कमलेश दीक्षित, निर्मल दीक्षित, अनुपम तिवारी, अनूप मिश्रा, अजीत वर्मा आदि ने सहयोग किया।

# सेंट्रल यूनिवर्सिटी वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता के लिए शिवानी का हुआ चयन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कायमगंज क्षेत्र के गांव उलियापुर इजौर गांव की छात्रा शिवानी का आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी वेट लिफ्टिंग में चयन हुआ है। शिवानी ने 45 किलो भार वर्ग में सफलता पाई है। फरवरी में हिमाचल प्रदेश में सेंट्रल यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता होगी। छात्रा की सफलता पर भारोत्तोलन संघ व कालेज प्रशासन ने खुशी जताई है। लक्ष्मी यदुनंदन डिग्री कालेज की कक्षा बीए फाइनल की छात्रा शिवानी ने अक्टूबर माह में कानपुर विश्वविद्यालय में हुए चयन ट्रायल में नार्थ ईस्ट जोन वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया था। जिसमें उन्होंने सफलता पायी, और चयन हुआ। 20 से 21 जनवरी को पंजाब प्रांत के लवली प्रोफेशलन यूनिवर्सिटी में आयोजित की गई थी। जिसमें शिवानी ने दसवा स्थान प्राप्त कर आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी में चयन हुआ। यह प्रतियोगिता अब 14 से 17 फरवरी को हिमाचल प्रदेश के सेंट्रल यूनिवर्सिटी आयोजित की जाएगी। आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी में चयनित होने पर विश्वविद्यालय कानपुर भारोत्तोलन टीम कोच सरवेन्द सिंह, टीम मैनेजर आशी वर्मा, जिला भारोत्तोलन संघ के सचिव पंकज यादव, एलवाई डिग्री कालेज के भारोत्तोलन कोच सत्यपाल सिंह चौहान व कालेज ने खुशी जाहिर की है।



प्रतियोगिता के लिए चयनित छात्रा शिवानी

# कबड्डी में स्टेडियम टीम ने एस0पी0 स्पोर्ट्स को किया पराजित



विजेता टीम के साथ मौजूद आयोजनकर्ता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिला स्तरीय कबड्डी जूनियर बालक वर्ग की प्रतियोगिता का आयोजन स्व0 ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम फतेहगढ़ में हुआ। प्रतियोगिता का शुभारम्भ सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी विजेन्द्र नाथ चौधरी व जिला पूर्ति कल्याण अधिकारी संतोष कुमार ने कबड्डी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर तथा टॉस कराकर किया। पहला मैच मदनपुर बनाम मुबारिकपुर की टीम के मध्य खेला गया। जिसमें मदनपुर टीम ने मुबारिकपुर को 09-26 के अन्तर से पराजित किया। दूसरा मैच राजेपुर एवं स्टेडियम के मध्य खेला गया। जिसमें 21-12 के अन्तर से स्टेडियम ने राजेपुर की टीम को पराजित किया। तीसरा मैच एस0पी0 स्पोर्टस एवं कायमगंज के मध्य प्रतियोगिता में 24-05 के अन्तर से एसपी स्पोर्टस ने कायमगंज को परास्त किया। चौथा मैच में मोहम्मदाबाद ने 15-05 अंक से नवाबगंज को परास्त किया। प्रथम सेमीफाइनल मैच में शहीद देवानन्द स्पोर्ट्स मोहम्मदाबाद को स्टेडियम की टीम ने 31-23 के अन्तर से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। द्वितीय सेमीफाइनल मैच में मोहम्मदाबाद एवं एस0पी0 स्पोर्टस की टीम के मध्य खेला गया। जिसमें एस0पी0 स्पोर्टस ने मोहम्मदाबाद को 21-08 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मैच के मुकाबले में स्टेडियम की टीम ने एस0पी0 स्पोर्ट्स की टीम को 50-34 के अन्तर से पराजित कर कबड्डी प्रतियोगिता के विजेता बने। प्रतियोगिता में अम्पायर, निर्णायक, सहायक की भूमिका में संजीव कटियार, कुलदीप यादव, अरुन कुमार, सुभाष चन्द्र, सपना यादव, अभिषेक शाक्य, विमलेश कुमार, नागेन्द्र सिंह, सत्यम मिश्रा, अथक पटेल, युवा कल्याण अधिकारी अनुराग कुमार व शुभम सिंह मौजूद रहे।

# शिक्षकों ने डीआईओएस कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ खोला मोर्चा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ की आपात बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार को समाप्त करने का निर्णय जनपद इकाई के पदाधिकारियों व शिक्षकों ने लिया। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में लिपिक प्रेमचन्द्र यादव एवं मनोज मिश्रा द्वारा जिलाध्यक्ष प्रवेश शाक्य एवं जिला मंत्री यादवेन्द्र सिंह परिहार से अभद्र व्यवहार किया। जिसकी घोर निंदा का प्रस्ताप पास किया गया।

मण्डल अध्यक्ष महिपाल सिंह ने कहा कि दोनों लिपिक 3 बजे कार्यालय छोड़कर कानपुर चले जाते है। जिस कारण शिक्षकों की समस्यायें जैसी की तैसी बनी रहती है। लिपिकों की मदद के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक ने नियमविरुद्ध बाबू अटैच कर दिया है जो गलत है। तत्काल इस बाबू को हटाकर मूल विद्यालय भेजा जाये।



हाथ उठाकर विरोध प्रदर्शन करते शिक्षक

जिलाध्यक्ष प्रवेश शाक्य ने कहा कि कार्यालय में बायोमैट्रिक मशीन लगायी जाये। जो कि महानिदेशक का निर्देश है, तीन माह बीत जाने के बाद बॉयोमैट्रिक मशीन जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में नहीं लगायी गई है। शासन से मांग है कि शीघ्र इस निर्णय का पालन जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा कराया जाये। जिला मंत्री यादवेन्द्र सिंह परिहार ने कहा कि पुरानी पेंशन निर्धारण हेतु पांच पत्रावलिया भेजी थी। जिनका कार्य नहीं हो रहा है।

दोनों लिपिकों को लेकर शिक्षकों ने कार्यवाही की मांग की। ऐसा न हुआ तो पदाधिकारी आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। साथ ही एक दिवसीय जिला विद्यालय कार्यालय पर धरना दिया जायेगा। इस मौके पर सुखराम सिंह, बृजनन्दन, शैलेन्द्र कुशवाहा, सुब्रत शाक्य, बीएस त्यागी, अविलाश शंखवार, कौशलेन्द्र प्रताप सिंह, अमर सिंह, संजीव कुमार आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# महिला मोर्चा पांचाल घाट की अध्यक्ष बनी माला कटियार

▸ **जिलाध्यक्ष सोनी शुक्ला ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का किया स्वागत**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उद्योग व्यापार मण्डल महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सोनी शुक्ला की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई।

जिलाध्यक्ष सोनी शुक्ला ने अध्यक्षता करते हुए कहा कि महिलाओं की समस्यायें सुनना एवं व्यापारी महिलाओं को जोड़ना संगठन का उद्देश्य है। उन्होंने कमेटी का विस्तार करते हुए पांचाल घाट का अध्यक्ष माला कटियार को बनाया। उपाध्यक्ष गीता कटियार, सपना कश्यप, शालिनी राठौर, पूनम राठौर, सीमा शाक्य बनी। महामंत्री श्यामलता कुशवाहा को बनाया। मंत्री प्रीती शाक्य, किरन राठौर, राधा राठौर को बनाया गया। संगठन मंत्री की जिम्मेदारी बबली को मिली। कोषाध्यक्ष अनामिका कटियार बनी। मीडिया प्रभारी राजश्री को बनाया। सदस्य सीमा राठौर, किरन, पप्पी कुशवाहा को बनाया गया। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस मौके पर जिला महामंत्री हेमलता मिश्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सीता भदौरिया, कोषाध्यक्ष यशोदा सिंह आदि लोग मौजूद रहे।



स्वागत के दौरान मौजूद पांचाल घाट कमेटी की महिलाएं

# अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू रक्षा मंच कार्यालय के उद्घाटन के साथ हुआ खिचड़ी भोज



श्रद्धालुओं को खिचड़ी भोज कराते संगठन के लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मेला श्री रामनगरिया पांचालघाट पर अंतर्राष्ट्रीय हिंदू रक्षा मंच के कैंप कार्यालय का उद्घाटन एवं खिचड़ी भोज समारोह का आयोजन हुआ।

दुर्वासा ऋषि आश्रम के महंतश्री ईश्वरदास ब्रह्मचारी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष आचार्य विवेकानंद ने मेला श्रीराम नगरिया में अंतर्राष्ट्रीय हिंदू रक्षा मंच के कैंप कार्यालय का उद्घाटन किया। आयोजक जिलाध्यक्ष विपिन अवस्थी व महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सुमन राजपूत एवं समस्त हिंदू रक्षा मंच की टीम रही। संरक्षक महंत ईश्वरदास ब्रह्मचारी ने कहा कि हम सब बहुत भाग्यशाली हैं जो कि पतित पावनी मा गंगा जी की गोद में रहते हैं और सबसे बड़ी बात यह है कि सनातन धर्म में जितने भी देवी देवता हुए हैं हमारे भारत भूमि पर जन्में हैं। जिसकी वजह से आज हमारा सनातन धर्म की ध्वजा विश्व के कोने कोने में लहराती रही है। साथ ही खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष विपिन अवस्थी ने सभी आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। अतुल अग्निहोत्री को जिला प्रभारी का दायित्व सौंपा गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सचिव बबिता पाठक, विद्याराम पांडेय, हेमलता मिश्रा, आलोक भारती, रेखा सिंह, अभिषेक मिश्रा, श्रद्धा दुबे, स्नेहलता अग्निहोत्री, डॉ0 रूबी चतुर्वेदी, वंदना पाल, शीतल सक्सेना, बिटाना चौहान, हिमांशु गुप्ता, महेश बाबू अग्निहोत्री, नन्हें पंडित, सुधीर अवस्थी, रमला राठौर, ज्ञानेंद्र सिंह, वैभव सोमवंशी, संजीव बाथम, अनुराग कनोजिया, सत्यम मिश्रा, ऋचा अवस्थी, आशुतोष अवस्थी, विपिन चौहान, अथर्व पाठक आदि मौजूद रहे।

# अंकुश कश्यप को हस्तशिल्प पुरस्कार से मुख्यमंत्री करेंगे सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

हस्तशिल्प एक जिला एक उत्पात के तहत फर्रुखाबाद के बेटे अंकुश कश्यप को सराहनीय कार्य के उत्तर प्रदेश दिवस के उपलक्ष्य में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा सम्मानित किया जाएगा ।

उत्तर प्रदेश सरकार की विशिष्ट हस्तशिल्प पुरस्कार योजना के अंतर्गत अंकुश कश्यप को बुडन प्रिंटिंग ब्लाक में एक जिला एक उत्पात के लिए उत्तर प्रदेश दिवस के उपलक्ष्य पर लखनऊ के अवध शिल्पग्राम सभागार में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हाथों सम्मानित किया जाएगा। युवा बुडन प्रिंटिंग हस्तशिल्प कारीगर अंकुश कश्यप ने बताया कि यह कार्य उन्हें विरासत में मिला है। इससे पहले उनके दादा, पिता एवं अन्य परिवारीजन इसी कार्य को दशकों से करते चले आ रहे अपने पिता की देखरेख में ही उनकी इस कार्य के प्रति रूचि बढ़ती गई और इसी कार्य को उन्होंने अपना हुनर बना लिया और हस्तशिल्प कला में निपुण होता हो गया। अंकुश का कहना है कि अपने जिले का नाम आगे बढ़े इसके लिए वह पूरी आत्मीयता से कार्य कर रहे है। अंकुश ने इस सम्मान के लिए विभाग राज्य व केंद्र सरकार का हृदय से आभार कर कहा कि सरकार की इस योजना से हस्तशिल्पियों को एक नई पहचान मिली है और वह इस प्रतिद्वंदी युग में अपने आपको स्थापित कर पा रहे हैं और समय के साथ चल रहे है।



अंकुश कश्यप

# सपा अधिवक्ता सभा ने की महंत राजूदास के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी के संस्थापक एवं पूर्व रक्षामंत्री तथा पूर्व मुख्यमंत्री स्व0 मुलायम सिंह यादव के ऊपर बीते दिन अयोध्या के महंत राजू दास हनुमानगढ़ के सोशल मीडिया एकाउन्ट से स्व0 नेता जी के प्रति अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुये टिप्पणी की गई। समाजवादी अधिवक्ता सभा के जिलाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह यादव के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने राज्यपाल सम्बोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंप कर महंत राजूदास के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। ज्ञापन में दर्शाया कि सभी आस्थावान समर्थकों की भवनाओं को काफी ठेस तथा आघात पहुँचा है। जिससे समाज में अशान्ति तथा अराजक्ता का महौल बिगाड़ने का कार्य किया है। सभी समाजवादी पार्टी अधिवक्ता सभा के अधिवक्तागण एवं कार्यकर्ता मांग करते है कि महंत राजूदास के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया जाये। इस मौके पर अधिवक्ता देवेन्द्र सिंह यादव, सुनील कनौजिया, अमरजीत कश्यप, अचल प्रताप सिंह, प्रमोद दिवाकर आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।



नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते अधिवक्ता

## सूचना

मेरे पुत्र के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम KASHMIRA BEGAM व जन्मतिथि 01.07.1962 दर्ज हो गयी है। जबकि मेरा वास्तविक नाम SAMIRA व जन्मतिथि 01.07.1958 है। SAMIRA M/o of Army No-3002178X, रैंक-हवलदार, परवीन मोहम्मद, यूनिट आर.आर.सी. फतेहगढ़, निवासी-ग्राम/पोस्ट भगानी (54), तहसील-पाँवटा साहिब, जिला-सिरमौर, हिमांचल प्रदेश-173025, द्वारा शपथ पत्र नंबर- IN-UP60799560745071X दिनांक- 22.01.2025 फतेहगढ़ कोर्ट.

# नौसेना की झांकी में दिखेंगे दो युद्धपोत व वाग्शीर

▸ दिल को छू लेने वाली और पैर थिरकाने वाली धुनें बजाएगा बैंड

समृद्धि न्यूज

**नई दिल्ली।** कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड में इस बार भारत के समुद्री हितों की रक्षा करने में सक्षम 144 नौसैनिक कंधे से कंधा मिलाकर मार्च करेंगे। नौसेना की इस मार्चिंग टुकड़ी को दो महीने से अधिक का विशेष प्रशिक्षण दिया गया है।नौसेना की झांकी में स्वदेशी फ्रंटलाइन जहाजों आईएनएस सूरत, आईएनएस नीलगिरी और पनडुब्बी आईएनएस वाग्शीर को दिखाया जायेगा, जिन्हें हाल ही में भारत के समुद्री बेड़े में शामिल किया गया है। इसके अलावा नौसेना बैंड गर्व और सम्मान के साथ दिल को छू लेने वाली और पैर थिरकाने वाली धुनें बजाएगा।



मार्चिंग टुकड़ी के कमांडर लेफ्टिनेंट कमांडर साहिल अहलूवालिया ने बताया कि इस बार भाग लेने वाली नौसेना टुकड़ी में 144 युवा कार्मिक शामिल होंगे, जो ऐतिहासिक कर्तव्य पथ पर कंधे से कंधा मिलाकर मार्च करेंगे। टुकड़ी के सदस्यों की औसत आयु 25 वर्ष है।

इन कर्मियों को भारतीय नौसेना की सभी शाखाओं से चयनित करके दो महीने से अधिक का विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। टुकड़ी का नेतृत्व प्लाटून कमांडर के रूप में लेफ्टिनेंट कमांडर इंद्रेश चौधरी, लेफ्टिनेंट कमांडर काजल भारवी और लेफ्टिनेंट दिविंदर कुमार करेंगे। उन्होंने बताया कि नौसेना की मार्चिंग टुकड़ी भी लघु भारत का प्रतिनिधित्व करती है, जिसमें 17 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के अधिकारी और नाविक शामिल हैं। गणतंत्र दिवस परेड देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, विविधता, सैन्य कौशल और तकनीकी प्रगति को प्रदर्शित करती है। भारतीय नौसेना के युद्ध के लिए तैयार, विश्वसनीय, एकजुट और भविष्य के लिए तैयार बल होने के दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए परेड और बीटिंग रिट्रीट में भाग लेने वाले सभी कर्मी आत्मनिर्भरता के माध्यम से समुद्री सुरक्षा के लिए भारतीय नौसेना की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करेंगे।

### मजबूत नौसेना की जरूरत का ज्वलंत चित्रण होगी झांकी

देश के हितों की रक्षा के लिए गौरव और प्रतिबद्धता से भरे इतिहास के साथ भारतीय नौसेना की झांकी मजबूत राष्ट्र के लिए मजबूत नौसेना की आवश्यकता का एक ज्वलंत चित्रण होगी। भारतीय नौसेना अपनी बहुआयामी संपत्तियों के साथ भारत के समुद्री हितों की रक्षा करने के लिए कभी भी, कहीं भी और भारत के विकास, गौरव और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करने के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध है। झांकी में स्वदेशी फ्रंटलाइन जहाजों आईएनएस सूरत, आईएनएस नीलगिरी और पनडुब्बी आईएनएस वाग्शीर को दर्शाया जायेगा, जिन्हें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 जनवरी को मुंबई में नौसेना के बेड़े में शामिल किया था। झांकी के कमांडर लेफ्टिनेंट कमांडर ममता सिहाग और लेफ्टिनेंट विपुल सिंह गहलोत होंगे।

### नौसेना बैंड में 80 संगीतकार होंगे शामिल

भारतीय नौसेना बैंड का नेतृत्व एम. एंटनी राज, एमसीपीओ संगीतकार प्रथम श्रेणी करेंगे तथा जिसमें 80 संगीतकार शामिल होंगे। यह सभी गर्व और सम्मान के साथ परेड में दिल को छू लेने वाली और पैर थिरकने को मजबूर करने वाली धुनों का प्रदर्शन करेंगे। नौसेना का यह बैंड 29 जनवरी को गणतंत्र दिवस समापन समारोह के प्रतीक बीटिंग रिट्रीट में विजय चौक पर कई नई रचनाएं पेश करके प्रभावशाली प्रदर्शन करेगा। बैंड में पहली बार छह महिलाएं शामिल हो रही हैं।

# दस लाख महिलाओं को प्रशिक्षण देने के बाद आपदा सखी बनाने की तैयारी

समृद्धि न्यूज



**देहरादून।** मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने आपदा प्रबंधन विभाग को प्रदेश में 65000 से अधिक महिला स्वंय सहायता समूहों की 10 लाख से अधिक महिलाओं को आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण देकर उन्हें आपदा सखी बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि आपदा सखी आपदाओं के दौरान ग्राम और तहसील स्तर पर राहत व बचाव कार्यों में सहायता करेंगी। इसके अलावा उन्होंने आपदा जोखिम को कम करने के लिए बीमा योजना को लागू करने को भी कहा।

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सचिवालय में आपदा जोखिम न्यूनीकरण पर सेन्डई (जापान) फ्रेमवर्क क्रियान्वयन की समीक्षा की। बैठक में मुख्य सचिव ने आपदा जोखिम आंकलन के लिए प्रशिक्षित अधिकारियों की कमी के मुद्दे को गंभीर बताया। उन्होंने कहा कि आपदा से प्रभावित क्षेत्रों और गांवों में जोखिम आंकलन के लिए तत्काल मास्टर ट्रेनर को प्रशिक्षण देकर तैयार किया जाए। कहा कि आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में अन्य देशों व राज्यों के मॉडल को अपनाने के बजाय विशेष परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए उत्तराखंड केंद्रित आपदा प्रबंधन मॉडल तैयार किया जाए। कहा कि आपदा प्रबंधन विभाग आपदाओं से निपटने, राहत व बचाव के लिए फ्रेमवर्क तैयार करें। फ्रेमवर्क में एनजीओं, सिविल सोसाइटी, सामाजिक संस्थाओं व निजी विशेषज्ञों के सुझाव भी शामिल किए जाए। मुख्य सचिव ने आपदा जोखिम न्यूनीकरण में बीमा योजना की कार्य योजना बनाने में ढिलाई पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने स्पष्ट किया कि आपदा सवेंदनशील राज्य में जरूरतमंदों को बीमा योजना से बड़ी मदद मिल सकती हैं। उन्होंने विभाग को इस विषय पर गंभीरता से विचार कर प्रभावी पहल करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने प्राथमिक विद्यालय स्तर से विद्यार्थियों के पाठयक्रम में आपदा प्रबंधन विषय को शामिल करने के निर्देश भी दिए। इसके साथ ही सैनिक कल्याण विभाग को पूर्व सैनिकों की जानकारी जुटाने को कहा। उन्होंने कहा कि पूर्व सैनिकों को आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण देने के बाद आपदाओं के दौरान स्थानीय स्तर पर उनका सहयोग लिया जाए। मुख्य सचिव ने आपदा संवेदनशील क्षेत्रों में हल्के निर्माण कार्यों को प्राथमिकता देने को कहा।

## सपा ने मनाई छोटे लोहिया जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि



**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय लोहियाट्रस्ट पर छोटे लोहिया के नाम से विख्यात, समाजवादी चिंतक जनेश्वर मिश्र की 15वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर पदाधिकारियों व नेताओ ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा उन्होंने गरीब और शोषित लोगों के लिए हमेशा संघर्ष किया। यही वजह है कि आज भी उन्हें उनके समाजवाद के लिए याद किया जाता है। इलाहाबाद विश्वविद्यालय से कला वर्ग में स्नातक किया। वहां रहकर उन्होंने पढ़ाई की और जल्द ही छात्र राजनीति से जुड़ गए। उन्होने कहा जनेश्वर मिश्र के पदचिन्हो पर चलकर संकल्प ले समाजवादी पार्टी को जनपद में मजबूत बनाने का काम करेंगे। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक यादव, आशीष यादव, दामोदर मौर्या, सुरेन्द्र सिंह पटेल, झल्लू यादव, रोहित शुक्ला, कन्हैया यादव, सतीश मिश्रा, अरशद अली, आकाश यादव, राजकुमार यादव, गुड्डू यादव, दुर्गा सिंह, अनीश खान, आदि मौजूद रहें।

## महिला आयोग की सदस्य ने सुनी समस्या

**मिर्जापुर।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य नीलम प्रभात की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागार में महिला जनसुनवाई हुई। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी के रूप में नगर मजिस्ट्रेट, उप जिलाधिकारी सदर व क्षेत्राधिकार सदर तथा जिला प्रोबेशन अधिकारी उपस्थित रहे। महिला जनसुनवाई में सदस्य के समक्ष 13 प्रकरण प्राप्त हुए जिसका निस्तारण किए जाने हेतु सदस्य द्वारा संबंधित अधिकारी व विभाग को निर्देशित किया गया। राज्य महिला आयोग के सदस्य द्वारा विगत माह की जनसुनवाई में प्राप्त 21 प्रार्थना पत्रों के निस्तारण की समीक्षा की गई तथा उपस्थित अधिकारीगण को निर्देशित किया गया कि महिला जनसुनवाई में प्राप्त प्रार्थना पत्रों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करते हुए अवगत कराये। जनसुनवाई में महिला थानाध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, वन स्टाफसेंटर चाइल्ड हेल्पलाइन जिला बाल संरक्षण इकाई के कर्मचारी व पुलिस विभाग के कार्मिक आदि उपस्थित रहे।

# 3.5 लाख की बाइक चोरी करने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज

**चुनार (मिर्जापुर)।** जिले के चुनार थाना क्षेत्र के केटीएम आर सी 200 मॉडल यूपी 65 सी एस 8952 सरस्वती हॉस्पिटल स्टेशन रोड चुनार से गायब हो गई थी। पुलिस ने 3 लाख 50 हजार की चोरी गई बाइक व चोर को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार बाइक मालिक शहवाज हाशमी पुत्र अतहर हाशमी निवासी मुहल्ला दरगाह शरीफ चुनार ने बताया कि रात्रि हॉस्पिटल में पत्नी की डिलीवरी होने वाली थी जिससे बाहर गाड़ी खड़ी कर हॉस्पिटल के अंदर गया हुआ था । इसी दौरान चोर ने गायब कर दिया काफी खोजबीन किया पर पता नहीं चला। सुबह 17 जनवरी को चुनार थाने में जाकर गाड़ी की एफआईआर दर्ज करवाया। पुलिस ने सेटलमेंट एरिया काशीराम आवास के मोड के पास से विकास कुमार बनवासी 20 वर्ष पुत्र श्याम देव बनवासी निवासी मोहल्ला फुलवरिया थाना चुनार मिर्जापुर को बाइक संग जाते हुए दिखाई दिया जिस पुलिस हल्का इंचार्ज राजेश रमण राय व राजेश कुमार कांस्टेबल जगदीश गोड ने घेराबंदी कर बाइक सहित पकड़ लिया और थाने लाया।

चुनार कोतवाल रविंद्र भूषण मौर्य ने बताया कि 16 व 17 की रात बाइक चोरी गई जिसकी कीमत करीब 3 लाख पच्चास हजार के आस पास है। चोर संग गिरफ्तार कर लिया गया है। रात्रि अकेला गाड़ी देख लाक तोड़कर गाड़ी को चोरी कर लिया था कोतवाल ने बताया कि अभी यह पहली गाड़ी चोरी किया है। अग्रिम कार्रवाई करते हुए चोर को जेल भेज दिया।

## खबरें एक नजर में

### डीपीआरओ ने अंत्येष्टि स्थल निर्माण स्थल का निरीक्षण किया



**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।** जिला पंचायत राज अधिकारी संतोष कुमार द्वारा विकास खण्ड छानने के हरगढ़ में अंत्येष्टि स्थल निर्माण हेतु स्थल का निरीक्षण किया गया। मानक एवं गुणवत्ता में कार्य करने हेतु निर्देश दिया गया। विकास खंड हलिया में ग्राम पंचायत नौगवा में आरआरसी, ई रिक्शा, विंध्य स्वच्छता प्रतिष्ठान संचालित न होने, ग्राम पंचायत में कराए गए कार्यों का कोई अभिलेख न रखना, रोस्टर के अनुसार सचिवालय पर न बैठने, जन्म मृत्यु, आय, जाति, परिवार रजिस्टर, एवं विकास कार्यों में लापरवाही मिली। सचिव आलोक भारती, एवं ग्राम पंचायत में सफाई कार्यों में रुचि न लेने हेतु सफाई कर्मी को निलंबित करने एवं सहायक विकास अधिकारी पं को नोटिस निर्गत करने हेतु निर्देश दिया।

### पानी की निकासी न होने से 25 एकड़ खेत में भरा पानी

**अहरौरा (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** अहरौरा बाध से निकली पटिहटा माइनर पर सिंचाई विभाग की लापरवाही के कारण लगभग पचास एकड़ गेहूं की सिंचाई नहीं हो पा रही है। वही पानी की निकासी कुछ किसानों के बंद कर देने से लगभग 25 एकड़ गेहूं के खेत में पानी भरा गया है। फसल बर्बाद होने की आशंका से किसान सहमे हुए हैं। शेखवाँ गांव के किसान डा. जयशंकर मौर्य ने बताया कि शेखवा गांव की सिंचाई पटिहटा माइनर से होती है। माइनर से निकली नाली मिट्टी पट गई है। सिंचाई विभाग नाली की खुदाई नहीं कराई गई। पूर्व ग्राम प्रधान भरत मौर्य ने बताया कि इस साल गांव के एक किसान ने अपने खेत से पानी निकासी पर रोक लगा दिया है। जिससे लगभग पच्चीस एकड़ गेहूं की खेत में पानी भर गया है। पानी की निकासी न होने से गेहूं की फसल बर्बादी की कगार पर पहुंच गया है। किसानों ने सिचाई विभाग के अधिकारियों से खेतों से पानी निकासी की व्यवस्था कराने की मांग की है।

### बीमा उद्योग ने 1.72 लाख करोड़ के दावों का किया निपटारा



**नई दिल्ली, समृद्धि न्यूज।** लाखों करोड़ों लोगों और उनके व्यवसायों को सुरक्षा प्रदान करने वाले बीमा उद्योग को अक्सर ऐसी परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है जो इसकी कोशिशों पर प्रश्नचिह्न लगाती रहती हैं। हाल के कुछ मीडिया रिपोर्ट्स ने फिर से आलोचनाओं का दौर शुरू कर दिया है। यह एक महत्वपूर्ण प्रश्न उठाता है कि क्या सनसनीखेज मुद्दों के बीच तर्क कहीं पीछे छूट जाता है इन रिपोर्ट्स के बारे में बहुत कुछ कहा गया है, लेकिन अब समय आ गया है कि हम इस मुद्दे पर गहराई से विचार करें और वास्तविकता को समझें। आईआरडीएआई की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, पिछले साल सामान्य बीमा उद्योग ने 1.72 लाख करोड़ रुपये दावों का निपटारा किया। इसमें से इसने स्वास्थ्य बीमा के लिए 80,000 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किया। इसके बावजूद जो लोग लाभान्वित होते हैं, वे शायद ही कभी खबरों में आते हैं। जबकि छिटपुट शिकायतें और अजीबोगरीब बुरे अनुभव पूरे उद्योग का चेहरा बन जाते हैं। इसके अलावा, बीमा उद्योग में दावा निपटान अनुपात 80 प्रतिशत से अधिक है। 20त्न दावे धोखाधड़ी या अस्वीकार्यता के कारण खारिज किए जाते हैं और फिर भी इस बारे में खूब हंगामा होता है। बीमा जनता का पैसा है, और बीमा कंपनियों को इस पैसे को जिम्मेदारी से संभालने के लिए सराहना मिलनी ही चाहिए।

### आईफोन पर भी काम करने लगा है ट्रूकॉलर



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** ट्रूकॉलर दुनिया में संचार का अग्रणी प्लेटफ़ॉर्म है, जिसने आज आईफ़ोन के लिए अब तक के सबसे बड़े अपडेट की घोषणा की है। इस नए अपडेट के बाद अब आईफ़ोन यूजर्स ट्रूकॉलर की स्पैम एवं स्कैम ब्लॉकिंग की पूरी क्षमता का लाभ उठा सकते हैं। एप्पल के लाइव कॉलर आईडी लुकअप फ्रेमवर्क की वजह से ही यह संभव हो पाया है, जिसे खास तौर पर ट्रूकॉलर जैसे ऐप्स के लिए विकसित किया गया है ताकि गोपनीयता बनाए रखते हुए लाइव कॉलर आईडी उपलब्ध कराई जा सके। ट्रूकॉलर के सीईओ, रिशित झुनझुनवाला ने कहा, हमें ट्रूकॉलर की पूरी क्षमता को आईफ़ोन के लिए पेश करते हुए बेहद खुशी हो रही है। हमें अपने आईफोन यूजर बेस में जबरदस्त संभावनाएं और बढ़ोतरी नजर आ रही है, और एंड्रॉइड की तरह ट्रूकॉलर का अनुभव प्राप्त करना उनके विश-लिस्ट में सबसे ऊपर रही है।

## घर से लापता मजदूर का पेड़ की डाली से लटकता मिला शव

**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के पुरजागीर गांव निवासी मंगलवार से गायब मजदूर का शव बुधवार को सुबह गांव मे बंद पड़े रेलवे लाईन के पास संदिग्ध परिस्थिति में आम के पेड़ से फांसी के फंदे के सहारे आम के पेड़ की डाली से लटकता पाया गया स ग्रामीणों की सूचना पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेंज दिया। 35 वर्षीय नन्हकू बिंद पुत्र स्व. लालचंद बिंद मजदूरी कर अपने परिवार का जीवको पार्जन करता था। चार पुत्री, एक पुत्र का पिता नन्हकू पांच भाइयों में दूसरे नबंर पर था। परिजनों के अनुसार मंगलवार को अचानक गायब हो गया था स जिसकी खोजबीन की जा रही थी। बुधवार को सुबह फंदे पर कटकते शव की सूचना मिली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के भेज मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

# चोरों ने पांच लाख रुपए का माल किया साफ, पुलिस ने शुरु की जांच

समृद्धि न्यूज

**मिर्जापुर।** लालगंज थाना क्षेत्र के लहंगपुर बाजार में मंगलवार की रात सर्राफा के दुकान का टीन शेड चांड़कर अंदर घुसे चोरों ने लगभग 5 लाख रूपये का माल पार कर दिया। सुबह सेक्युरिटी गार्ड दुकान खोलने पहुँचे तो सामने का दरवाजा अंदर से बंद था। गार्ड ने तत्काल अपने दुकान के मालिक को सूचित किया।

दुकान मालिक दुकान पर पहुंचकर पुलिस को सूचना दी। खुद बगल की दुकान के छत पर चढ़कर दुकान के पीछे जाकर देखा तो वह सन्न रह गया स उसके दुकान के टीन शेड उखड़ा हुआ था, और पीछे का दरवाजा भी खुला था। दरवाजे के अंदर घुस के देखा तो एक पलिया दरवाजा टूटा था और तिजोरी के रास्ते के दरवाजे का ताला टूटा था स चोरों ने किसी भारी वस्तु से दरवाजे को चाड़ दिया था। काफी मशक्कत से खोल अंदर जाकर देखा तो तिजोरी सुरक्षित थी, लेकिन काउंटर में रखे सामान गायब थे, सीसीटीवी कैमरा, डीवीडी प्लेयर का लाइट से कनेक्शन काट दिया गया है। काउंटर के पास रखी तिजोरी भी सुरक्षित है। पुलिस क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार सिंह के अनुसार दुकानदार राजकुमार सोनी ने पुलिस को तहरीर देकर चांदी का पायल, चांदी का बर्तन, ब्रासलेट, चांदी का सिक्का, नया व पुराना, चांदी की राखी, बचकानी, कड़ा व सोनेके सामान में मरम्मत के लिए रखे एक जोड़ी झाला, एक लॉकेट, एक सोने की काड़ी और 1000 नकदी गायब मिला। इन सबका वजन लगभग 3 किलो 500 ग्राम चांदी व पुराना सोने का सामान अज्ञात चोर उठा ले गए। पुलिस तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्जकर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। भदोही जिले के खम्हरिया कलां निवासी दुकानदार लहंगपुर बाजार में सराफा की दुकान खोले है।

## पूर्व सीएम मुलायम सिंह पर टिप्पणी से सपा में आक्रोश, दी तहरीर

**मैनपुरी ।** अयोध्या के हनुमानगढ़ी के पुजारी राजू दास के खिलाफ केस दर्ज कराने की मांग करते हुए सपा लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष ने शहर कोतवाली में बुधवार को तहरीर दी। साथ ही एएसपी सिटी को भी एक ज्ञापन दिया। कहा, कार्रवाई न होने पर आंदोलन किया जाएगा।सपा लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष रावल सिंह यादव ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी पर सपाइयों में आक्रोश बढ़ गया है। सोशल मीडिया पर टिप्पणी करने वाले पुजारी राजू दास अपने विवादित बयानों को लेकर अक्सर चर्चा में रहते हैं। मंगलवार को उन्होंने राजू दास हनुमानगढ़ी नामक आईडी से सोशल मीडिया पर पोस्ट डाली। प्रयागराज महाकुंभ में लगी सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव की मूर्ति, जिसे अखिलेश यादव की आईडी से साझा किया था। इस फोटो पर राजू दास ने मुलायम सिंह को लेकर अपशब्दों का प्रयोग किया।

# नई सर्किल दरों पर मिलेगा चार गुना मुआवजा

समृद्धि न्यूज

**मैनपुरी ।** घिरोर के ग्राम मोहब्बतपुर नाहिली के निकट केंद्र सरकार के निर्देश पर पावर ग्रिड कारपोरेशन सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना के लिए किसानों से जमीन नई सर्किल दरों के आधार पर ली जाएंगी। नई सर्किल दरों के हिसाब से चार गुना मुआवजा तय होगा।

जिला प्रशासन ने इस पर मंथन कर लिया है। अब किसानों से आखिरी वार्ता होना ही बाकी है। किसानों से वार्ता के बाद उनसे सहमति पत्र लिए जाएंगे। प्रशासन के अनुसार आगामी दो दिन में नई सर्किल दर लागू हो जाएंगी। घिरोर के ग्राम मोहब्बतपुर नाहिली के निकट की जमीन की जो भी सर्किल दर होंगी। उसी के आधार पर चार गुना मुआवजा राशि तय की जाएगी। प्रशासन का कहना है कि किसानों से जिस तिथि पर सहमति पत्र लिए जाएंगे। उस दिन लागू सर्किल दरों के आधार पर मुआवजा राशि तय होगी।बता दें कि 1500 से अधिक किसानों को मुआवजा देने के लिए कई बार प्रशासनिक स्तर पर किसानों की बैठक बुलाई जा चुकी है। पिछले दिनों हुई इसी प्रकार की बैठक में किसानों ने एलान कर दिया था कि उनको नई सर्किल दरों पर चार गुना मुआवजा राशि दी जाए। घिरोर के ग्राम मोहब्बतपुर नाहिली के निकट केंद्र सरकार के निर्देश पर पावर ग्रिड कारपोरेशन सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना कर रही है। इसके लिए 750 बीघा जमीन को अधिग्रहित करने की कार्रवाई की जानी है। इस प्रोजेक्ट के लिए जिन किसानों से जमीन लेकर अधिग्रहित की जानी है उन किसानों से वार्ता का दौर जारी है। डीएम अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि सर्किल रेट के चार गुना मुआवजा किसानों को मिलेगा। इसका शासनादेश भी है। 2025 की जो सर्किल रेट होंगी।

## मां दुर्गा बजरंगबली शक्ति पीठ पर विशाल भण्डारे का हुआ आयोजन



**भोगांव, समृद्धि न्यूज।** नगर के बस स्टैण्ड चौराहा के निकट स्थित मां दुर्गा बजरंगबली शक्ति पीठ पर दूसरा विशाल भण्डारे का आयोजन किया जिसमे हजारों की संख्या मे लोगों ने भाग लिया। बुधवार को नगर के बस स्टैण्ड के समीप स्थित मन्दिर पर समिति के चन्द्रप्रकाश मिश्रा, दिनेश गुप्ता, रामबाबू, नरेश, रूपा गुप्ता, संजय कुमार, वरून गुप्ता, रमेश चन्द्र, कलक्टर सिंह, राजेन्द्र प्रसाद, सुनील राजपूत, राजपाल राठौर, हरिओम यादव, विवेक दीक्षित, पिंकी पाण्डेय, धर्मेन्द्र कश्यप, लाला कचौडी बाले, मजीत यादव, उपेन्द्र यादव, आशीष कुमार, राहुल कुमार, कन्हैया कुमार, लालू यादव, सुधीर कुमार की टीम ने मन्दिर परिसर मे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर भण्डारे का शुभारम्भ किया। भण्डारे मे समाचार लिखे जाने तक हजारो की संख्या मे लोग प्रसाद गृहण कर चुके थे।

# मौनी अमावस्या के अमृत स्नान पर हजारों विदेशी भक्त लगाएंगे पावन त्रिवेणी में पुण्य की डुबकी

▸ शांति, मुक्ति व सद्भाव की त्रिवेणी प्रवाहित कर रहा सनातन का गर्व महाकुंभ

समृद्धि न्यूज

**महाकुम्भ मगर ।** महाकुम्भ में 29 जनवरी को होने जा रहे मौनी अमावस्या के अमृत स्नान में पुण्य की डुबकी लगाने के लिए 10 करोड़ लोगों के पावन त्रिवेणी के तट पर पहुंचने का अनुमान है। इस पुण्य और पावन अवसर का भागीदार बनने के लिए कई देशों से विदेशी भक्त और श्रद्धालु भी महाकुम्भ नगर आ रहे हैं।

आगामी 29 जनवरी को मौनी अमावस्या में होने वाला अमृत स्नान प्रयागराज महाकुम्भ में श्रद्धालुओं के सैलाब को लेकर नया कीर्तिमान दर्ज करने जा रहा है। प्रशासन के दावे के मुताबिक इस स्नान पर्व में 7 से 10 करोड़ के बीच श्रद्धालुओं और पर्यटकों के महाकुम्भ पहुंचने का अनुमान है जिसे लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। प्रशासन के साथ साथ साधु संतों के शिविरों में भी इस पावन अवसर पर अमृत स्नान के लिए आने वाले भक्तों के लिए व्यवस्था की जा रही है। श्री पंच दशनाम जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर स्वामी शैलेशानंद गिरी बताते हैं कि अकेले उनके शिविर में इस पुण्य पर्व पर फ्रांस, इटली, जापान और रूस से 5000 से अधिक विदेशी भक्तों के लिए व्यवस्था की जा रही है। पायलट बाबा के ये सभी भक्त 24 जनवरी से आना शुरू हो जाएंगे। मुक्ति और पुण्य अर्जित करने की आस लेकर आ रहे ये भक्त त्रिवेणी में अमृत स्नान करेंगे।



### पंचकोसी परिक्रमा करने से महाकुभ में आने वाले श्रद्धालुओं को होती है शुभ फलों की प्राप्ति

**महाकुम्भ नगर ।** प्रयागराज की ऐतिहासिक पंचकोसी परिक्रमा यात्रा में तीसरे दिन बुधवार को हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। बड़ी संख्या में युवा भी यात्रा में शामिल हुए। जूना अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक एवं अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री श्रीमहंत हरि गिरि महाराज के दिशा निर्देशन व नेतृत्व में निकली पंचकोसी परिक्रमा यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। तीसरे दिन संगम स्नान के साथ यात्रा का शुभारम्भ हुआ। यमुन पार के लालापुर स्थित प्राचीन मनकामेश्वर महादेव के दर्शन.पूजन के बाद बीकर गांव में पद्म माधव का दर्शन-पूजन किया गया। सुजावन देव मंदिर में दर्शन-पूजन के बाद पर्णास मुनि के आश्रम में महर्षि वाल्मीकि, पर्णास ऋषि व ज्वाला देवी का दर्शन.पूजन हुआ। ज्वाला देवी दर्शन-पूजन के बाद संगम तट पर त्रिवेणी मार्ग स्थित दत्तात्रेय शिविर में यात्रा ने रात्रि विश्राम किया। श्रीमहंत हरि गिरि महाराज ने कहा कि पंचकोसी परिक्रमा का बहुत अधिक महत्व है। परिक्रमा करने से महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं को शुभ फलों की प्राप्ति होती है और जीवन में हमेशा सुख समृद्धि रहती है। जगद्गुरु शंकराचार्य सुमेरूमठ काशी स्वामी नरेंद्रानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि पंचकोसी परिक्रमा करने से पांच विकार. काम, क्रोध, मोह, मद और लोभ से मुक्ति मिलती है।

## राष्ट्रपति को भारत स्काउट्स व गाइड्स के डायमंड जुबली जंबूरी का मिला आमंत्रण

**नई दिल्ली।** भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के मुख्य राष्ट्रीय आयुक्त डॉ. कृष्ण कुमार खंडेलवाल ने बुधवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को भारत स्काउट्स और गाइड्स के डायमंड जुबली जंबूरी के लिए मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया। यह आयोजन 28 जनवरी से 3 फरवरी तक तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली के मणप्पाराई स्थित एसआईपीसीओटी इंडस्ट्रियल पार्क में आयोजित किया जाएगा। हरियाणा के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी (सेवानिवृत्त) डॉ. केके खंडेलवाल ने कहा कि डायमंड जुबली जंबूरी भारत स्काउट्स और गाइड्स के 75 गौरवशाली वर्षों का जश्न मनाने वाले वर्षभर के आयोजनों का प्रमुख हिस्सा है। देशभर के लगभग 20,000 स्काउट्स और गाइड्स के साथ-साथ एशिया-प्रशांत क्षेत्र और अन्य देशों के एक हजार अंतरराष्ट्रीय प्रतिभागियों को एक साथ लाएगा। सशक्त युवा, विकसित भारत थीम पर आधारित यह कार्यक्रम युवा सशक्तीकरण, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और नेतृत्व विकास का उत्सव मनाएगा और वसुधैव कुटुंबकम की शाश्वत भावना को दर्शाएगा। उन्होंने बताया कि हरियाणा से 875 स्काउट्स और गाइड्स इस जंबूरी में भाग ले रहे हैं।

# ऋण वितरण के लक्ष्यों की पूर्ति में रुचि लें अफसर

समृद्धि न्यूज



**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने जिला स्तरीय समीक्षा समिति, बैंकर्स की बैठक की समीक्षा के दौरान कहा कि गत माह के सापेक्ष बैंकर्स ने ऋण जमानुपात सुधारने की दिशा में कार्य किया है, जनपद का सी.डी. रेशियो 76.54 प्रतिशत है, जो काफी बेहतर है लेकिन गत माह आर्यावर्त, ग्रामीण बैंक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा, आई.डी.बी.आई. बैंक के ऋण जमानुपात में कमी आई है।

उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि बैंकर्स द्वारा फसली ऋण, कृषि ऋण वितरण के लक्ष्यों की पूर्ति में रुचि नहीं ली जा रही है, फसली ऋण के निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया द्वारा मात्र 6.98 प्रतिशत, पंजाब नेशनल बैंक द्वारा मात्र 15.07 प्रतिशत, जिला सहकारी बैंक द्वारा 24.23 प्रतिशत, इंडियन बैंक द्वारा 24.72 प्रतिशत, बैंक ऑफ़इंडिया द्वारा 24.89 प्रतिशत, कृषि ऋण में बैंक ऑफ़ महाराष्ट्र द्वारा मात्र 05.81 प्रतिशत, बैंक ऑफबडौदा द्वारा 07.24 प्रतिशत, यूको बैंक द्वारा 18.87 प्रतिशत, पंजाब नेशनल बैंक द्वारा 22.40 प्रतिशत, इंडियन बैंक द्वारा 25.32 प्रतिशत की पूर्ति की गई है कमोवेश यही स्थिति टर्म लोन, एम.एस.एम.ई., अन्य प्राथमिकता वाले विकास कार्यक्रमों में है जो निराशाजनक है। उन्होंने बैंकर्स को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने-अपने लक्ष्यों की पूर्ति करें, प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों में प्राथमिकता पर ऋण उपलब्ध करायें।

सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत भेजी गई पत्रावलियों पर सी.सी.एल. का लाभ मिले ताकि समूह की महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत, स्वावलंबी बन सकें, बैंकर्स जनहित में कार्य करें, शासन की जन-कल्याणकारी, लाभार्थीपरक योजनाओं में प्राथमिकता पर ऋण उपलब्ध कराएं, ऋण-वितरण में बैंकर्स विलंब न करें, स्वीकृत पत्रावलियों पर तत्काल ऋण उपलब्ध कराया जाए। उन्होने मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना की समीक्षा करने पर पाया कि वार्षिक लक्ष्य 106 के सापेक्ष 282 पत्रावलियां प्रेषित की गयीं, जिसमें से 90 स्वीकृत कर 75 पर ऋण-वितरण किया गया, जबकि 73 पत्रावलियां स्वीकृत हेतु लंबित हैं, 119 पत्रावलियां बैंकों द्वारा वापस की गयीं हैं, एक जनपद-एक उत्पाद योजना में वार्षिक लक्ष्य 31 के सापेक्ष विभिन्न बैंकों को 137 पत्रावलियां प्रेषित की गयीं, जिसमें से बैंकर्स द्वारा 51 पत्रावलियां स्वीकृत कर 40 पर ऋण वितरण किया जा चुका है, अभी बैंकों में 29 पत्रावलियां स्वीकृत हेतु लंबित हैं, कमोवेश यही स्थिति मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के अन्तर्गत वार्षिक लक्ष्य 36 के सापेक्ष 86 पत्रावलियां बैंकों को प्रेषित की गयीं, जिसमें से 15 पत्रावलियां स्वीकृत कर 08 पर ऋण-वितरण किया गया, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन में 3350 लक्ष्य के सापेक्ष 3455 पत्रावलियां प्रेषित हुयीं, जिसमें से 2815 पत्रावलियों को स्वीकृत कर 2667 पत्रावलियों पर सीसीएल वितरण किया जा चुका है, अभी बैंकों में 614 पत्रावलियां स्वीकृत हेतु अवशेष हैं।